

सूर्योदय प्रातः 5:04 | सूर्यास्त संध्या 6:28 | पखवाड़ा ज्येष्ठ शु . नवमी, संवत 2083 | तापमान अधिकतम $38^{0}$ न्यूनतम $27^{0}$

# फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित



रांची, सोमवार, 25 मई 2026, वर्ष : 17, अंक : 100, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : https://epaper.avnpost.in/editions


**शेयर बाजार**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 75,415.35 | 231.99 (0.31%) |
| निफ्टी | 23,719.30 | 64.60 (0.27%) |

**सर्राफा बाजार** (प्रति 10 ग्राम)

| | |
|---|---|
| सोना (24 carat) | 1,54,670.00 |
| चांदी | 2950.00 |

## एक झलक

### डीआरआई ने 6.93 करोड़ का गांजा किया जब्त

**वाराणसी :** राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) के विकसित एक विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर डीआरआई के अधिकारियों ने रविवार को वाराणसी में लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर बैंकॉक से वाराणसी आई फ्लाइट संख्या IX-215 से पहुंचे दो यात्रियों को रोककर तलाशी ली। दोनों यात्रियों के सामान की जांच के दौरान कई पैकेट में एक हरे रंग का गांठदार, तेज गंध वाला पदार्थ मिला, जो फील्ड परीक्षण करने पर गांजा पाया गया।

### तकनीकी खराबी आने पर विमान को खेत में उतारा

**अलीगढ़ :** उत्तर प्रदेश में अलीगढ़ जिले के धनीपुर हवाई अड्डे से उड़ान भरने वाले एक प्रशिक्षु विमान में अचानक तकनीकी खराबी आने के बाद पायलट ने सूझबूझ से विमान को क खेत में उतार दिया। पायलट और प्रशिक्षु छात्र दोनों सुरक्षित हैं। सूचना मिलते ही अधिकारी मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। एडीएम सिटी ने बताया कि ट्रेनी एयरक्राफ्ट (वीटी-पीएफबी) ने धनीपुर हवाई अड्डे से उड़ान भरी थी। आसमान में पहुंचते ही विमान में अचानक तकनीकी खराबी आ गयी। तुरंत उसकी लैंडिंग अलीगढ़ के एक खेत में करायी गयी।

## अंदर के पन्नों पर


3 अर्थव्यवस्था, तकनीक, स्वास्थ्य व ग्रामीण विकास...

5 मजदूर नेता व पूर्व मंत्री स्वर्गीय राजेन्द्र प्रसाद सिंह ...

7 बकरीद को लेकर मनिका थाना में शांति समिति की...

9 निवेशकों को मिलेगा भरोसा, उद्योग नीति में होगा सुधार...

10 राजस्थान प्लेऑफ में पहुंची मुम्बई को 30 रनों से हराया...


## कार्टून कोना




### अमेरिकी विदेश मंत्री के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता में भारतीय विदेश मंत्री की दो टूक

# संघर्ष नहीं, कूटनीति का समर्थक है भारत

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** भारत ने एक बार फिर स्पष्ट किया है कि वह संघर्ष के बजाय बातचीत और कूटनीति का समर्थक है। भारत सुरक्षित और निर्बाध समुद्री व्यापार, अंतरराष्ट्रीय कानूनों के सम्मान, विश्वसनीय सप्लाई चेन और वैश्विक आर्थिक स्थिरता पर जोर देता है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि भारत संसाधनों और बाजार हिस्सेदारी को हथियार की तरह इस्तेमाल किये जाने के खिलाफ है।

विदेश मंत्री एस. जयशंकर और उनके अमेरिकी समकक्ष मार्को रुबियो के बीच रविवार को प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता हुई। इसमें भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने पर जोर दिया गया। इसके बाद संयुक्त प्रेस वार्ता में जयशंकर ने कहा कि भारत अपनी 140 अरब की आबादी की ऊर्जा जरूरत के प्रति समर्पित है और विविध स्रोतों से किफायती ईंधन खरीदने का पक्षधर है। साथ ही, वैश्विक संघर्षों के बीच रक्षा क्षेत्र सहित विभिन्न क्षेत्रों में 'मेक इन इंडिया' की नीति को विशेष महत्त्व देता है।

जयशंकर ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच सहयोग लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि अमेरिकी पक्ष की भारत के साथ वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। दोनों विदेश मंत्रियों के बीच पश्चिम एशिया, पूर्वी एशिया और खाड़ी क्षेत्र की स्थिति पर विचार-विमर्श हुआ है। जयशंकर ने दोनों देशों के बीच जल्द अंतरिम ● शेष पृष्ठ 11 पर



■ वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए मिलकर काम कर रहे भारत-अमेरिका : मार्को रुबियो

■ भारत और अमेरिका के बीच सहयोग लगातार बढ़ रहा : एस. जयशंकर

### अमेरिकी विदेश मंत्री आज आगरा में करेंगे ताजमहल का दीदार



**अमेरिकी** विदेशमंत्री मार्को रूबियो सोमवार को ताजमहल का दीदार करेंगे। वह सोमवार को विशेष वायुयान से आगरा पहुंचेंगे। रूबियो भारत की चार दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर हैं। वह शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सेवा तीर्थ में मुलाकात कर चुके हैं। अमेरिकी विदेशमंत्री का भारत दौरा पश्चिम एशिया में चल रहे तनाव एवं वैश्विक घटनाक्रमों के बीच महत्त्वपूर्ण माना जा रहा है। बताया गया है कि रूबियो सोमवार को वायुसेना के खेरिया स्थिति ● शेष पृष्ठ 11 पर

# बंगाल में ममता का आखिरी किला ढहा

■ फलता में भाजपा की एक लाख वोटों से ऐतिहासिक जीत



एजेंसी

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल की फलता विधानसभा सीट पर हुए पुनर्मतदान में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बड़ी जीत दर्ज करते हुए तृणमूल कांग्रेस के मजबूत गढ़ को ध्वस्त कर दिया। भाजपा प्रत्याशी देबाशीष पांडा ने एक लाख से अधिक वोटों के भारी अंतर से जीत हासिल की। इस परिणाम को राज्य की राजनीति में बड़े बदलाव के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। चुनाव परिणाम आने के बाद मुख्यमंत्री शुभेन्दु अधिकारी ने इसे तृणमूल कांग्रेस के पतन की शुरुआत बताते हुए पार्टी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि फलता की जनता ने वर्षों बाद स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान कर लोकतंत्र को पुनर्स्थापित किया है।

उपचुनाव के दौरान सबसे ज्यादा चर्चा तृणमूल कांग्रेस के प्रत्याशी जहांगीर खान को लेकर रही। मतदान से दो दिन पहले उन्होंने चुनाव मैदान छोड़ने का एलान कर दिया था। इसके बाद भाजपा की जीत लगभग तय मानी जा रही थी। मुख्यमंत्री शुभेन्दु अधिकारी ने प्रचार के अंतिम दिन भाजपा प्रत्याशी को एक लाख वोटों से जिताने का लक्ष्य रखा था। मतगणना के 18 राउंड तक भाजपा उम्मीदवार करीब 92 हजार वोटों से आगे चल रहे थे, जबकि अंतिम जीत का अंतर एक लाख आठ हजार से अधिक पहुंच गया। सबसे चौंकानेवाली बात यह रही कि पिछले लोकसभा चुनाव में इसी क्षेत्र से तृणमूल कांग्रेस को करीब 1.70 लाख वोटों की बढ़त मिली थी, लेकिन इस उपचुनाव में पार्टी उम्मीदवार को महज साढ़े पांच हजार के आसपास वोट मिले। ● शेष पृष्ठ 11 पर

### अजीत डोभाल से मिले अमेरिकी विदेश मंत्री

**नयी दिल्ली :** अमेरिका के विदेश मंत्री और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार मार्को रूबियो ने रविवार को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच रक्षा, सुरक्षा और रणनीतिक प्रौद्योगिकी सहयोग पर विस्तृत चर्चा हुई। वार्ता में विशेष रूप से 'ट्रस्ट' पहल से जुड़े सहयोग को आगे बढ़ाने पर जोर दिया गया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि दोनों राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों ने भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को उच्च प्राथमिकता देने की प्रतिबद्धता दोहरायी।

## झारखंड प्रशासनिक सेवा के 81 अधिकारियों का तबादला

■ कई प्रतीक्षारत की हुई पोस्टिंग, बदले गये एसडीओ-डीटीओ और एलआरडीसी

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची :** झारखंड सरकार ने राज्य प्रशासनिक सेवा के 81 अधिकारियों का तबादला-पदस्थापन किया है। कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग में अधिसूचना जारी कर दी है। पलामू के डीटीओ जितेन्द्र कुमार यादव को मानगो नगर निगम का अपर नगर आयुक्त बनाया गया है। सरायकेला खरसावां के डीटीओ गिरिजा शंकर महतो को सिमडेगा में अपर समाहर्ता की जिम्मेदारी दी गयी है। गुमला के डीटीओ ज्ञान शंकर जायसवाल निदेशक प्रशासन, गृह (कारा) निदेशालय बनाये गये हैं। गोड्डा के भूमि सुधार उप समाहर्ता रितेश जायसवाल को झारखंड संयुक्त प्रतियोगिता ● शेष पृष्ठ 11 पर

## इबोला संकट से निपटने के लिए भारत ने अफ्रीका को भेजी चिकित्सा सहायता की पहली खेप



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** भारत सरकार ने अफ्रीका में तेजी से फैल रहे इबोला जन स्वास्थ्य आपातकाल से निपटने के लिए मानवीय सहायता के तहत चिकित्सा सामग्री और सुरक्षा किटों की पहली खेप रविवार को रवाना कर दी। यह सहायता अफ्रीका रोग नियंत्रण और रोकथाम केन्द्र (अफ्रीका सीडीसी) को भेजी गयी है।

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जानकारी साझा करते हुए कहा कि भारत उभरते इबोला जन स्वास्थ्य आपातकाल से निपटने में अफ्रीकी देशों के साथ पूरी मजबूती से खड़ा है। उन्होंने कहा, 'इबोला संकट से निपटने में अफ्रीका का समर्थन करने के लिए हम पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।'

भारत द्वारा भेजी गयी इस सहायता में चिकित्सा उपयोग की आवश्यक सामग्री, सुरक्षा उपकरण और स्वास्थ्यकर्मियों के लिए विशेष सुरक्षा किट शामिल हैं। इन संसाधनों का उपयोग प्रभावित क्षेत्रों में संक्रमण नियंत्रण, मरीजों की देखभाल और स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए किया जायेगा।

अफ्रीका के कई हिस्सों में इबोला संक्रमण के बढ़ते मामलों को देखते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सहयोग और संसाधनों की आवश्यकता ● शेष पृष्ठ 11 पर

## तकनीकी दिक्कतें दूर करने के लिए आईआईटी विशेषज्ञों की टीम तैनात होगी : धर्मेन्द्र प्रधान

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) परीक्षा परिणाम के बाद पुनर्मूल्यांकन सेवाओं से जुड़े पोर्टल में आ रही तकनीकी समस्याओं को दूर करने के लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास और आईआईटी कानपुर के विशेषज्ञों की टीम तैनात करने के निर्देश दिये हैं। केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय के अनुसार, यह निर्णय छात्रों और अभिभावकों की ओर से सीबीएसई के पोस्ट रिजल्ट सर्विस पोर्टल को लेकर जतायी गयीं चिन्ताओं और तकनीकी चुनौतियों की शिकायतों के बाद लिया गया है। मंत्रालय ने बताया कि आईआईटी के प्रोफेसरों और तकनीकी विशेषज्ञों की टीम इस वर्ष पुनर्मूल्यांकन सेवाओं की घोषणा के बाद सामने आयीं सभी तकनीकी गड़बड़ियों की जांच करेगी। टीम प्रणाली और तकनीकी कार्यप्रवाह में सुधार के लिए आवश्यक उपाय लागू करेगी। विशेषज्ञों की टीम पोर्टल की स्थिरता और सर्वर प्रदर्शन की भी समीक्षा करेगी।

### बारामूला में भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद

**बारामूला :** उत्तरी कश्मीर में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता मिली है। बारामूला जिले के नीलसर कंडी इलाके में संयुक्त अभियान के दौरान आतंकवादियों के संदिग्ध ठिकाने से भारी मात्रा में विस्फोटक गोला-बारूद बरामद किया गया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर बारामूला पुलिस, 52 राष्ट्रीय राइफल्स और सीआरपीएफ ने इलाके में संयुक्त अभियान चलाया। इस दौरान दौरान सुरक्षाबलों ने 14 राउंड ओजी-7वी रॉकेट प्रोपेल्ड ग्रेनेड (आरपीजी) और 9 राउंड पीजी-7पी रॉकेट प्रोपेल्ड ग्रेनेड (आरपीजी) बरामद किये।






# केन्द्र सरकार लीगल मेट्रोलॉजी नियमों में करेगी संशोधन



■ पेट्रोल, डीजल, सीएनजी, एलएनजी, हाइड्रोजन के डिस्पेंसर पर बड़ा निर्णय

■ जांच और पुनः सत्यापन व्यवस्था को मजबूत करने का फैसला, जीएटीसी के दायरे में लाया गया

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** केन्द्र सरकार ने पेट्रोल, डीजल, सीएनजी, एलपीजी, एलएनजी और हाइड्रोजन डिस्पेंसर (ईंधन भरने की मशीनें) की जांच और पुनः सत्यापन व्यवस्था को मजबूत करने के लिए बड़ा फैसला लिया है। सरकार ने लीगल मेट्रोलॉजी नियमों में संशोधन कर इन ईंधन डिस्पेंसर को सरकार से अनुमोदित परीक्षण केन्द्र (जीएटीसी) व्यवस्था के दायरे में शामिल किया है। इससे ईंधन माप प्रणाली की सटीकता और पारदर्शिता बढ़ेगी।

केन्द्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के अंतर्गत उपभोक्ता मामले विभाग ने लीगल मेट्रोलॉजी (सरकार से अनुमोदित परीक्षण केन्द्र) नियम, 2013 में संशोधन की अधिसूचना जारी की है। अधिसूचना के अनुसार, संशोधन के तहत अब पेट्रोल-डीजल, सीएनजी, एलपीजी, एलएनजी और हाइड्रोजन डिस्पेंसरों की जांच तथा पुनः सत्यापन भी जीएटीसी के माध्यम से किया जा सकेगा। इसके साथ ही जीएटीसी के तहत सत्यापन योग्य उपकरणों की कुल संख्या बढ़ कर 23 हो गयी है।

सरकार ने कहा कि देश में स्वच्छ ईंधनों के उपयोग में लगातार वृद्धि हो रही है। ऐसे में सीएनजी, एलएनजी और हाइड्रोजन डिस्पेंसर को इस ढांचे में शामिल करने से ईंधन आपूर्ति में सटीकता सुनिश्चित होगी और उपभोक्ताओं को पारदर्शी सेवाएं मिल सकेंगी। इससे स्वच्छ ईंधन अवसंरचना को भी मजबूती मिलेगी।

मंत्रालय के अनुसार, सरकार से अनुमोदित परीक्षण केन्द्र ऐसे संस्थान हैं, जिनके पास माप एवं तौल उपकरणों की जांच और पुनः सत्यापन के ● शेष पृष्ठ 11 पर

## एक झलक

### झारखंड से राज्यसभा भेजे जायें राजेन्द्र प्रसाद : मूलवासी सदान मोर्चा



**रांची** : मूलवासी सदान मोर्चा ने झारखंड से राज्यसभा की एक सीट पर वरिष्ठ झारखंड आंदोलनकारी एवं मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद को सर्वसम्मति से भेजने की मांग की है। मोर्चा की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि राजेंद्र प्रसाद एक ईमानदार और साफ–सुथरी छवि के नेता हैं, जिन्होंने हमेशा सदानों और झारखंडियों के हक–अधिकार की लड़ाई मजबूती से लड़ी है। विज्ञप्ति में बताया गया कि झारखंड से राज्यसभा की दो सीटें खाली हो रही हैं और वर्तमान राजनीतिक संख्या बल को देखते हुए केवल दो प्रत्याशियों के निर्वाचित होने की संभावना है। ऐसे में जेएमएम, कांग्रेस और भाजपा से अपील की गई है कि दो सीटों में से एक सीट पर सर्वसम्मति बनाकर राजेंद्र प्रसाद को राज्यसभा भेजा जाए। मोर्चा ने कहा कि उनके उच्च सदन में पहुंचने से झारखंड के जल, जंगल, जमीन तथा सदान–आदिवासी समाज से जुड़े मुद्दे राष्ट्रीय स्तर पर प्रभावी ढंग से उठाए जा सकेंगे। इसे झारखंड की जनता के हित में एक महत्वपूर्ण कदम बताया गया है।

### बकरीद पर्व के मद्देनजर रामगढ़ पुलिस केन्द्र में किया गया मॉक ड्रिल



**रामगढ़** : बकरीद पर्व को लेकर रामगढ़ पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सजग है। पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु हर जरूरी प्रयास किए जा रहे हैं। इस क्रम में रामगढ़ पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुनायत के निर्देश पर रविवार को पुलिस केंद्र रामगढ़ में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। जिसमें जिला पुलिस बल और जैप के जवानों ने आपातकालीन स्थिति से निबटने के लिए अभ्यास किया। इस दौरान दंगाई भीड़ को सर्वप्रथम पुलिस ने चेतावनी दी। भीड़ के उग्र होने पर जवानों द्वारा लाठीचार्ज किया गया, जिससे भीड़ तितर–बितर हो गई। कई दंगाईयों को हिरासत में भी लिया गया। सार्जेंट मेजर मंटू यादव और रामगढ़ थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडेय की देखरेख में मॉक ड्रिल सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### मंडा पूजा और बकरीद हर्षोल्लास से मनाने को लेकर चैनगड्डा में हुई बैठक



**रामगढ़** : मंडा पूजा और बकरीद पर्व को सौहार्द्र माहौल में मनाने के मद्देनजर एकता समिति चैनगड्डा द्वारा रविवार को दुर्गा मंदिर परिसर में बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता बालेश्वर महतो और संचालन बिट्टू महतो ने किया। अवसर पर दोनों समुदाय के स्थानीय गणमान्य लोग शामिल हुए। मौके पर 6 और7 जून मंडा पूजा और दुसरे समुदाय के 28 मई को बकरीद पर्व सौहार्द पूर्ण माहौल में मनाने को लेकर चर्चा की गई। मौके पर इमामुल अंसारी, रूस्तम अंसारी, भागीरथ महतो, मनवर आलम, भीम महतो, शिवनारायण बेदिया, राजेश्वर बेदिया, विरशेन अग्रवाल,हरिलाल महतो , तालेश्वर महतो, संजय महतो,राजेन्द्र महतो , महादेव बेदिया, राजेन्द्र बेदिया,भरतलाल महतो,संदिप टोप्पो, अताउल्लाह अंसारी, मिथलेश तुरी, दीपक तुरी,बिटू महतो, संतोष करमाली, सराफत अंसारी, सुर्जनाथ महतो,नरेश बेदिया,समिम ईराकी, अमान अंसारी, बिजय महतो सहित स्थानीय लोग मौजूद थे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने नये थाना प्रभारी का किया स्वागत



**बेड़ो** : भारतीय जनता पार्टी बेड़ो मंडल द्वारा रविवार को मंडल अध्यक्ष बलराम सिंह के नेतृत्व में मंडल के कार्यकताओं ने बेड़ो थाना के नए थाना प्रभारी कफील अहमद से शिष्टाचार भेंट कर पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। मौके पर नरकोपी मंडल महामंत्री राजेश कुमार, गणेश महथा, अमीन अंसारी, आदित्य ताम्रकार सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## डालसा सचिव ने किया प्रोबेशन होम का निरीक्षण

# खाने की गुणवत्ता व साफ-सफाई की हुई जांच



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची** : न्यायमूर्ति-सह-कार्यपालक अध्यक्ष, झालसा सुजीत नारायण प्रसाद के दिशा-निर्देश पर एवं सदस्य सचिव झालसा, कुमारी रंजना अस्थाना एवं न्यायायुक्त, रांची अनिल कुमार मिश्रा-1 के मार्गदर्शन में तथा डालसा सचिव राकेश रौशन स्वयं प्रोबेशन होम का औचक निरक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रोबेशन होम में कुल 26 महिलाएं एवं बच्चियां थी सभी से एक-एक करके बातचीत की। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि 18 साल से उपर कुल 20 महिलाएं प्रोबेशन होम में रह रही है, जिसमें से कुछ महिलाएं मानसिक रूप से बीमार है, उन सभी लोगों का लिस्ट डालसा सचिव ने प्रोबेशन ऑफिसर से मांग की है, जिससे उन्हें संबंधित अस्पताल में ईलाज हेतु भेजा जायेगा। इसके अलावा निरीक्षण में यह भी पाया गया कि कुछ महिलाओं को उनके घरवाले छोड़कर चले गये है, उनका घर का पूरे पते के साथ लिस्ट मांगा गया है, जिससे उन महिलाओं को उनके घर तक पहुंचाने की कार्रवाई की जायेगी। आगे निरीक्षण के दौरान यह भी पाया गया कि कुछ बच्चियों का पढ़ाई एक साल से छुटा हुआ है उनका भी लिस्ट की मांग की गई है, जिससे की उन बच्चियों को आगे की पढ़ाई हेतु उचित कार्रवाई की जायेगी। इसके अलावा निरीक्षण के क्रम में खाने की गुणवत्ता एवं साफ-सफाई की भी जांच की गयी। आगे डालसा टीम के द्वारा प्रोबेशन होम में लगे कैमरे की जांच की गई, जिसमें सभी कैमरा सही पाया गया। डालसा के टीम में डालसा सचिव राकेश रौशन एवं डिप्टी एलएडीसी राजेश कुमार सिन्हा शामिल थे।

## पद्मश्री मुकुंद नायक से मिली घासी (नायक) समाज युवा कल्याण संगठन की प्रदेश टीम



**विकास और संस्कृति संरक्षण पर हुई सार्थक चर्चा**

**रांची** : घासी (नायक) युवा टीम' के सदस्यों ने विख्यात लोक कलाकार और पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित आदरणीय मुकुंद नायक जी से शिष्टाचार मुलाकात की। इस विशेष बैठक के दौरान युवा टीम ने उनका आशीर्वाद लिया और समाज के विभिन्न ज्वलंत विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। मुलाकात के दौरान पद्मश्री मुकुंद नायक जी ने युवाओं के उत्साह की सराहना की और उन्हें समाज निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि युवा ही समाज की असली पूंजी हैं, और यदि युवा शक्ति सही दिशा में कार्य करे तो एक सशक्त और समृद्ध समाज का निर्माण निश्चित है। इसके साथ ही उन्होंने अपनी समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर और लोक कला को संजोए रखने में युवाओं की भूमिका पर भी बल दिया। 'नायक युवा टीम' के प्रतिनिधियों ने मुकुंद नायक जी को समाज के उत्थान और युवाओं को सही दिशा दिखाने के लिए किए जा रहे अपने प्रयासों से अवगत कराया। टीम के सदस्यों ने कहा श्पद्मश्री मुकुंद नायक जी से मुलाकात करना हमारे लिए अत्यंत गौरव का क्षण है। उनका मार्गदर्शन और आशीर्वाद हमें समाज सेवा के मार्ग पर और अधिक ऊर्जा के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देगा।

## एनटीपीसी मजदूर यूनियन ने मजदूरों की समस्याओं पर की चर्चा



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**पतरातू** : एनटीपीसी मजदूर यूनियन एटक पीवीयूएनएल शाखा पतरातू की साप्ताहिक बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता भाकपा अंचल सचिव सह एनटीपीसी मजदूर यूनियन एटक शाखा सचिव कामरेड मनोज कुमार महतो के द्वारा किया गया। बैठक में मजदूरों की समस्याओ और स्थानीय युवाओं को पीवीयूएनएल मे रोजगार को लेकर चर्चा किया गया वही कामरेड मनोज कुमार महतो ने कहा कि पीवीयूएनएल पतरातू में भेल के द्वारा संचालित जितने भी कंपनियां है उसमें अधिकतर कंपनियां मजदूरों को जब चाहे तब काम से निकाल दे रही है एवं बिना फूल और फाइनल सेटलमेंट दिए ही मजदूरों को जब चाहे तब काम से बैठा दे रही है साथ ही बहुत से एजेंसियों के द्वारा मजदूरों को इपीएफ का भुगतान नहीं कर रही है एवं न्यूनतम मजदूरी भी नहीं दे रही हैअगर भेल के द्वारा संचालित कंपनियां आने वाले दिनों में अपने कार्यशैली में सुधार नहीं करती है तो यूनियन भेल प्रबंधन के खिलाफ आंदोलन करेगी एवं यूनियन मजदूरों के समस्याओं को लेकर पीवीयूएनएल प्रबंधन एवं भेल प्रबंधन को एक मांग पत्र देगी बैठक में मनोज कुमार महतो, मनोज पाहन, नरेश बेदिया, प्रदीप सिंह, विक्की कुमार, किशोर कुमार महतो, दिनेश महतो, चंदन कुमार, आनंद सिंह, जोगिंदर सिंह, राजेश मांझी, संतोष मांझी, सुनील कुमार, विकास कुमार आदि।

## थाना परिसर में बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**अनगड़ा** : ईद उल जोहा (बकरीद) पर्व को लेकर शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में कराने को लेकर शनिवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता सिल्ली पुलिस उपाधीक्षक मनीष चंद्र लाल ने की संचालन थानेदार गौतम कुमार रजवार ने की। बैठक में संबोधन करते हुए डीएसपी ने कहा कि ईद उल जोहा (बकरीद) आपसी प्रेम, भाईचारगी और सौहार्द का त्योहार है सभी मिल जुलकर शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं और किसी भी प्रकार की अफवाओं पर ध्यान न दें। साथ ही कहा कि इस बकरीद पर क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी नजर रहेगी।थानेदार गौतम कुमार रजवार ने भी कहा कि लोगों से प्रशासन का सहयोग करने एवं क्षेत्र में अमन - चैन बनाए रखने की अपील की साथ की कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाओं की जानकारी तुरंत पुलिस प्रशासन को सूचना दें। इस बैठक में जनप्रतिनिधि, राजनीतिक और सामाजिक व्यक्ति शामिल हुए जिला परिषद सदस्य अनुराधा मुंडा, नीलकंठ चौधरी, रामसाय मुंडा, बीरेंद्र सिंह भोगता, मदारी चौधरी, अब्दुल इमाम अंसारी, मुमताज खान, आलम अंसारी, मुखिया कृष्णा मुंडा, राजेंद्र महतो, पुशनाथ मुंडा, जय शंकर मुंडा, शिबू मुंडा, कुंती देवी, शाहनवाज खान,सलीम अंसारी सहित थाना के अधिकारी भी मौजूद थे।

## किसी भी योग्य व्यक्ति का नाम वोटर लिस्ट से छूटे नहीं : जुबैर

**खूंटी** : आगामी निर्वाचन को देखते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद की अध्यक्षता में रविवार को बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) और मतदाता सूची से संबंधित मुद्दों पर बैठक हुई। बैठक में पार्टी कार्यकर्ताओं को मतदाता सूची के प्रति जागरूकता बढ़ाने और यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया कि किसी भी योग्य व्यक्ति का नाम वोटर लिस्ट से छूटने न पाए। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद ने कहा कि लोकतंत्र में मतदान का अधिकार बेहद महत्वपूर्ण है। ऐसे में हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल होना जरूरी है। उन्होंने झामुमो कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि वे गांव-गांव और घर-घर जाकर लोगों को मतदाता सूची की जांच कराने, नाम जोड़ने और आवश्यक सुधार की प्रक्रिया की जानकारी दें, ताकि भविष्य में किसी भी व्यक्ति को मतदान के दौरान परेशानी का सामना न करना पड़े।

## बेड़ो के बूथों पर दूसरे दिन भी मतदाताओं ने करायी मैपिंग



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**बेड़ो** : विशेष गहन पुनरीक्षण से पहले चल रहे मैपिंग अभियान के दूसरे दिन रविवार को प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों के मतदान केंद्रों पर मतदाता पहुंच रहे है। वहीं अनमैप्ड सूची में नाम देखकर लोगों ने अपने-अपने बूथों पर बीएलओ से संपर्क कर मैपिंग प्रक्रिया पूरी कराई। जहां बेड़ो के राजकीय मध्य विद्यालय बेड़ो बालक के तीनों बूथों पर सुबह 10 बजे से ही लोग दस्तावेज लेकर पहुंचने लगे। बूथ नं. 253, 254 और 255 में कुल 1175 अनमैप्ड मतदाताओं में कई लोगों ने दूसरे दिन मैपिंग कराई। सरस्वती देवी,शैलयानी धान, रुणा एक्का,अरुण कुमार साहू, बूथों पर मौजूद रहे। उन्होंने दस्तावेज जांचकर तुरंत 2003 की वोटर लिस्ट से मैपिंग की। इधर सहायक निर्वाचन पदाधिकारी सह सीओ राज कुंवर सिंह ने बताया कि दो दिन के विशेष कैंप का उद्देश्य शत-प्रतिशत मैपिंग था। मिली सूचनानुसार बेड़ो में अभी तक 73% मतदाताओं के मैपिंग का कार्य पूर्ण हो चुका है। शेष 27% अभी भी अनमैप्ड है जो लोग अब भी छूट गए हैं, वे जल्द बीएलओ से संपर्क करें। एसआईआर शुरू होने पर अनमैप्ड मतदाताओं का नाम वोटर लिस्ट से हट सकता है। निर्वाचन आयोग मतदाता सूची को अपडेट करने में जुटा है। ऐसे में हर पात्र मतदाता का मैपिंग कराना जरूरी है।

## बुढ़मू थाना में चौकीदारों की बैठक, सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थानेदार ने दिये सख्त निर्देश



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**बुढ़मू** : नवीन शर्मा ने रविवार को बुढ़मू थाना परिसर में थाना क्षेत्र के सभी चौकीदारों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक के दौरान थाना क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति, गांवों की सुरक्षा व्यवस्था तथा क्षेत्र में हो रही गतिविधियों की विस्तृत जानकारी ली गई। थाना प्रभारी नवीन शर्मा ने सभी चौकीदारों को अपने-अपने क्षेत्र में पूरी सतर्कता के साथ कार्य करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति, अपराधिक गतिविधि अथवा सामाजिक माहौल बिगाड़ने वाली घटनाओं की सूचना तत्काल थाना को दें। उन्होंने चौकीदारों को ग्रामीण क्षेत्रों में सूचना तंत्र को और मजबूत करने तथा आम लोगों के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने की बात कही। बैठक में चौकीदारों को अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहने, नियमित रूप से क्षेत्र भ्रमण करने एवं हर छोटी-बड़ी गतिविधियों पर पैनी नजर रखने .का निर्देश दिया गया।थाना प्रभारी ने कहा कि पुलिस और चौकीदारों के बेहतर तालमेल से ही क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखना संभव है। इस मौके पर प्रभाष रवानी, रविरंजन कुमार सहित थाना क्षेत्र के सभी चौकीदार उपस्थित थे।

## बकरीद पर्व को लेकर सिल्ली थाना परिसर में शांति समिति की बैठक सम्पन्न

# बकरीद आपसी भाईचारे, प्रेम और सौहार्द का पर्व



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**सिल्ली** : बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर रविवार को सिल्ली थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। यह बैठक मुरी ओपी एवं सिल्ली पुलिस की संयुक्त पहल पर संपन्न हुई। बैठक में मुस्लिम समाज की विभिन्न कमेटियों के सदस्य, गणमान्य लोग एवं स्थानीय प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में मौजूद विभिन्न कमेटियों के सदस्यों ने कहा कि बकरीद आपसी भाईचारे, प्रेम और सौहार्द का पर्व है। सिल्ली क्षेत्र में सभी धर्मों के लोग हर पर्व को मिल-जुलकर मनाते हैं और यहां हमेशा से सामाजिक एकता कायम रही है। उन्होंने कहा कि आज तक क्षेत्र में किसी प्रकार की घटना नहीं हुई है और आगे भी सभी लोग मिलकर शांति एवं भाईचारे का माहौल बनाए रखेंगे। इस दौरान सिल्ली थाना प्रभारी नवीन कुमार ने लोगों से बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया एवं व्हाट्सएप ग्रुप में किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने या भ्रामक संदेश साझा करने से बचें तथा किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें। उन्होंने कहा कि कुछ असामाजिक तत्व समाज में शांति व्यवस्था भंग करने की कोशिश करते हैं, ऐसे लोगों की पहचान कर तुरंत पुलिस को सूचना दें। ओपी थाना प्रभारी विकास पसवान ने लोगों से यह भी अपील की कि पर्व के दौरान निकलने वाले अवशेष एवं वेस्ट सामग्री का सुरक्षित तरीके से निस्तारण करें तथा जमीन में गड्ढा खोदकर उसे दबा दें, ताकि किसी प्रकार की अराजकता या विवाद की स्थिति उत्पन्न न हो। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने तथा क्षेत्र में शांति एवं सौहार्द बनाए रखने का भरोसा दिया।

## बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण व भाईचारे के माहौल में सम्पन्न कराने को शांति समिति की बैठक

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**बुढ़मू** : आगामी बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं भाईचारे के माहौल में संपन्न कराने को लेकर रविवार को ठाकुरगांव थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी शुभम कुमार ने की। बैठक में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, बुद्धिजीवी, समाजसेवी, धार्मिक प्रतिनिधि एवं विभिन्न पंचायतों के गणमान्य लोग उपस्थित थे। थाना प्रभारी शुभम कुमार ने उपस्थित लोगों से पर्व के दौरान आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि बकरीद का त्योहार प्रेम, त्याग और भाईचारे का संदेश देता है। सभी लोग प्रशासन का सहयोग करते हुए शांतिपूर्ण वातावरण में पर्व मनाएं। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और सोशल मीडिया पर भड़काऊ या आपत्तिजनक पोस्ट साझा करने से बचें। यदि कहीं किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि या विवाद की स्थिति उत्पन्न होती है तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस प्रशासन को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। वहीं उपस्थित लोगों ने भी प्रशासन को सहयोग करने का भरोसा दिलाया और आपसी भाईचारे के साथ पर्व मनाने की बात कही। बैठक का समापन शांति एवं सौहार्द बनाए रखने के संकल्प के साथ हुआ। मौके पर ठाकुरगांव मुखिया सचिन पाहन, गुरुगाई मुखिया जयंती देवी, हेसलपिरी मुखिया कुशेन्द्र पाहन, इनामुल हक, अख्तर अंसारी, जैनुल हक अंसारी समेत थाना के सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

## बकरीद को लेकर बेड़ो थाना में शांति समिति की बैठक

# सौहार्द से मनायें पर्व, अफवाहों पर न दें ध्यान : डीएसपी



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**बेड़ो** : आगामी बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण और आपसी सौहार्द के माहौल में मनाने को लेकर रविवार को बेड़ो थाना परिसर में शांति समिति की बैठक डीएसपी दीपक कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। मौके पर डीएसपी ने सभी समुदायों से बकरीद का त्योहार आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाने की अपील की। उन्होंने सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों से सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने को कहा। वहीं सीओ राजकुंवर सिंह ने कहा कि सभी लोग विभागीय प्रोटोकॉल का पालन करते हुए बकरीद पर्व मनाएं तथा क्षेत्र में शांति और साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखें। वहीं इंस्पेक्टर उत्तम कुमार उपाध्याय ने कहा कि कुबार्नी के बाद बचे हुए अवशेषों को इधर-उधर न फेंका जाए, बल्कि साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए ताकि किसी प्रकार की परेशानी उत्पन्न न हो। थाना प्रभारी कफील अहमद ने कहा कि त्योहार आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक है, इसलिए सभी समुदाय के लोग मिल-जुलकर इसे शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं। इधर बैठक में मौजूद जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों और प्रबुद्ध लोगों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। सभी ने एक सुर में कहा कि बेड़ो में गंगा-जमुनी तहजीब कायम है और पर्व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न होगा। बैठक में धनंजय कुमार राय, वाणी कुमार राय, नवल किशोर सिंह, विश्वनाथ गोप, मुन्ना बड़ाइक, बलराम सिंह, मुखिया सुशांति भगत पंसस राखी भगत, वेरोनिका एक्का, हीरा भगत, पूनम देवी, बलराम सिंह, देवनिश तिग्गा, चरवा उरांव, अमीन अंसारी, अब्दुल अंसारी, शोएब अंसारी, रुस्तम अंसारी सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

## गहराया पेयजल संकट, उप प्रमुख ने विभागीय लापरवाही पर जतायी नाराजगी

**खूंटी** : मुरहू प्रखंड क्षेत्र में भीषण गर्मी के बीच पेयजल संकट गहराता जा रहा है। सार्वजनिक स्थलों पर पेयजल सुविधा बहाल रखने के मुख्यमंत्री के निर्देश के बावजूद मुरहू प्रखंड के कई गांवों में लोगों को पानी के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस मुद्दे पर मुरहू उप प्रमुख अरुण कुमार साबू ने गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए विभागीय लापरवाही पर नाराजगी जताई है।

उप प्रमुख अरुण कुमार साबू ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत सप्लाई होने वाला पानी मुरहू, कोड़केल, चमरा टोली और दूदरी गांव के लोगों को पिछले करीब 20 दिनों से नहीं मिल रहा है। भीषण गर्मी में पेयजल आपूर्ति ठप होने से ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए भटकना पड़ रहा है।

## पुंदाग में सामाजिक सौहार्द की अनूठी मिसाल

# तेली मुक्तिधाम के रास्ते के लिए हिन्दू और मुस्लिम परिवारों ने दान की 18 फीट जमीन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची (पुंदाग)** : पुंदाग में रविवार को सामाजिक सौहार्द, आपसी भाईचारे और दरियादिली की एक ऐतिहासिक मिसाल देखने को मिली। रांची जिला तेली समाज और तेली समाज पुंदाग के अध्यक्ष के नेतृत्व में ग्रामीणों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सर्वसम्मति से तेली मुक्तिधाम (शमशान घाट) के रास्ते की लंबे समय से चली आ रही समस्या का समाधान निकाला गया। मुक्तिधाम के सुगम मार्ग के लिए स्थानीय हिंदू और मुस्लिम दोनों पक्षों ने बड़ा दिल दिखाते हुए नक्शे के अनुसार कुल 18 फीट जमीन दान करने का ऐतिहासिक फैसला किया।



**जमीन दान का विवरण**

**मुस्लिम** परिवारों का योगदान : जुल्फान, मामूल, अली हुसैन, साकिर एवं उनके परिवार ने सामूहिक रूप से 7.5 फीट जमीन दान की। हिन्दू परिवारों का योगदान : कमलेश, मुकेश, राहुल एवं उनके परिवार ने मिलकर 10.5 फीट जमीन मार्ग के लिए समर्पित की। दोनों समुदायों के सहयोग से अब मुक्तिधाम के लिए कुल 18 फीट चौड़ा रास्ता उपलब्ध हो गया है। इस महादान के लिए तेली समाज पुंदाग के राम कुमार विद्यार्थी एवं उनकी पूरी टीम, और रांची जिला तेली समाज के अध्यक्ष जेम्स कुमार कश्यप ने दानदाताओं और उनके परिवारों का तहे दिल से आभार व्यक्त किया है। समाज के प्रतिनिधियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह कदम आपसी भाईचारे, सांप्रदायिक सौहार्द और क्षेत्र के विकास का एक अनुपम उदाहरण है।

## आरा केरम आदर्श गांव में ग्राम विकास का मॉडल देखने पहुंचे तीन जिलों के मुखिया

# ग्राम सभा सशक्तीकरण, जल-संरक्षण और श्रमदान पर दी गयी विशेष जानकारी

- टाटा स्टील फाउंडेशन के प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल हुए 45 पंचायत प्रतिनिधि

एहसान राजा

**ओरमांझी** : टाटा स्टील फाउंडेशन की ओर से शनिवार को पूर्वी सिंहभूम, पश्चिम सिंहभूम एवं सरायकेला जिले के लगभग 45 मुखियाओं का एक दिवसीय एक्सपोजर विजिट ओरमांझी प्रखंड अंतर्गत टुंडाहुली पंचायत के आरा केरम आदर्श गांव में आयोजित किया गया। इस दौरान पंचायत प्रतिनिधियों को ग्राम पंचायत विकास की विभिन्न योजनाओं और मॉडल कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई। गांव पहुंचने पर सभी अतिथियों का स्वागत टुंडाहुली पंचायत के मुखिया रमेश बेदिया के नेतृत्व में पारंपरिक ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य तरीके से किया गया। कार्यक्रम के दौरान पंचायत स्तर पर किए जा रहे विकास कार्यों, ग्राम सभा की भूमिका और ग्रामीण सहभागिता पर विस्तार से चर्चा की गई। मुखिया रमेश बेदिया ने कहा कि ग्राम पंचायत के समग्र विकास के लिए ग्राम सभा को मजबूत बनाना बेहद जरूरी है। उन्होंने जल संचयन, मिट्टी संरक्षण, वन संरक्षण, श्रमदान, शिक्षा एवं स्वास्थ्य जैसे विषयों पर पंचायत स्तर पर किए जा रहे कार्यों और उनकी उपयोगिता की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सामुदायिक भागीदारी से ही गांवों का सतत विकास संभव है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान पंचायत प्रतिनिधियों ने आदर्श गांव की कार्यप्रणाली को नजदीक से देखा और ग्रामीण विकास के विभिन्न मॉडल को समझा। कार्यक्रम में गोपाल राम बेदिया, बाबूराम गोप, सीमा देवी, बुलेंदर बेदिया, विजय बेदिया, सोनी देवी, संगीता देवी, सुशीला देवी, लीलावती देवी, नागेंद्र बेदिया सहित कई ग्रामीण प्रतिनिधि एवं टाटा स्टील फाउंडेशन के अधिकारी उपस्थित रहे।



## सारले मंडा टांड़ में मेला व पूजा आयोजन की रूपरेखा तय, 30 को फूलखूंदी और 31 को झूलन और मेला

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**बुढ़मू** : रविवार को सारले मंडा टांड़ में मंडा पूजा व मेले के आयोजन को लेकर सभा आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता क्षेत्र के समाजसेवी सह भाजपा नेता रामेश्वर गोप ने की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष 30 मई को फूलखूंदी तथा 31 मई को झूलन सहित मेला का भव्य आयोजन किया जाएगा। आयोजन की सफल व्यवस्था व समन्वय के लिए एक संचालन समिति का गठन भी किया गया। समिति में निम्नलिखित जिम्मेदारियां सौंपी गईं: अध्यक्ष हरिशचंद्र लोहार, उपाध्यक्ष संतोष मुंडा व प्रमोद सिंह, सचिव अरविंद कुमार, उप-सचिव राजेश मुंडा, कोषाध्यक्ष मदन गंझू व उप कोषाध्यक्ष विष्णु करमाली। मुख्य संरक्षक के रूप में रामेश्वर गोप स्वीकृत हुए। साथ ही हिरालाल लोहरा, लिलेंदर, धुनेश्वर गंझू, जयनाथ मुंडा, रामदेव महतो, सुरेश पाहन, कुलेश्वर महतो, प्रभु सिंह, रामधन मुंडा, कैलाश लोहरा, दिनेश गंझू, जलेश्वर लोहरा और रामसुंदर सिंह को भी आयोजनों में विशेष जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक के दौरान आयोजन स्थल की साफ-सफाई, विद्युत व ध्वनि व्यवस्था, सुरक्षा, खाने-पीने के ठेले, अतिथि सत्कार तथा पूजा-क्रम की समय सारिणी पर भी चर्चा हुई। समिति ने स्थानीय लोगों और व्यवसायियों से सहयोग व आर्थिक योगदान का भी आग्रह किया है ताकि मेला ठोस ताम-प्रबंध के साथ संपन्न हो सके। स्थानीय नागरिकों ने आयोजन के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि यह मेला पारंपरिक व सांस्कृतिक आयोजनों को बढ़ावा देगा तथा क्षेत्र के व्यापार व सामाजिक मेलजोल को मजबूत करेगा। आयोजन संबंधी कोई जानकारी या सहयोग के लिए समिति के सचिव अरविंद कुमार से संपर्क करने का अनुरोध किया गया है।

## एक झलक

### युवती से छेड़छाड़ और अश्लील हरकत मामले में सेना के जवान को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रांची :** राजधानी रांची के लालपुर थाना क्षेत्र में एक युवती से छेड़छाड़ और अश्लील हरकत करने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित पारा मिलिट्री फोर्स के जवान को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार, बीते 22 मई को एक युवती ने लालपुर थाना में आवेदन देकर एक युवक पर छेड़छाड़ और अश्लील हरकत करने का आरोप लगाया। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन कर संबंधित वीडियो को जब्त किया। लालपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने आरोपित विनय को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपित जवान का वर्तमान पता यूनिट-1 बटालियन, राजपुताना रायफल, नामकुम रांची है। पुलिस ने कार्रवाई की सूचना यूनिट-1 बटालियन राजपुताना रायफल, नामकुम रांची के कमांडिंग ऑफिसर को भी दे दी है। मामले में आगे की जांच जारी है।

### झारखंड में भीषण गर्मी का कहर, कई ज़िलों के लिए लू का अलर्ट

**रांची :** झारखंड में इन दिनों भीषण गर्मी और तेज धूप ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया है। राजधानी रांची सहित पूरे राज्य में तापमान लगातार बढ़ रहा है। राज्य के कई जिलों में गर्म हवाओं और लू का असर देखने को मिल रहा है। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में तापमान में और वृद्धि होने की संभावना है, जिससे लोगों की परेशानी बढ़ सकती है। राज्य में सबसे अधिक तापमान डाल्टनगंज में 44.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जबकि राजधानी रांची का अधिकतम तापमान 39.2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। भीषण गर्मी के कारण दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा देखने को मिल रहा है और लोग जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। मौसम विभाग ने 25 और 26 मई को राज्य के उत्तर-पश्चिमी जिलों गढ़वा, पलामू और चतरा में हीट वेव यानी लू चलने को लेकर अलर्ट जारी किया है। प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से सतर्क रहने, पर्याप्त मात्रा में पानी पीने और तेज धूप से बचने की अपील की है। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, राज्य में सबसे कम तापमान गोड्डा में 21.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं इस दौरान सबसे अधिक 6.8 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई। हालांकि, बारिश का असर गर्मी पर ज्यादा नहीं दिखा और अधिकांश जिलों में उमस और गर्म हवाओं का प्रकोप बना रहा।

### झारखंड में आज 47 स्थानों पर मनाया जायेगा दामोदर महोत्सव

**रांची :** युगांतर भारती के तत्वावधान में 25 मई को लोहरदगा स्थित दामोदर नदी के उद्गम स्थल चूल्हा पानी में दामोदर महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। संयोगवश इसी दिन गंगा दशहरा का पर्व भी मनाया जाएगा, जिससे इस आयोजन का धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय महत्व और बढ़ गया है। युगांतर भारती के अध्यक्ष अंशुल शरण ने रविवार को आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि झारखंड के राज्यपाल संतोषकुमार गंगवार इस महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय करेंगे। अंशुल शरण ने कहा कि यह ऐतिहासिक अवसर होगा, क्योंकि पहली बार कोई राज्यपाल दामोदर नदी के उद्गम स्थल पर पहुंचेंगे। उन्होंने इसके लिए राज्यपाल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे दामोदर नदी और उससे जुड़ी सांस्कृतिक विरासत को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिलेगी। अंशुल शरण ने बताया कि दामोदर महोत्सव केवल सांस्कृतिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह नदी संरक्षण, पर्यावरण जागरूकता और जल स्रोतों के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने का अभियान भी है। कार्यक्रम के दौरान जल-जंगल-जमीन के संरक्षण, पर्यावरण संतुलन और नदियों की स्वच्छता को लेकर विभिन्न जनजागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

---

### विकसित भारत @2047 सम्मेलन का योगदा सत्संग महाविद्यालय में सफल समापन

# अर्थव्यवस्था, तकनीक, स्वास्थ्य व ग्रामीण विकास पर हुई चर्चा




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** योगदा सत्संग महाविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन विकसित भारत @ 2047 : शताब्दी वर्ष के लिए एक विकसित भारत की परिकल्पना का शनिवार को सफलतापूर्वक समापन हो गया। 23-24 मई 2026 तक चले इस सम्मेलन का आयोजन झारखंड स्टेट हायर एजुकेशन काउंसिल एवं उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, झारखंड सरकार के प्रायोजन में किया गया। सम्मेलन के दूसरे दिन अनुसंधान, अकादमिक संवाद और भविष्य की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। पहले दिन आयोजित उद्घाटन सत्र और तकनीकी सत्रों की श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए दूसरे दिन तकनीकी सत्र VI, VII एवं VIII का आयोजन हाइब्रिड और ऑफलाइन मोड में किया गया। इन सत्रों में देशभर से आए शोधार्थियों और शिक्षाविदों ने अर्थव्यवस्था, व्यवसाय, स्वास्थ्य, पर्यावरण तथा ग्रामीण विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए। दोपहर दो बजे से समापन समारोह की शुरूआत हुई, जिसमें कई गणमान्य अतिथि शामिल हुए। महाविद्यालय के शासी निकाय के सचिव अश्वनी कुमार सक्सेना ने स्वागत भाषण में आयोजन की सफलता के लिए डॉ. रविंद्र कुमार, प्रो. सिमरन कौर और उनकी पूरी टीम को बधाई दी। इसके बाद शासी निकाय के उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) ज्ञान भूषण ने मुख्य अतिथि झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. डी.के. सिंह तथा डॉ. पीयूष रंजन का स्वागत किया। वहीं सचिव अश्वनी कुमार सक्सेना ने डॉ. अमर कुमार चौधरी एवं डॉ. प्रिया चौरसिया को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। सम्मेलन की 'रैपोर्टियर्स रिपोर्ट' डॉ. मयूरी गौड़ ने प्रस्तुत की। इसके बाद मंचासीन अतिथियों ने अपने विचार साझा किए। मुख्य अतिथि एवं झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. डी.के. सिंह ने कहा कि 'विकसित भारत @2047 केवल सम्मेलन का विषय नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय संकल्प है।' उन्होंने निर्यात को बढ़ाने और आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था की दिशा में कार्य करने पर बल दिया। झारखंड राय विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. पीयूष रंजन ने कहा कि भारत पहले से ही विश्वगुरु रहा है। उन्होंने मुगलकाल से लेकर आजादी तक और आजादी के बाद आर्थिक विकास की यात्रा पर प्रकाश डाला। रांची विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग की सेवानिवृत्त एसोसिएट प्रोफेसर एवं पूर्व डीन डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने विकसित भारत की दिशा में शिक्षा और आर्थिक नीति की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। रांची विश्वविद्यालय के वाणिज्य एवं व्यवसाय प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्ष एवं डीन डॉ. अमर कुमार चौधरी ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि विकसित भारत के निर्माण में तकनीक की भूमिका अहम है और युवाओं को इससे जुड़ना चाहिए।

---

## 'शिकायत एवं निवारण कार्य दिवस' कार्यक्रम को कार्यकर्ताओं का मिला व्यापक समर्थन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में आयोजित 'शिकायत एवं निवारण कार्य दिवस' कार्यक्रम को कार्यकर्ताओं का व्यापक समर्थन मिला। प्रदेश कांग्रेस के मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने बताया कि अब तक 21 जिलों से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार कुल 88 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जबकि कुछ जिलों से प्राप्त आवेदन अभी नहीं आ सके उन्होंने कहा कि यह पहल संगठन को अधिक मजबूत, जवाबदेह और कार्यकर्ताओं के प्रति संवेदनशील बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है। प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के निर्देश पर आयोजित इस कार्यक्रम के तहत कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं आम कांग्रेसजनों ने अपनी व्यक्तिगत एवं संगठनात्मक समस्याओं को लिखित रूप में जिला कांग्रेस कार्यालयों में जिला के प्रभारी को सौंपा। राकेश सिन्हा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से अपने जमीनी कार्यकर्ताओं को संगठन की सबसे बड़ी ताकत मानती रही है। यही कारण है कि पार्टी ने संवाद, सहभागिता और लोकतांत्रिक परंपराओं को मजबूत करने के उद्देश्य से यह विशेष अभियान शुरू किया है। सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक जिला कार्यालयों में शिकायतों का संग्रह किया गया, जिन्हें अब प्रदेश कार्यालय भेजकर निष्पक्ष एवं समन्वित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में कार्यकर्ताओं की आवाज को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है। भाजपा की तरह कांग्रेस में तानाशाही नहीं चलती, बल्कि यहां हर कार्यकर्ता को अपनी बात रखने का पूरा अधिकार है। शिकायत एवं निवारण कार्य दिवस इसी लोकतांत्रिक सोच और संगठनात्मक पारदर्शिता का प्रतीक है। प्रदेश कांग्रेस को विश्वास है कि इस पहल से कार्यकर्ताओं का भरोसा और मनोबल और अधिक मजबूत होगा तथा संगठनात्मक एकजुटता को नई ऊर्जा मिलेगी।

---

# अब अरगोड़ा चौक हरमू रोड में भी भोला मिष्टान भंडार के छठे आउटलेट का उद्घाटन






**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** रांची के अरगोड़ा चौक हरमू रोड स्थित भोला मिष्ठान भंडार के नये आउटलेट का भव्य शुभारंभ किया गया। भोला मिष्ठान भंडार का यह 6ठा आउटलेट है। इस अवसर पर पारंपरिक स्वाद और आधुनिक गुणवत्ता का अनूठा संगम देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान प्रतिष्ठान के संचालक ने मीडिया से बातचीत करते हुए बताया कि ग्राहकों को शुद्धता, बेहतर स्वाद और उत्कृष्ट सेवा उपलब्ध कराना उनकी पहली प्राथमिकता है। संचालक संजय कुमार ने कहा कि आधुनिक सुविधाओं और स्वच्छ वातावरण में ग्राहकों को पारंपरिक मिठाइयों, नमकीन एवं अन्य खाद्य उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही यह नया आउटलेट स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित करेगा। कार्यक्रम में भोला मिष्ठान भंडार के संचालक संजय कुमार एवं आईएचएम के प्रिंसिपल भूपेश कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं बीजू पाड़ा के एनजीओ के बच्चों ने उनके साथ मिलकर फीता काटा और दुकान का शुभारंभ किया। बच्चों की सहभागिता ने पूरे आयोजन को विशेष और भावनात्मक बना दिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, अतिथि एवं प्रतिष्ठान से जुड़े सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने भोला मिष्ठान भंडार को नए आउटलेट के लिए शुभकामनाएं दीं।

---

# विधिक जागरूकता से लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाना ही उद्देश्य : डालसा




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** न्यायमूर्ति-सह-कार्यपालक अध्यक्ष, झालसा सुजीत नारायण प्रसाद के दिशा-निर्देश पर एवं सदस्य सचिव झालसा, कुमारी रंजना अस्थाना एवं माननीय न्यायायुक्त, रांची अनिल कुमार मिश्रा-1 के मार्गदर्शन में तथा डालसा सचिव राकेश रौशन की मौजुदगी में 90 दिवसीय विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन होना सुनिश्चित हुआ है। इसी आलोक में सुकुरहुटु बाजार टांड़ में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पीएलवी भारती शाहदेव, शरदा देवी, बबिता कुमारी, सरिता कुमारी, मालती देवी, देवंती कुमारी, फुलेश्वरी देवी, सीमा देवी, पुष्पलता देवी, भानु देवी एवं दीपेन्द्र कुमार समेत अन्य लोग उपस्थित थे। डालसा रांची के पीएलवी ने माननीय झालसा द्वारा संचालिय योजना मानवता, आत्मनिर्भरर्ता, तृप्ति, निरोगी भव, चेतना, साथी एवं अन्य योजनाओं परे लोगों को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं के अंतर्गत लोगों को निःशुल्क कानूनी सहायता, परामर्श, स्वास्थ्य एवं सामाजिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है। इसके अलावा पीएलवी ने उपस्थित लोगों को बाल विवाह, बाल श्रम, राष्ट्रीय लोक अदालत, नशा उन्मूलन, डायन-बिसाही पर विधिक जागरूकता कर लोगों को जागरूक किये। पीएलवी भारती शाहदेव एवं दीपेंद्र कुमार ने नालसा के 10 स्कीमों के बारें में जानकारी दी। निःशुल्क विधिक सेवा प्राप्त करने के तरीकों के बारे में भी जानकारी दी गयी। पीएलवी ने गरीब तबके के लोगों को वृद्धा पेंशन और मजदूर निबंधन कार्ड एवं उससे होनेवाले लाभों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने आगामी 12 सितम्बर को आयोजित होनेवाली राष्ट्रीय लोक अदालत की भी जानकारी दी। अंत में डालसा के कार्यरत पीएलवी के द्वारा पम्पलेट व लिफलेट का वितरण भी किया गया।

---

## FTS YUVA RANCHI ने 'पुण्यार्थ' कार्यक्रम का किया आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** 'पुण्य की राह में एक कदम' की सोच के साथ FTS YUVA RANCHI के तत्वावधान में एक विशेष 'पुण्यार्थ' कार्यक्रम का आयोजन हरमू गोशाला में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को यह संदेश देना था कि आज हम अपने जन्मदिन एवं वैवाहिक वर्षगांठ को केवल पार्टी और दिखावे तक सीमित कर देते हैं, जबकि भारतीय संस्कृति हमें सेवा, दान और गो सेवा जैसे कार्यों के माध्यम से अपने विशेष दिनों को सार्थक बनाने की प्रेरणा देती है। 'पुण्यार्थ' का अर्थ है-ऐसा कार्य, जो पुण्य प्रदान करे और समाज में सकारात्मक बदलाव लाये। इसी भावना के साथ मई माह के सभी सदस्यों के जन्मदिन एवं वर्षगांठ को सेवा भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गो माता की सेवा की गयी तथा लोगों को प्रेरित किया गया कि वे अपने विशेष दिनों पर भी समाज सेवा एवं जरूरतमंदों की सहायता जैसे कार्य करें, जिससे सच्चा संतोष और आत्मिक शांति प्राप्त हो। कार्यक्रम में FTS YUVA RANCHI की पूरी टीम उपस्थित रही। सभी सदस्यों ने समाज सेवा, मानवीय मूल्यों एवं भारतीय संस्कृति को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

---

### खेल निदेशालय में 04 दिवसीय एथलेटिक्स प्रशिक्षक सेमिनार का तीसरा दिन

# झारखंड के प्रशिक्षक हुए लाभान्वित



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** एथलेटिक्स प्रशिक्षकों के तकनीकी ज्ञान एवं कौशल विकास को नयी दिशा देने के उद्देश्य से एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया, नयी दिल्ली एवं खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखंड, राँची के संयुक्त तत्वावधान में बिरसा मुंडा स्टेडियम, मोराबादी, रांची में 04 दिवसीय प्रशिक्षक सेमिनार का भव्य शुभारम्भ 22 मई को किया गया। यह सेमिनार दिनांक 22 मई से 25 मई 2026 तक आयोजित होनेवाली 29वीं राष्ट्रीय फेडरेशन कप सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के दौरान आयोजित किया जा रहा है। सेमिनार के तीसरे दिन राज्य के एथलेटिक्स प्रशिक्षकों को देश एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षित किया जा रहा है। जिसमें तीसरे दिन राज मोहन ने microcycle & Training session,The 08 step Construction engine जैसे नवीन तकनीकों, प्रशिक्षण पद्धतियों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान किया। इस अवसर पर झारखंड एथलेटिक्स संघ प्लानिंग कमिटी के चेयरमैन डॉ. मधुकांत पाठक, द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता एवं अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रशिक्षक डॉ. राधाकृष्ण नायर, जे.ए.ए.के अध्यक्ष सी.डी. सिंह, सचिव एस.के. पांडे, कोषाध्यक्ष आशीष झा, अजय नायक,शिव प्रसाद, अशोक महतो, आशु भाटिया, योगेश यादव, प्रभात रंजन तिवारी, आलोक सिंह,राकेश सिंह, नीरज राय,सुजाता ठाकुर, शैलेश कुमार, चंदन कुमार,गंगाधर यादव, अशोक कुमार, मनोज पाल, चौहान महतो, पीयूष गोप, विष्णु नारायण सिंह, सिकंदर महतो, अजय नायक, तरसियुस कुजूर,अनुभा खाका,अनुकंपा रुंडा, राजू साहू, अर्जुन महाकुद, कश्मीर कंडियाग, अजय कांत, मोनू कुमार, नरेश कुजूर सहित बड़ी संख्या में प्रशिक्षक एवं खेल पदाधिकारी उपस्थित थे।

---

## भारत विकास परिषद्, दक्षिण झारखंड प्रांत ने प्रांतीय कार्यशाला का किया आयोजन




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** भारत विकास परिषद्, दक्षिण झारखंड प्रांत द्वारा आयोजित प्रांतीय कार्यशाला का आयोजन होटल कुकवेल, रांची में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यशाला में दक्षिण झारखंड प्रांत के अंतर्गत आने वाली आठ शाखाओं के अतिरिक्त गढ़वा एवं चाईबासा से भी प्रतिनिधियों की सहभागिता रही। कार्यशाला में परिषद् के विभिन्न प्रकल्पों एवं संगठनात्मक गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा की गई तथा आगामी कार्ययोजनाओं को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। कार्यक्रम में परिषद् की क्षेत्रीय अध्यक्षा एवं राष्ट्रीय कोर कमेटी सदस्या सुमन सिंह, क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव दिनेश प्रसाद, दक्षिण झारखंड प्रांत अध्यक्ष सुधीर कर्ण तथा प्रांतीय महासचिव अरुण मिश्रा का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। प्रांत संस्कार संयोजक गौरव पाण्डेय ने मंच संचालन किया। कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थित अधिकारियों ने अपने नवीन दायित्वों हेतु शपथ ग्रहण किया। कार्यक्रम में भारत विकास परिषद् के पांचों प्रमुख प्रकल्प – संपर्क, सेवा, संस्कार, महिला सहभागिता एवं पर्यावरण–पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई।

---

# प्रणामी मंदिर में महाप्रसाद का वितरण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** रांची के पुंदाग स्थित एम.आर.एस.श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम श्रीराधा-कृष्ण प्रणामी मंदिर में डॉट्ट संत शिरोमणि स्वामी सदानंद महाराज जी के सानिध्य में 267वां श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद का श्रद्धापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान श्री राधा-कृष्ण का आशीर्वाद प्राप्त किया।इस अवसर पर मंदिर में श्री राधा रानी जी का दिव्य एवं अलौकिक श्रृंगार आकर्षक आभूषणों एवं मनोहारी पुष्पों से किया गया, दोपहर 12 बजे मंदिर के पुजारी अरविंद कुमार पांडेय द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना एवं मंत्रोच्चार के साथ महाप्रसाद का भोग लगाया गया। इसके पश्चात महाप्रसाद में मसालेदार वेजिटेबल खिचड़ी, बोतल बंद जलजीरा शर्बत एवं आलू चिप्स का पैकेट का वितरण श्रद्धालुओं के बीच किया गया। मंदिर परिसर में उपस्थित लगभग 1500 से अधिक श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक महाप्रसाद ग्रहण किया।भक्ति रस से ओत-प्रोत भजन संध्या कार्यक्रम में ट्रस्ट के भजन गायकों द्वारा सुमधुर एवं मनमोहक भजनों की प्रस्तुति देकर उपस्थित श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। भजनों पर श्रद्धालु खूब झूमे तथा पूरा मंदिर परिसर राधे-कृष्ण एवं श्याम के जयकारों से कृष्णमय एवं भक्तिमय हो गया।तत्पश्चात सामूहिक रूप से महाआरती का आयोजन किया गया, ट्रस्ट के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा तथा लगभग 4 हजार से अधिक भक्तों ने भगवान के दर्शन किए। उन्होंने बताया कि मंदिर में प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक वेजिटेबल खिचड़ी महाप्रसाद का वितरण किया जाता है, उन्होंने बताया कि 25 मई दिन सोमवार को गंगा दशहरा के अवसर पर मंदिर एवं अपना घर आश्रम में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

---

## हॉकी झारखंड की स्पेशल जनरल बॉडी मीटिंग में राष्ट्रीय खेल अधिनियम 2025 के आधार पर नये बायलॉज को मंजूरी




**रांची :** हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह की अध्यक्षता में आज रांची में स्पेशल जनरल बॉडी की बैठक आयोजित हुई। बैठक में राष्ट्रीय खेल नीति, अंतरराष्ट्रीय हॉकी संघ और हॉकी इंडिया के नियम-विनियमों के अनुरूप तैयार किए गए हॉकी झारखंड के बायलॉज को सर्वसम्मति से मंजूरी दे दी गई। बैठक में झारखंड के सभी 24 जिलों से एक महिला और एक पुरुष पदाधिकारी शामिल हुए। इसके साथ ही हॉकी झारखंड की कार्यकारिणी समिति के पदाधिकारी भी बैठक में उपस्थित रहे। सदस्यों ने विस्तार से चर्चा के बाद 2026-30 के लिए हॉकी झारखंड के आम चुनाव कराने का समिति में प्रस्ताव लाया गया , जिस पर सभी लोगों ने अपनी सहमति दी।

---

## अविमय क्लिनिक में लगा निःशुल्क चिकित्सा शिविर सैकड़ों मरीजों को मिला मुफ्त जांच व परामर्श



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** राजधानी रांची के कचहरी चौक स्थित अविमय क्लिनिक में रविवार को एक दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में मरीजों और स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। शिविर में मरीजों और आने वाले लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, चिकित्सकीय परामर्श तथा निःशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। खासतौर पर ब्लड शुगर और मोटापा को लेकर विशेष परामर्श दिया गया। क्लिनिक के निदेशक डॉ. राजेश अग्रवाल ने बताया, आधुनिक जीवनशैली में मोटापा एक गंभीर समस्या बनकर उभर रही है। लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना चाहिए। नियमित स्वास्थ्य जांच से कई गंभीर बीमारियों को शुरूआती स्टेज में ही रोका जा सकता है। शिविर में डॉ. विजय कुमार ने चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया। कार्यक्रम में कई दवा कंपनी और टोरेंट फार्मा, आईपीसीए लैब्स, सिप्ला लिमिटेड और अलेम्बिक फार्मा के प्रतिनिधियों ने सक्रिय भूमिका निभाई। शिविर में डॉ. विजय कुमार, समीर कुमार, सन्नी कुमार, निपेंद्र कुमार मंडल, संजीत कुमार, राहुल कुमार और सुजीत कुमार सहित क्लिनिक के कर्मचारी विक्रम कुमार, बुद्धदेव नाथ, अंकिता कुमार क्लिनिक के कर्मचारियों ने मरीजों की जांच और व्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दिया। आयोजकों ने बताया कि भविष्य में भी ऐसे निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का नियमित आयोजन किया जाएगा, ताकि आम नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकें।

---

### हथिया गोंदा बस्ती में बच्चों संग मना 'मां केयर चैरिटेबल ट्रस्ट' का चौथा स्थापना दिवस

# शिक्षा, संस्कार व मुस्कान की सौगात लेकर बच्चों के बीच पहुंची संस्था

- निःशुल्क पाठशाला केन्द्रों में केक काट कर मनाया गया स्थापना दिवस, बांटी गयी पाठ्य सामग्री



**एहसान राजा**

**रांची :** शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय अग्रणी संस्था मां केयर चैरिटेबल ट्रस्ट ने अपना चतुर्थ स्थापना दिवस हथिया गोंदा बस्ती के बच्चों के बीच बेहद हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर संस्था ने बच्चों के बीच खुशियां, शिक्षा और प्रेरणा की सौगात बांटते हुए समाज सेवा के अपने संकल्प को दोहराया। स्थापना दिवस का मुख्य कार्यक्रम हथिया गोंदा बस्ती में आयोजित किया गया, जबकि ट्रस्ट द्वारा संचालित अन्य निःशुल्क पाठशाला केंद्रों – होचर, बरियातू और भिठ्ठा –में भी इस विशेष दिन को उत्साहपूर्वक मनाया गया। सभी केंद्रों पर बच्चों ने मिलकर केक काटा और एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों का उत्साह और खुशी देखते ही बन रही थी। संस्था की ओर से बच्चों के लिए विशेष आयोजन किए गए। सभी बच्चों के बीच फ्रूटी, बिस्कुट, केक और चॉकलेट्स का वितरण किया गया। साथ ही उनकी पढ़ाई को निरंतर जारी रखने के उद्देश्य से कॉपी, पेन, पेंसिल सहित अन्य जरूरी पाठ्य सामग्री भी वितरित की गई। कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष अभिषेक कुमार मिंकू ने कहा कि चार वर्ष पूर्व छोटे से संकल्प के साथ शुरू हुई यह पहल आज एक बड़े परिवार का रूप ले चुकी है। संस्था का उद्देश्य केवल बच्चों को साक्षर बनाना नहीं, बल्कि उन्हें एक बेहतर नागरिक बनाना है। उन्होंने संस्था के सभी सहयोगियों और कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। संस्था की सचिव एवं समाज सेविका वंदना उपाध्याय ने कहा कि ट्रस्ट का चार वर्षों का सफर समाज के सहयोग और टीम के निस्वार्थ समर्पण का परिणाम है। उन्होंने कहा कि संस्था भविष्य में अपने निःशुल्क पाठशाला केंद्रों का और विस्तार करेगी ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद बच्चों तक शिक्षा और संस्कार पहुंचाया जा सके। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रियंका शर्मा, पूजा गुप्ता, अनिल सिंह, आशा जी, अजय गुप्ता, रिमझिम कुमारी, सीमा कुमारी सहित ट्रस्ट के सभी शिक्षकों, कार्यकर्ताओं और स्थानीय गणमान्य लोगों का सराहनीय योगदान रहा। सभी ने भविष्य में भी समाज सेवा और बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य करते रहने का संकल्प लिया। सेवा ही लक्ष्य है– इसी संदेश के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

---

## कांग्रेस ने स्वर्गीय राजेन्द्र प्रसाद सिंह की मनायी पुण्यतिथि



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** झारखंड कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, पूर्व मंत्री एवं मजदूर-किसानों की मजबूत आवाज रहे स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद सिंह जी की पुण्यतिथि पर प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में उन्हें श्राद्धांजलि अर्पित की गई। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा की राजेंद्र बाबू उन नेताओं में थे जिन्होंने राजनीति को सत्ता नहीं, बल्कि जनसेवा का माध्यम माना। उन्होंने अपना पूरा जीवन गरीबों, श्रमिकों, किसानों और वंचित वर्गों के अधिकारों की लड़ाई में समर्पित कर दिया। स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद सिंह ने झारखंड की सामाजिक और राजनीतिक चेतना को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वे हमेशा जनता के बीच रहने वाले जमीनी नेता थे। उनकी पहचान एक सादगीपूर्ण, संघर्षशील और ईमानदार जनप्रतिनिधि के रूप में रही। उन्होंने कहा की मंत्री रहते हुए उन्होंने विकास, रोजगार और सामाजिक न्याय के मुद्दों को प्राथमिकता दी तथा आम लोगों की समस्याओं को सरकार तक मजबूती से पहुंचाने का कार्य किया। कांग्रेस पार्टी के प्रति उनकी निष्ठा और संगठन के प्रति समर्पण अद्भुत था। उन्होंने कठिन राजनीतिक परिस्थितियों में भी कांग्रेस की विचारधारा को मजबूती से आगे बढ़ाया। श्रमिक आंदोलनों और जनसरोकार के विषयों पर उनकी स्पष्ट सोच तथा संघर्षशील व्यक्तित्व ने उन्हें जनता के बीच बेहद लोकप्रिय बनाया।

## एक झलक

### पंचायत स्तरीय प्रतिभा खोज परीक्षा–2026 का सफल आयोजन

**इचाक :** प्रखंड अंतर्गत मंगुरा पंचायत क्षेत्र में आयोजित 'पंचायत स्तरीय प्रतिभा खोज परीक्षा–2026' का आयोजन किया गया। इस परीक्षा में मंगुरा, करियातपुर, अलौंजा और मेढ़कुरी पंचायत से कक्षा 6 से 10 तक के लगभग 239 छात्र–छात्राओं ने भाग लिया। परीक्षा केंद्र पर सुबह से ही विद्यार्थियों एवं अभिभावकों की भारी उपस्थिति देखी गई। परीक्षा शांतिपूर्ण, अनुशासित एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में आयोजित की गई। विद्यार्थियों के बैठने, प्रश्नपत्र वितरण एवं परीक्षा संचालन की समुचित व्यवस्था की गई थी। आयोजन का मुख्य उद्देश्य पंचायत क्षेत्र के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की पहचान कर उन्हें आगे बढ़ने हेतु प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम के आयोजक लक्ष्मण किशोर मेहता (उपमुखिया प्रतिनिधि, ग्राम पंचायत मंगुरा) ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को बेहतर शैक्षणिक मंच प्रदान करने के उद्देश्य से इस परीक्षा का आयोजन किया गया। उन्होंने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मांगुरा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि रामशरण शर्मा, मध्य विद्यालय मंगुरा के शिक्षक सुनील सर, प्रज्ञा +2 उच्च विद्यालय के निदेशक अमरदीप कुमार, एम जी एम पब्लिक स्कूल, डुमरौन के शिक्षक – शिक्षिकाओं में रामदीप कुमार, विशेश्वर रविदास, अर्जुन राम, उषा देवी, राज किशोर तुरी, काजल कुमारी, शिल्पी कुमारी, आरती देवी, अंकिता कुमारी एवं महेंद्र कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इसके अतिरिक्त विभिन्न पंचायतों से आए अन्य शिक्षक जैसे अजीत कुमार, राजेश कुमार, महेंद्र कुमार मेहता, आशीष कुमार साव, प्रभाकर कुमार, पिंटू रजक, रोहित कुमार, नरेश यादव आदि का सहयोग भी सराहनीय रहा। आयोजक ने जानकारी दी कि परीक्षा परिणाम शीघ्र प्रकाशित किए जाएंगे तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मान समारोह में मेडल, प्रशस्ति पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया जाएगा।

### वीर कुंवर सिंह पथ स्थित पांडेय आहार में मिला शव

**बरही :** गया रोड वीर कुंवर सिंह पथ क्षत्रिय धर्मशाला के पास पांडेय आहार में एक व्यक्ति का शव मिला। मृतक की पहचान बरही अफीम कोठी निवासी मुनेश्वर सिंह के रूप में हुई है। रविवार अपराह्न तीन बजे किसी की नजर तालाब में तैर रहे शव पर पड़ी। यह खबर आग की तरह चारों ओर फैल गई। मौके पर काफी संख्या में लोग जमा हुए। स्थानीय समाजसेवी राजसिंह चौहान ने बताया कि मृतक का शव तालाब में मिला है। लेकिन उसकी मौत कैसे हुई। यह अभी खुलासा नहीं हुआ है। मौके पर पुलिस पहुंची और शव को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दी। इधर खबर मिलते ही मुखिया शमशेर आलम, टिंकू आलम सहित कई लोग पहुंचे और शोक संवेदना प्रकट की।

### भारतीय जनता पार्टी की प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

**हजारीबाग :** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण, महा अभियान 2026 के तहत हजारीबाग, भारतीय जनता पार्टी का प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन सरस्वती विद्या शिशु मंदिर कुम्हार टोली के प्रांगण में किया गया। यह कार्यशाला 24 मई से 25 मई के संध्या 5:00 बजे तक चलेगी। कार्यशाला का शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह द्वारा चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन कर चित्र का अवलोकन कर किया गया। चित्र प्रदर्शनी में झारखंड एवं हजारीबाग के क्रांतिकारी एवं वीर सहिद पुत्रों को याद करने के साथ–साथ हजारीबाग जिले में अवस्थित दर्शनीय स्थान, मठ मंदिर के चित्रों का भी प्रदर्शनी लगाया गया। उद्घाटन के अवसर पर हजारीबाग जिला के सांसद मनीष जायसवाल, पूर्व सांसद यदुनाथ पांडे, विधायक मनोज यादव, विधायक अमित यादव, विधायक प्रदीप प्रसाद, विधायक रोशन लाल चौधरी, पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, प्रदेश मंत्री अमरदीप यादव, जिला परिषद अध्यक्ष उमेश मेहता, जिला प्रशिक्षण प्रभारी अनिवेश सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह एवं संचालन कुणाल किशोर व जय नारायण प्रसाद द्वारा की गई। सामूहिक रूप से मंचासीन अतिथियों द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं भारत माता के चित्र पर दीप प्रचलित कर किया गया। मंचासीन अतिथियों को औषधीय पौधा एवं अंग वस्त्र से स्वागत किया गया। जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने उद्घाटन सत्र के अवसर पर अपने मुखारविंद से अतिथियों का स्वागत करते हुए प्रशिक्षण कार्यशाला का विषय प्रवेश कराते हुए विस्तार से अपनी बातों को प्रशिक्षकों के बीच रखा। 24 मई के कार्यशाला में प्रथम सत्र का विषय था, विचार परिवार जिसके मुख्य वक्ता प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह थे। जिन्होंने विस्तार से इस विषय पर लगभग 1 घंटे तक अपने विचार को कार्यशाला में कार्यकर्ताओं के बीच रखा। इस सत्र के वर्ग अधिकारी के रूप में प्रदेश कार्य समिति सदस्य हरीश श्रीवास्तव थे।

# बकरीद आपसी प्रेम, त्याग व भाईचारे का पर्व

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कटकमदाग :** कटकमदाग थाना परिसर में आगामी ईद उल अजहा (बकरीद) पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की। अध्यक्षता कटकमदाग अंचल अधिकारी सत्येन्द्र नारायण पासवान ने की। बैठक में थाना प्रभारी, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, विभिन्न समुदायों के गणमान्य लोग एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।



बैठक के दौरान पर्व के अवसर पर विधि-व्यवस्था बनाए रखने, आपसी भाईचारा कायम रखने तथा प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की गई। अंचल अधिकारी सत्येन्द्र नारायण पासवान ने कहा कि बकरीद आपसी प्रेम, त्याग और भाईचारे का पर्व है। जिसे सभी लोग मिल-जुलकर शांतिपूर्ण माहौल में मनाएं। उन्होंने अफवाहों से दूर रहने तथा किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल प्रशासन को देने की बात कही। पुलिस उपाधीक्षक ज्ञान रंजन ने विधि व्यवस्था बनाए रखने एवं प्रशासन द्वारा दिशा निर्देश को पालन करने की अपील किया।

थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी ने बताया कि पर्व को लेकर क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रहेगी। संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की जाएगी तथा लगातार गश्ती अभियान चलाया जायेगा। बैठक में उपस्थित लोगों ने भी प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का भरोसा दिलाया। साथ ही साफ-सफाई, यातायात व्यवस्था और सार्वजनिक स्थानों पर शांति बनाए रखने को लेकर भी चर्चा की गई। प्रशासन ने लोगों से सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट साझा नहीं करने और सौहार्द बिगाड़ने वाले तत्वों पर नजर रखने की अपील की। पेलावाल इंस्पेक्टर साहिद रजा कटकमदाग जिला परिषद सदस्य जीतन राम ने भी बैठक में लोगों को विधि व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था कायम रखने की अपील किया। बैठक में उपस्थित असगर अली मोहम्मद खुर्शिद अख्तर नूरी मो मुस्तकीम मो कयुम अंसारी विनय दुबे सहित कई उपस्थित थे।

## बकरीद को लेकर लोहसिंघना थाना अलर्ट, शांति समिति की बैठक में सौहार्द और सुरक्षा पर जोर



**हजारीबाग :** आगामी 28 मई को मनाए जाने वाले बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने को लेकर लोहसिंघना थाना परिसर में शांति समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सदर अंचल अधिकारी आशुतोष कुमार ने की, जबकि संचालन थाना प्रभारी निशांत केरकेट्टा ने किया। बैठक में बकरीद के अवसर पर कानून-व्यवस्था, आपसी भाईचारा, साफ-सफाई, यातायात व्यवस्था तथा शांति बनाए रखने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित लोगों से अपील की गई कि पर्व को आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक सौहार्द के साथ मनाएं तथा किसी भी अफवाह या असामाजिक तत्वों से सतर्क रहें। इस दौरान थाना प्रभारी निशांत केरकेट्टा ने बेहद प्रभावशाली संदेश देते हुए कहा कि 'लोहसिंघना थाना क्षेत्र में बकरीद पर्व पूरी शांति, सुरक्षा और सौहार्द के साथ संपन्न हो, इसके लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह तैयार है। हर गतिविधि पर पैनी नजर रखी जाएगी। किसी भी तरह की अफवाह, अशांति या कानून व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश को कतई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। आमजन निडर होकर पर्व मनाएं। थाना प्रभारी की सक्रिय कार्यशैली और त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने की तैयारी की बैठक में मौजूद लोगों ने भी सराहना की। क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत रखने, संवेदनशील इलाकों में निगरानी बढ़ाने और लोगों के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने की रणनीति से यह स्पष्ट दिखा कि पुलिस प्रशासन त्योहार को लेकर पूरी तरह मुस्तैद और सजग है। बैठक में समाजसेवी इम्तियाज हसन, पूर्व वार्ड पार्षद फिरोज आलम, वार्ड पार्षद वसीम खान, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि राजेश सिंहा सहित पुलिस पदाधिकारियों में सब इंस्पेक्टर सत्यम कुमार गुप्ता, सब इंस्पेक्टर निलेश कुमार रंजन, सब इंस्पेक्टर सुनील कुमार गुप्ता, एएसआई ओमप्रकाश एवं काशीनाथ सिंह मौजूद रहे।

## जनसरोकारों और संगठन मजबूती पर मंथन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** पूर्व सदर विधानसभा प्रत्याशी मुन्ना सिंह ने रविवार को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव सह झारखंड सह प्रभारी भूपेन्द्र मरावी के हजारीबाग सर्किट हाउस पहुंचने पर आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस दौरान संगठन की मजबूती, जनसरोकारों से जुड़े मुद्दों तथा झारखंड की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों पर गंभीरतापूर्वक चर्चा हुई। बैठक में कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने, कार्यकताओं की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने तथा आम जनता की समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। मुन्ना सिंह ने कहा कि भूपेन्द्र मरावी के मार्गदर्शन एवं संगठनात्मक अनुभव से कार्यकताओं में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा जनता की आवाज को मजबूती से उठाने और सामाजिक सरोकारों को प्राथमिकता देने के लिए प्रतिबद्ध रही है। उन्होंने आगे कहा कि संगठन को जमीनी स्तर तक सशक्त बनाने तथा आम लोगों के मुद्दों को आंदोलनात्मक रूप से उठाने के संकल्प के साथ पार्टी कार्यकर्ता निरंतर सक्रिय होकर कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर कई कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

## सम्भावित सुखाड़ से निपटने को लेकर किसानों को दिया गया प्रशिक्षण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बड़कागांव :** संभावित सुखाड़ एवं खरीफ फसल की तैयारी को लेकर बड़कागांव प्रखंड सभागार में एक दिवसीय विशेष कृषि कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला हजारीबाग जिला कृषि पदाधिकारी के पत्रांक 139 दिनांक 15 मई 2026 के आलोक में आयोजित हुई। कार्यशाला में किसानों को वैश्विक जलवायु परिवर्तन तथा 'एल नीनो' के प्रभावों की जानकारी देते हुए बताया गया कि प्रशांत महासागर के पानी के असामान्य रूप से गर्म होने से मानसूनी हवाएं कमजोर पड़ जाती हैं, जिससे कम वर्षा और सूखे जैसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है। प्रखंड कृषि पदाधिकारी भास्कर राज ने कहा कि बदलते मौसम को देखते हुए किसानों को पारंपरिक खेती के तरीकों में बदलाव लाने की जरूरत है। उन्होंने कम पानी में तैयार होने वाले धान की खेती के साथ-साथ मडुआ, ज्वार और बाजरा जैसे मोटे अनाजों को अपनाने की सलाह दी।कार्यशाला में जल संरक्षण और मिट्टी की नमी बनाये रखने के लिए मल्चिंग तकनीक, ड्रिप एवं स्प्रिंकलर सिंचाई प्रणाली के उपयोग पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही खेतों की मेड़बंदी मजबूत करने और जल संचयन के लिए डोभा निर्माण पर भी जोर दिया गया, ताकि वर्षा जल का अधिकतम उपयोग किया जा सके। कृषि पदाधिकारी ने किसानों से सरकार द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे आकस्मिक बीज वितरण एवं सिंचाई यंत्रों पर मिलने वाली सब्सिडी का लाभ उठाने की अपील की। कार्यशाला में प्रखंड तकनीकी प्रबंधक श्याम देव कुमार, कृषक मित्र गणेश साव, मोहन साव, कृष्ण देव प्रजापति, चेतलाल कुमार दांगी, शमशेर आलम, बुद्धिनाथ साहू, रीना देवी, गीता देवी, रेखा देवी, एतवा तुरी, मोहम्मद शाबान सहित बड़ी संख्या में कृषक मित्र एवं प्रगतिशील किसान उपस्थित थे।

### नवोदय में चयनित आदित्य राज सिन्हा सम्मानित, सिविल सेवा में जाने का जताया लक्ष्य

**बाघमारा (धनबाद):** अंगारपथरा स्थित संकल्प एजुकेशन में रविवार को जय धरती मां फाउंडेशन के तत्वावधान में सम्मान समारोह आयोजित कर नवोदय विद्यालय में चयनित कतरास बाजार निवासी आदित्य राज सिन्हा को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में छात्र की सफलता पर खुशी जताते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। समारोह को संबोधित करते हुए संकल्प एजुकेशन के निदेशक सह जय धरती मां फाउंडेशन के जिला सचिव सहदेव महतो ने कहा कि सफलता कठिन परिश्रम और अनुशासन का परिणाम होती है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी यदि लक्ष्य तय कर ईमानदारी से मेहनत करें तो कोई भी मंजिल दूर नहीं रहती। बच्चों को परिश्रम को अपना सबसे बड़ा हथियार बनाना चाहिए। बताया गया कि आदित्य राज सिन्हा कतरासगढ़ निवासी प्रवीण कुमार सिन्हा एवं दीपा सिन्हा के पुत्र हैं, जबकि आरटीआई कार्यकर्ता रवि सिन्हा उनके चाचा हैं। आदित्य ने अपनी सफलता का श्रेय माता–पिता और शिक्षकों को देते हुए कहा कि उनका सपना सिविल सर्विसेज में जाकर देश की सेवा करना है।

## एनटीपीसी पकरी बरवाडीह में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत वृक्षारोपण अभियान, हरित भविष्य का संदेश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बड़कागांव :** बड़कागांव स्वच्छता पखवाड़ा 2026 के अंतर्गत आयोजित विभिन्न गतिविधियों की श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना द्वारा सिकरी टाउनशिप में सामूहिक वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना तथा स्वच्छ एवं हरित वातावरण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना था। इस अवसर पर परियोजना के कर्मचारियों, सहयोगियों एवं अन्य प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए निर्धारित स्थानों पर



पौधारोपण किया तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में एनएमएल पकरी बरवाडीह, पीबी एवं पीबी-एनडब्ल्यू कोयला खनन परियोजनाओं के परियोजना प्रमुख सुब्रत कुमार दास मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने पौधारोपण कर अभियान का शुभारंभ किया तथा उपस्थित सभी लोगों को अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का संदेश दिया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण केवल पर्यावरण संरक्षण का माध्यम नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहतर और सतत भविष्य सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह अभियान सतत विकास, पर्यावरणीय उत्तरदायित्व एवं सामुदायिक सहभागिता के प्रति एनएमएल पकरी बरवाडीह की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। स्वच्छता पखवाड़ा 2026 के अंतर्गत आयोजित इस पहल के माध्यम से परियोजना ने हरित एवं स्वच्छ परिवेश के निर्माण हेतु अपना योगदान पुनः सुदृढ़ किया।

### सरकार पर खीरू महतो का हमला, बोले

## चुनावी वादे पूरे करने में विफल सरकार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**बाघमारा :** खीरू महतो शनिवार को बाघमारा पहुंचे, जहां उन्होंने राज्य की सरकार पर जमकर निशाना साधा। डुमरा स्थित अतिथि गृह में जदयू नेता मंटू दुबे के साथ आयोजित प्रेस वार्ता में सांसद ने कहा कि सरकार अब तक अपने चुनावी वादों को पूरा करने में विफल रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड अलग राज्य बनने के समय बिहार को 'बालू से सोना निकालने वाला' कहकर तंज कसा जाता था, लेकिन आज झारखंड की खनिज संपदाओं की खुलेआम लूट हो रही है। उन्होंने दावा किया कि नितिश कुमार के नेतृत्व में बिहार में जिस तरह विकास कार्य हुए हैं, उसे ही सही मायनों में 'बालू से सोना निकालना' कहा जा सकता है। सांसद ने झारखंड में बढ़ते पलायन पर चिंता जताते हुए कहा कि राज्य के युवा रोजगार की तलाश में दूसरे राज्यों में जाने को मजबूर हैं। इसके लिए उन्होंने राज्य सरकार की नीतियों को जिम्मेदार ठहराया। साथ ही उन्होंने राज्य की कानून व्यवस्था पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि प्रदेश में अपराध और अवैध खनन लगातार बढ़ रहा है। प्रेस वार्ता के दौरान जदयू जिलाध्यक्ष पिंटू सिंह, मंटू दुबे, मुन्ना सिंह, रंजीत महतो, सोनू चौधरी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### दानवीर महाराजा भामाशाह की जयंती पर ओरिया में तैलिक समाज का भव्य समारोह आयोजित

## उमड़ा जनसैलाब व उत्साह के साथ निकली भव्य शोभायात्रा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** सदर प्रखण्ड स्थित ग्राम पंचायत ओरिया के दुर्गा मंडप में तैलिक समाज द्वारा रविवार को दानवीर, शूरवीर एवं महान व्यक्तित्व के धनी परमपुज्य महाराजा भामाशाह जी की जयंती समारोह मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत आर्य कन्या गुरूकुल के बच्चीयों एवं समाज के सदस्यों द्वारा संयुक्त रूप से हवन एवं पूजा-अर्चना के साथ हुई, जिसके पश्चात संबोधन सभा का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने महाराजा भामाशाह जी के त्याग, राष्ट्रभक्ति एवं समाज सेवा के कार्यों पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। गुरूकुल के बच्चीयों द्वारा लव- कुश की शानदार प्रस्तुति से दर्शक दीर्घा में उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। मुख्य रूप से अतिथि के रूप में हजारीबाग जिला तैलिक समाज के अध्यक्ष राजेंद्र



प्रसाद, महासचिव नारायण साव, युवा महासचिव किशोर सामंत, उपाध्यक्ष रामचंद्र साव, महिला संरक्षक शिला देवी, सचिव दिलीप साव, दारू प्रखंड अध्यक्ष द्वारिका साव, गुरूकुल के प्राचार्य आचार्य कौटिल्य, प्रदीप साव, कुंजबिहारी साव, रामविलास साव, नंदलाल साव, हरिनाथ साव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित मौजूद रहे। इस दौरान अतिथियों, आयोजन समिति के पदाधिकारीगण, सक्रिय सदस्यगण एवं समाज के नारीशक्ति को मंच पर अंगवस्त्र के साथ सम्मानित कर उनका हौसला बढाया गया। इस अवसर पर भव्य शोभायात्रा एवं ग्राम भ्रमण का आयोजन भी किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे क्षेत्र में महाराजा भामाशाह जी के जयघोष से वातावरण गौरवमयी बना रहा। कार्यक्रम के माध्यम से सामाजिक एकता, भाईचारा एवं समाज के उत्थान का संदेश दिया। मौके पर ओरिया तैलिक समाज के अध्यक्ष राहुल गुप्ता, उपाध्यक्ष सीताराम साव, सचिव अरूण कुमार, उपसचिव रवि कुमार साव, कोषाध्यक्ष रणधीर कुमार साहू, उप कोषाध्यक्ष घनश्याम साव, मंच संचालक राजेश साव, सक्रिय सदस्य किशोरी साव, बिट्टू कुमार, ओम प्रकाश साव, दिलीप साव, संतोष साव, मोहन साव, जय प्रकाश साव, चंदन साव, सुरेश साव, विष्णु कुमार, द्वारिका साव, अजय कुमार, राजू कुमार, अभय शंकर पासवान, गिरजा पासवान, संजय पासवान, विजय यादव, गंगा राम, नारायण यादव, प्रेम कुमार, प्रदीप ठाकुर, गोवर्धन ठाकुर, रेखा देवी, सुमन कुमारी, राधा देवी, सारो देवी, श्वेता गुप्ता, तेत्री देवी, चोहनी देवी, कल्पना कुमारी, आन्या कुमारी एवं ललिता देवी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## चार ट्रकों में जोरदार टक्कर, एक की मौत, तीन गम्भीर

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**चरही :** चरही थाना क्षेत्र के ओबर ब्रिज के पास एनएच-33 के समीप महेंद्र होटल स्थित एक ट्रेलर ने पीछे से दो कंटेनर और एक ट्रक में जोरदार टक्कर मार दिया। जिस क्रम में कंटेनर के चालक की मौके पर मौत हो गई। अन्य ट्रकों के उप चालक गंभीर रूप से घायल हो गये। इसकी जानकारी मिलते ही चरही पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर घायलों को एनएचआई के एम्बुलेंस के माध्यम से बेहतर इलाज के लिये सदर अस्पताल हजारीबाग भेज दिया गया।जबकि ट्रेलर के चालक घन्टों अंदर ही फसा रहा।पुलिस ने हाईड्रा को मंगा कर फंसे चालक को बाहर निकाल कर पोस्टमार्टम के लिये सदर अस्पताल हजारीबाग भेज दिया गया।बताया जाता की ट्रेलर नंबर बीआर 52 जी/7513 बिहार के नवादा जिले के कमलापुर से ईंट लादकर रांची की ओर जा रहा था। चरही के पास ओबर ब्रिज के समीप लाइन होटल स्थित दो कंटेनर और एक ट्रक पहले से ही खड़े थे। जिसका चालक चाय पी रहे थे। उप चालक अपने-अपने वाहन के गेट लोक कर रहे थे। इतने एक बस गाड़ी उसी के समीप बीच सड़क पर खड़ी कर सवारी को उतार रहा था। इतने में पीछे आ रहे ट्रेलर चालक ने बस को सामने देख अनियंत्रित हो गया। पहले खड़ी ट्रक में जोरदार टक्कर मार दिया। जिस कारण ट्रेलर के परखच्चे उड़ गये। चालक अंदर में ही फसकर दम तोड़ दिया। जबकि तीनों ट्रक भी क्षतिग्रस्त हो गये। बताया जाता है कि पूर्व से खड़े कंटेनर ट्रक नंबर यू पी 83बीटी/4773 जो हरियाणा के पानीपत से प्लास्टिक के दाना को लादकर विशाखापट्टनम जा रहा था।

## साइबर ठगी: RTO चालान के फर्जी लिंक से उड़े खाते से पैसे, मोबाइल भी हैक

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बड़कागांव :** बड़कागांव इन दिनों साइबर ठगों ने लोगों को लूटने का नया तरीका निकाला है। मोबाइल पर RTO चालान जमा करने के नाम पर एक फर्जी लिंक भेजा जा रहा है। लिंक को छूते ही हँ३२अस्त्रस्त्र हैक हो जाता है और बैंक खाते से पैसे गायब हो रहे हैं।

बड़कागांव प्रखंड के ग्राम सोनपुरा निवासी भवानी दांगी के मोबाइल पर दो दिन पहले एक मैसेज आया। मैसेज में लिखा था-आपके वाहन का RTO चालान बकाया है। तुरंत भुगतान करें, वरना गाड़ी जब्त होगी। नीचे एक लिंक दिया था। भवानी दांगी ने घबराकर जैसे



ही लिंक पर क्लिक किया, उनका मोबाइल हैंग हो गया। कुछ देर बाद WhatsApp खुद-ब-खुद बंद हो गया। जब उन्होंने बैंक बैलेंस चेक किया तो खाते से बड़ी रकम रुपये गायब थे। इसी तरह ग्राम चट्टी निवासी बिंदु दांगी के साथ भी ठगी हुई। बिंदु दांगी के पास भी RTO चालान का मैसेज आया। लिंक खोलते ही उनका फोन हैक हो गया और UPI के जरिए बड़ी रकम रुपये निकाल लिए गए। ठगों ने उनके WhatsApp से रिश्तेदारों को मैसेज कर पैसे भी मांगे।

**कैसे करते हैं ठगी?**

1. ठग RTO या ट्रैफिक पुलिस के नाम से SMS/WhatsApp भेजते हैं।
2. मैसेज में 10, 50 या 100 का छोटा चालान दिखाकर डराते हैं।
3. लिंक पर क्लिक करते ही मोबाइल में मालवेयर/स्पाई ऐप इंस्टॉल हो जाता है।
4. इससे OTP, बैंक डिटेल, गैलरी और WhatsApp का एक्सेस ठगों को मिल जाता है।
5. फिर खाते से पैसे निकाल लेते हैं।

**पुलिस की अपील**

**बड़कागांव** थाना प्रभारी ने बताया कि RTO कभी भी 10 का चालान रटर से नहीं भेजता। अगर ठगी हो जाए तो तुरंत करें: 1. बैंक को कॉल कर खाता फ्रीज कराएं।
2. नजदीकी थाना में FIR दर्ज कराएं।

सावधान रहें, सुरक्षित रहें। छोटी रकम का लालच देकर ठग बड़ी चपत लगा रहे हैं। कोई भी सरकारी विभाग WhatsApp पर लिंक भेजकर पैसे नहीं मांगता। जागरूक बनें और दूसरों को भी जागरूक करें।

### प्रेस क्लब बरकट्ठा इकाई की बैठक सम्पन्न

## पत्रकारों की एकजुटता से मजबूत होगा प्रेस क्लब : गोपाल

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बरकट्ठा :** प्लस टू हाई स्कूल बरकट्ठा के मैदान में रविवार को संध्या प्रेस क्लब बरकट्ठा की एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रेस क्लब अध्यक्ष गोपाल प्रसाद ने की। बैठक में क्षेत्र की निष्पक्ष पत्रकारिता, संगठन की मजबूती तथा पत्रकार हित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष गोपाल प्रसाद ने कहा कि पत्रकार समाज का आईना होते हैं। निष्पक्ष एवं निर्भीक पत्रकारिता के लिए पत्रकारों के बीच आपसी समन्वय और एकजुटता बेहद जरूरी है। उन्होंने प्रेस क्लब को और अधिक सक्रिय एवं सशक्त बनाने पर जोर दिया। बैठक में प्रेस क्लब सचिव रामकृष्ण पांडेय ने संगठन की आगामी गतिविधियों की जानकारी दी तथा आगे की रणनीतियों पर चर्चा किया। वहीं उपाध्यक्ष ईश्वर



यादव ने पत्रकारों के हित में सामूहिक पहल करने की आवश्यकता बतायी। बैठक में अजीत बरनवाल, पंकज मोदी, वरिष्ठ पत्रकार सुनील श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष अनिल बर्नवाल, संतोष पांडेय, सूरज मोदी, मंटू पांडेय, शहबाज खान, विक्रम मोदी एवं पियूष पांडेय समेत कई पत्रकार उपस्थित थे। बैठक के अंत में पत्रकारों ने संगठन की मजबूती एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाने का संकल्प लिया।

# सरकारी उदासीनता व फंड के अभाव में दम तोड़ रहा है जल नल योजना मिशन

**दुर्भाग्य**

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में संचालित है लेकिन फंड व सरकारी उदासीनता के कारण समय से पहले दम तोड रहा है। अधिकांश पंचायतों में फंड के अभाव में योजना पूरी नहीं हो पाई। इस चिलचिलाती गर्मी में लोग इस हर घर नल जल योजना के बनाए जलमिनार से प्यास नहीं बुझा पा रहे हैं। लोगों का कहना है कि जो खुद फंड व सरकारी उदासीनता के कारण बिना पानी का दम तोड रहा है वह हम सबको कब प्यास बुझा पाएगा।यही हाल बरही प्रखंड के दुलमाहा पंचायत के दुलमाहा लखना, बुढीडीह, धमले गांव में हर घर नल जल योजना की स्थिति है। यहां भी फंड के अभाव में कार्य अधर में लटका हुआ है। लोग हर घर नल जल योजना का पानी पीने के लिए तरस रहे हैं। जब का बंद होने का कारण सेंवेदक से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि सरकारी फंड नहीं मिलने के कारण योजना अधर में लटका हुआ है। उन्होंने बताया कि इस योजना में हमने घर से कई लाख लगा चुके हैं। समय पर भुगतान न होने से इतनी बड़ी योजना में घर से पैसा लगाना असंभव हो रहा है। दुलमाहा पंचायत में यह योजना पूरी तरह चरमरा गई है जिसके कारण भीषण गर्मी में ग्रामीण क्षेत्र की जनता बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रही है। कही बोरिंग करना बाकी तो कहीं स्ट्रक्चर आधा अधुरा खड़ा कर छोड़ दिया गया।इस आधा अधुरा का काम होने के संवेदक ने बताया कि फंड न



मिलने से दुलमाहा,लखना,धमले एवं बुढीडीह का काम बिल्कुल ठप पड़ा हुआ है। वहीं पीएचडी विभाग के जेई ने बताया कि यह योजना लगभग 8 करोड़ है जिसमें तीन भाग काम हो चुका है बाकी शेष कार्य फंड के अभाव में अधर में लटका हुआ है। फंड आते ही कार्य को पूरा कर लिया जाएगा।

## हजारीबाग पुलिस की जनहित पहल: भीषण गर्मी में राहगीरों के लिए शीतल पेयजल की व्यवस्था

**चरही :** हजारीबाग पुलिस अधीक्षक हजारीबाग के निदेशानुसार जिले में बढ़ती गर्मी एवं लू को देखते हुए हजारीबाग पुलिस द्वारा जनहित में सराहनीय पहल की गई है। आमजन, राहगीरों एवं वाहन चालकों को गर्मी से राहत प्रदान करने के उद्देश्य से जिले के सभी थाना, ओपी एवं पुलिस पिकेटों में शीतल पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इस पहल के तहत विभिन्न थाना परिसरों एवं प्रमुख चौक-चौराहों पर मिट्टी के घड़ों में स्वच्छ एवं ठंडा पेयजल रखा गया है, ताकि राहगीर एवं आम नागरिक अपनी प्यास बुझाकर राहत महसूस कर सकें। पुलिसकर्मियों द्वारा समय-समय पर घड़ों में पानी भरने, स्वच्छता बनाए रखने एवं लोगों को पेयजल उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जा रही है। हजारीबाग पुलिस का यह प्रयास न केवल कानून व्यवस्था तक सीमित है, बल्कि सामाजिक सरोकार एवं मानवीय सेवा भावना का भी परिचायक है। भीषण गर्मी में राहगीरों को राहत पहुंचाने की इस व्यवस्था की स्थानीय लोगों ने सराहना की है। पुलिस अधीक्षक हजारीबाग ने कहा कि पुलिस सदैव जनता की सेवा एवं सहायता के लिए तत्पर है। गर्मी के मौसम में आमजन को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से यह व्यवस्था की गई है, ताकि किसी भी व्यक्ति को प्यास एवं गर्मी के कारण परेशानी का सामना न करना पड़े। जिलेवासियों ने हजारीबाग पुलिस की इस मानवीय पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार के जनहित कार्यों से पुलिस एवं जनता के बीच विश्वास और सहयोग की भावना और अधिक मजबूत होती है।

## सेवा बस्ती के बच्चों को संस्कार और शिक्षा से जोड़ने की पहल, कतरास में बाल संस्कार केन्द्र शुरू



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बाघमारा (धनबाद) :** कतरास के सेलेक्टेड गोविंदपुर सेवा बस्ती में रविवार को डॉ. हेडगेवार जन्म शताब्दी सेवा समिति के तत्वावधान में बाल संस्कार केंद्र का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम सामाजिक समर्पण, राष्ट्रभक्ति और भारतीय संस्कृति के मूल्यों को बच्चों तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। केंद्र के माध्यम से सेवा बस्ती के बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ नैतिक संस्कार, अनुशासन एवं व्यक्तित्व विकास की शिक्षा दी जाएगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित आईएसएम के प्रोफेसर डॉ. सुनील कुमार ने कहा कि वर्तमान समय में बच्चों को केवल किताबी ज्ञान देना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनमें नैतिक मूल्यों और सामाजिक जिम्मेदारियों का विकास करना भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि बाल संस्कार केंद्र बच्चों के भीतर आत्मविश्वास, अनुशासन और राष्ट्रप्रेम की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। वार्ड संख्या एक की पार्षद डॉ. मधुमाला ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि सेवा बस्ती के बच्चों के लिए इस प्रकार का संस्कार केंद्र समाज के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव साबित होगा। उन्होंने कहा कि समाज के सभी वर्गों को ऐसे सेवा कार्यों में आगे आना चाहिए।

## एक झलक

### अजय मेडिकल के तीन दिवसीय स्वास्थ्य शिविर में 69 मरीजों की जांच

**सिन्दरी (धनबाद) :** रोहड़ाबांध स्थित अजय मेडिकल द्वारा आयोजित तीन दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर रविवार को संपन्न हो गया। शिविर में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. अनीकेत आर्या ने कुल 69 मरीजों की जांच कर आवश्यक परामर्श दिया। डॉ. अनीकेत आर्या ने बताया कि शिविर में आए लगभग 70 प्रतिशत मरीज घुटने और कमर दर्द की समस्या से पीड़ित पाए गए। जांच के दौरान अधिकांश मरीजों में कैल्शियम की कमी सामने आई। उन्होंने बताया कि नियमित व्यायाम और संतुलित आहार से इस प्रकार की समस्याओं में काफी राहत मिल सकती है। इसके अलावा कई मरीज साइटिका, नसों में खिंचाव, हाथ-पैर में झनझनाहट, शरीर में अकड़न तथा मांसपेशियों और रीढ़ की हड्डी से जुड़ी समस्याओं से भी परेशान मिले। डॉक्टर ने मरीजों को आवश्यक दवाइयों के साथ जीवनशैली में सुधार की सलाह दी। अजय मेडिकल के संचालक अजय मंडल ने बताया कि तीन दिवसीय इस स्वास्थ्य शिविर से क्षेत्र के लोगों को काफी लाभ मिला और बड़ी संख्या में लोगों ने नि:शुल्क जांच एवं परामर्श का फायदा उठाया।

### जिलेभर में चला एंटी क्राइम चेकिंग अभियान, 1455 वाहनों की हुई जांच

**धनबाद :** वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के निर्देश पर शनिवार देर शाम तक जिलेभर में व्यापक एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के तहत विभिन्न थाना क्षेत्रों की पुलिस टीमों ने प्रमुख चौक-चौराहों, संवेदनशील इलाकों और आवागमन वाले मार्गों पर सघन जांच अभियान चलाया। इस दौरान कुल 1455 वाहनों की जांच की गई। पुलिस अधिकारियों ने वाहन चालकों से जरूरी दस्तावेजों की जांच की तथा वाहनों के कागजातों का सत्यापन किया। जिन वाहनों के दस्तावेज अधूरे या त्रुटिपूर्ण पाए गए, उनके खिलाफ कार्रवाई करते हुए चालान काटे गए और वाहन चालकों को आवश्यक निर्देश दिए गए। अभियान के दौरान पुलिस ने संदिग्ध व्यक्तियों की भी तलाशी ली और उनकी पहचान का सत्यापन किया। पुलिस अधिकारियों ने कई स्थानों पर देर शाम तक विशेष निगरानी अभियान चलाया ताकि असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर नजर रखी जा सके। एसएसपी प्रभात कुमार ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य जिले में अपराध पर नियंत्रण रखना, संदिग्ध गतिविधियों पर नजर बनाए रखना तथा आम लोगों में सुरक्षा की भावना को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आगे भी जिले में नियमित रूप से एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाए जायेंगे। पुलिस प्रशासन ने आम नागरिकों से जांच अभियान के दौरान सहयोग करने तथा वाहन चलाते समय सभी आवश्यक दस्तावेज साथ रखने की अपील की है।

### मतदाता सूची से 450 नाम गायब, एसआईआर प्रक्रिया में विभागीय लापरवाही उजागर

**धनबाद :** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के दौरान झरिया विधानसभा क्षेत्र में निर्वाचन विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई है। वार्ड संख्या 43 स्थित मतदान केंद्र संख्या 184 के करीब 450 मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से गायब पाये जाने के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। मामले को लेकर लोगों में नाराजगी के साथ-साथ भय का माहौल भी है। रविवार को एसआईआर प्रक्रिया के तहत मतदान केंद्रों पर अनमैप्ड मतदाताओं की सूची प्रकाशित की गई। सूची सामने आते ही बड़ी संख्या में लोगों ने पाया कि उनका नाम मतदाता सूची में नहीं है। जांच के दौरान पता चला कि वर्ष 2003 की मतदाता सूची के पृष्ठ संख्या 2 से 5 तक विभाग के रिकॉर्ड में उपलब्ध नहीं हैं। इसी कारण उन पन्नों में दर्ज सभी मतदाताओं को अनमैप्ड सूची में डाल दिया गया। मामले की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों ने निर्वाचन विभाग के खिलाफ नाराजगी जतायी।

---

#### मजदूर नेता व पूर्व मंत्री स्वर्गीय राजेन्द्र प्रसाद सिंह की छठी पुण्यतिथि श्रद्धा, सम्मान व भावुक माहौल के बीच मनी

# मजदूरों की आवाज थे स्व. राजेन्द्र प्रसाद सिंह



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद/जोड़ापोखर :** जामाडोबा स्थित आरसीएमयू कार्यालय में रविवार को मजदूर नेता एवं पूर्व मंत्री स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद सिंह की छठी पुण्यतिथि श्रद्धा, सम्मान और भावुक माहौल के बीच मनाई गई। कार्यक्रम में कांग्रेस एवं इंटक नेताओं, सामाजिक कार्यकताओं, मजदूर प्रतिनिधियों और समर्थकों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान वक्ताओं ने उन्हें मजदूर वर्ग का सच्चा हितैषी बताते हुए कहा कि उनके विचार और संघर्ष आज भी प्रासंगिक हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नेताओं ने कहा कि स्व. राजेंद्र प्रसाद सिंह ने अपना संपूर्ण जीवन गरीबों, मजदूरों एवं शोषित वर्ग के अधिकारों की रक्षा के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने कोयलांचल क्षेत्र के मजदूरों की समस्याओं को हमेशा प्रमुखता से उठाया और उनके हक एवं सम्मान के लिए निरंतर संघर्ष किया।

वक्ताओं ने कहा कि कोल एवं माइंस सेक्टर में जेबीसीसीआई के माध्यम से मजदूरों के वेतनमान, बोनस, पदोन्नति और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को लागू कराने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। वे मजदूरों की आवाज बनकर सदैव संघर्षरत रहे।

सभा में मौजूद लोगों ने कहा कि आज भी मजदूर वर्ग उनके बताए मार्ग पर चलकर अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ रहा है। उनके सिद्धांत, सादगी और संघर्ष की राजनीति नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत हैं। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने उनके अधूरे सपनों को पूरा करने तथा मजदूर हित की लड़ाई को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

मौके पर इंटक नेता संतोष महतो, किशोर कुमार, कांग्रेस नेता सतपाल ब्रोका, कौशल सिंह, बंमभोली सिंह, मुनीडीह इंटक अध्यक्ष मनोज महतो, किशोर महतो, राज बिहारी यादव, सिंदरी नगर अध्यक्ष श्याम प्रसाद, मिलन कुमार ओझा, शिबू प्रदीप सिंह, अब्दुल्ला हुसैन, अरुण रवानी, गजेंद्र सिंह, चिराग सिंह, राजू सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद थे।

## मजदूरों की उम्मीदों के सबसे मजबूत स्तम्भ थे राजेन्द्र बाबू : एके झा



**धनबाद :** पूर्व मंत्री एवं बेरमो से छह बार विधायक रहे स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद सिंह की छठी पुण्यतिथि पर राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन (इंटक) के महामंत्री एके झा ने उन्हें कोयलांचल के मजदूरों और गरीबों का सबसे बड़ा जननेता बताते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। रविवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में उन्होंने कहा कि राजेंद्र बाबू का पूरा जीवन मजदूरों, विस्थापितों और आम जनता के अधिकारों की लड़ाई को समर्पित रहा।

एके झा ने कहा कि राजेंद्र बाबू केवल एक राजनेता नहीं थे, बल्कि लाखों मजदूर परिवारों की उम्मीदों के सबसे मजबूत स्तंभ थे। कोयलांचल की राजनीति में उनका व्यक्तित्व एक विशाल बरगद की तरह था, जिसकी छांव में मजदूर, किसान, कर्मचारी, नौजवान और समाज का हर वर्ग खुद को सुरक्षित महसूस करता था। उन्होंने कहा कि आज भी कोयला क्षेत्रों और मजदूर बस्तियों में लोग उन्हें सम्मान और श्रद्धा के साथ याद करते हैं।

उन्होंने कहा कि राजेंद्र बाबू उन विरले नेताओं में शामिल थे जिन्होंने राजनीति को सत्ता प्राप्ति का माध्यम नहीं, बल्कि जनसेवा का रास्ता बनाया। मजदूरों के वेतन, खदान दुर्घटनाओं में पीड़ित परिवारों की सहायता, मेडिकल सुविधा, आश्रितों को नौकरी और विस्थापितों के मुआवजे जैसे मुद्दों पर वे हमेशा गंभीर रहते थे। सार्वजनिक क्षेत्र और कोयला उद्योग को मजबूत करने के लिए उन्होंने जीवनभर संघर्ष किया। एके झा ने कहा कि राजेंद्र बाबू की सबसे बड़ी विशेषता उनकी सहजता और संवेदनशीलता थी। आधी रात में भी कोई जरूरतमंद उनके पास पहुंचता था तो उसे हरसंभव मदद मिलती थी। यही कारण है कि आज भी कोयलांचल का मजदूर वर्ग उन्हें अपना सबसे बड़ा हितैषी और सच्चा जननेता मानता है।

---

## बकरीद को लेकर कतरास थाना में शांति समिति की बैठक, सौहार्द बनाये रखने की अपील



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बाघमारा (धनबाद) :** आगामी बकरीद (ईद-उल-जोहा) पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं भाईचारे के माहौल में संपन्न कराने को लेकर रविवार को कतरास थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी प्रवीण कुमार ने की। इसमें थाना क्षेत्र की सभी 11 मस्जिदों के सदर, सेक्रेटरी, मुख्य इमाम समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। बैठक के दौरान थाना प्रभारी ने पर्व के दौरान प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बकरीद आपसी प्रेम, त्याग और भाईचारे का पर्व है, इसलिए सभी लोग मिलजुल कर इसे शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं। उन्होंने सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों से सतर्क रहने तथा किसी भी संदिग्ध सूचना की जानकारी तत्काल पुलिस को देने की अपील की। थाना प्रभारी ने कहा कि पर्व के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है। किसी भी प्रकार की भड़काऊ पोस्ट, अफवाह या असामाजिक गतिविधियों पर प्रशासन की नजर रहेगी। उन्होंने लोगों से प्रशासन का सहयोग करने तथा शांति व्यवस्था बनाये रखने में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की।

बैठक में मौजूद मस्जिद कमिटी के सदस्यों एवं इमामों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया। सभी ने एक स्वर में क्षेत्र में अमन-चैन एवं सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने का संकल्प लिया। बैठक के अंत में पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर कई आवश्यक बिंदुओं पर सहमति बनी।

### 02 जून को होगा राजद का युवा संवाद सह युवा चौपाल कार्यक्रम

**धनबाद :** जिला राष्ट्रीय जनता दल की एक आवश्यक बैठक रविवार को धनबाद परिसदन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राधवेन्द्र प्रताप ने की, जबकि संचालन महानगर अध्यक्ष मुमताज कुरैशी ने किया। बैठक में व्यवसाय प्रकोष्ठ के अध्यक्ष तारकेश्वर यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक में आगामी 2 जून को धैया स्थित ललित मैरिज हॉल में आयोजित होने वाले 'युवा संवाद सह युवा चौपाल' कार्यक्रम की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। नेताओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संगठन के कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी तथा अधिक से अधिक युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। इस दौरान पार्टी नेताओं ने कहा कि युवा चौपाल के माध्यम से युवाओं की समस्याओं, रोजगार, शिक्षा एवं सामाजिक मुद्दों पर संवाद स्थापित किया जाएगा। बैठक में प्रदेश सचिव जय प्रकाश यादव, सत्येंद्र कुमार, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष गुलशन खातून, उदय शर्मा, प्रवीण यादव, डॉ. बीडी यादव, डॉ. डीके यादव, राजू यादव, कुमार विवेकानंद, आरजी शर्मा समेत बड़ी संख्या में राजद कार्यकर्ता उपस्थित थे।

#### जनविरोधी नीतियों के खिलाफ बड़े आन्दोलन की तैयारी

## माले, बलियापुर में कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद/बलियापुर :** बलियापुर पूर्वी पंचायत सचिवालय में रविवार को भाकपा माले की ओर से सिंदरी विधानसभा स्तरीय एक दिवसीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में संगठन विस्तार, राजनीतिक परिस्थिति, महंगाई, बेरोजगारी और जनआंदोलन की रणनीति पर विस्तृत चर्चा हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्य कमेटी सदस्य कार्तिक प्रसाद ने की, जबकि मुख्य वक्ता पोलित ब्यूरो सदस्य जनार्दन प्रसाद रहे। शिविर को संबोधित करते हुए जनार्दन प्रसाद ने केंद्र सरकार की नीतियों पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि वैश्विक आर्थिक संकट और तेल कंपनियों के घाटे का हवाला देकर केंद्र सरकार लगातार पेट्रोल, डीजल और गैस की कीमतों में बढ़ोतरी कर आम जनता पर महंगाई का बोझ डाल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की नीतियों का लाभ बड़े कॉरपोरेट घरानों को मिल रहा है, जबकि गरीब और मध्यम वर्ग आर्थिक संकट से जूझ रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों के बजट में लगातार कटौती की जा रही है, जिससे युवाओं में आक्रोश बढ़ रहा है। बेरोजगारी और बढ़ती महंगाई के खिलाफ भाकपा माले आने वाले दिनों में व्यापक जनआंदोलन चलायेगी। शिविर में जिला सचिव बिन्दा पासवान, राज्य कमेटी सदस्य आनंदमयी पाल, जिला सदस्य श्रीराम विश्वकर्मा, शीतल दत्ता, मंगल महतो, विमल कुमार रवानी, गोपाल महतो, जमशेद अंसारी, सुनील कुमार महतो, सफीक, शमशेर अंसारी, हुसैन अंसारी, सुमन मरांडी, विनोद मुर्मू, कृष्णा दां, हीरालाल मोदक, हीरालाल महतो, देवाशीष पाण्डेय, विजय राम, सूरज महतो और प्रकाश महतो समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

---

## क्लस्टर सिस्टम के विरोध में छात्र नेता ने विधायक व सांसद को सौंपा ज्ञापन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बाघमारा (धनबाद) :** बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय (बीबीएमकेयू) में विभिन्न विभागों के पुनर्गठन एवं राज्यभर के महाविद्यालयों में क्लस्टर सिस्टम लागू किए जाने के विरोध में छात्र नेता एवं बीबीएमकेयू विधायक प्रतिनिधि चितरंजन कुमार सिंह ने बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो तथा धनबाद सांसद ढुल्लू महतो को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कतरास कॉलेज, कतरासगढ़ के साइंस एवं आर्ट्स संकाय में साइकोलॉजी, फिलॉसफी, उर्दू, संस्कृत और खोरठा विषयों में क्लस्टर सिस्टम लागू करने का विरोध जताया गया। साथ ही बीबीएमकेयू के स्नातकोत्तर प्रबंधन, जनसंचार, कंप्यूटर साइंस, विधि, शिक्षा एवं विदेशी भाषा विभागों के पुनर्गठन पर भी चिंता व्यक्त की गई। चितरंजन कुमार सिंह ने कहा कि इन विभागों में बड़ी संख्या में गरीब, आदिवासी, अनुसूचित जाति, पिछड़े वर्ग एवं मूलवासी समुदाय के छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। क्लस्टर सिस्टम लागू होने से आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा और दूरदराज के कई छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो सकती है। उन्होंने इसे सामाजिक न्याय एवं समावेशी शिक्षा की भावना के विपरीत बताते हुए निर्णय पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। ज्ञापन मिलने के बाद विधायक शत्रुघ्न महतो और सांसद ढुल्लू महतो ने मामले को गंभीर बताते हुए कहा कि छात्रों के हितों की रक्षा के लिए वे राज्यपाल एवं संबंधित अधिकारियों से वार्ता करेंगे और हरसंभव प्रयास किया जायेगा।

### कीर्तन कार्यक्रम में शामिल हुए सिन्दरी विधायक, क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की

**धनबाद/बलियापुर :** आमटाल दुर्गा मंदिर प्रांगण में आयोजित 'आमटाल सोलोआना हरी कीर्तन' कार्यक्रम भक्तिमय माहौल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। मंदिर परिसर पहुंचने पर आयोजन समिति एवं स्थानीय ग्रामीणों ने पुष्पगुच्छ देकर उनका भव्य स्वागत किया। विधायक चंद्रदेव महतो ने सबसे पहले मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की और अखंड हरिनाम संकीर्तन मंडप में माथा टेककर पूरे क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हरी कीर्तन जैसे धार्मिक आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। इससे लोगों के मन को शांति मिलती है और सामाजिक एकता मजबूत होती है। उन्होंने कहा कि हमारी सांस्कृतिक और धार्मिक परंपराएं समाज को जोड़ने का काम करती हैं तथा नयी पीढ़ी को अपनी संस्कृति से परिचित कराती हैं। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने कीर्तन मंडलियों का उत्साहवर्धन किया और श्रद्धालुओं के साथ बैठ कर भक्ति गीतों एवं संकीर्तन का आनंद लिया। पूरे मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा। मौके पर आमटाल सोलोआना समिति के सदस्य, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## हीट वेव से राहत, धनबाद के प्रमुख चौक-चौराहों पर जिला प्रशासन ने शुरू किया प्याऊ



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** लगातार बढ़ रही गर्मी और हीट वेव को देखते हुए जिला प्रशासन ने आम नागरिकों को राहत देने के लिए जिले के प्रमुख चौक-चौराहों पर प्याऊ एवं शेड की व्यवस्था शुरू कर दी है। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन के निर्देश पर सिटी सेंटर, माधुरी पैलेस, बरवाअड्डा, बस स्टॉप, रांगाटांड़ समेत विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर पेयजल की समुचित व्यवस्था की गई है। उपायुक्त ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार जिले में जनहित को प्राथमिकता देते हुए यह पहल की गई है, ताकि भीषण गर्मी में बाहर निकलने वाले लोगों को राहत मिल सके। इसके साथ ही प्रमुख सड़कों पर शेड की भी व्यवस्था कराई गई है, जिससे राहगीरों को धूप से बचाव मिल सके। उन्होंने सभी अंचल अधिकारियों एवं प्रखंड विकास पदाधिकारियों को भी अपने-अपने क्षेत्रों के सार्वजनिक स्थलों पर प्याऊ लगाने का निर्देश दिया है। वहीं सरकारी कार्यालयों को कार्यालय परिसर एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर पेयजल उपलब्ध कराने को कहा गया है। जिला प्रशासन ने यह भी निर्देश दिया है कि जहां कहीं जल संकट की स्थिति उत्पन्न हो, वहां तत्काल टैंकरों से जलापूर्ति, चापाकलों की मरम्मत एवं अन्य वैकल्पिक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। प्रशासन ने भरोसा दिलाया है कि जिले के किसी भी गांव, टोला या मोहल्ले में पेयजल की कमी नहीं होने दी जाएगी। जिला प्रशासन की इस पहल से रोजमर्रा के कार्यों के लिए बाहर निकलने वाले लोगों को काफी राहत मिली है।

### हीट वेव से राहत के लिए जिला प्रशासन की नयी पहल, प्रमुख चौराहों पर लगे छायादार शेड

**धनबाद :** लगातार बढ़ रही गर्मी और हीट वेव के बीच जिला प्रशासन ने आम लोगों को राहत पहुंचाने के लिए विशेष पहल शुरू की है। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन के निर्देश पर शहर के प्रमुख ट्रैफिक सिग्नलों और व्यस्त सड़कों के किनारे अस्थायी छायादार शेड लगाए गए हैं। इन शेडों का उद्देश्य ट्रैफिक सिग्नल पर रुकने वाले दुपहिया वाहन चालकों, ऑटो चालकों और राहगीरों को चिलचिलाती धूप तथा लू से राहत देना है। प्रशासन ने विशेष रूप से उन चौक-चौराहों का चयन किया है जहां ट्रैफिक होल्डिंग टाइम अधिक रहता है। शेड इस प्रकार लगाए गए हैं कि यातायात संचालन और वाहन चालकों की दृश्यता प्रभावित न हो। उपायुक्त ने कहा कि भीषण गर्मी में सबसे अधिक परेशानी ट्रैफिक सिग्नल पर रुकने के दौरान होती है। ऐसे में लोगों को हीट स्ट्रोक से बचाने और कुछ समय के लिए राहत उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह व्यवस्था की गई है। जिला प्रशासन ने लोगों से दोपहर के समय अनावश्यक रूप से घर से बाहर नहीं निकलने, पर्याप्त पानी पीने तथा हीट वेव से बचाव के उपाय अपनाने की अपील की है। साथ ही ट्रैफिक नियमों का पालन करते हुए अनुशासित तरीके से शेड का उपयोग करने को कहा गया है।

---

## राष्ट्रीय विमर्श में सामाजिक न्याय व संविधान रक्षा के मुद्दों पर मंथन





**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** अखिल भारतीय अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग संयुक्त मोर्चा के तत्वावधान में नई दिल्ली स्थित कांस्टीट्यूशन क्लब में राष्ट्रीय विमर्श कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. ओम सुधा ने की। इसमें एससी, एसटी एवं पिछड़ा वर्ग से जुड़े विभिन्न सामाजिक, शैक्षणिक और संवैधानिक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। विमर्श के दौरान यूजीसी गाइडलाइंस को लागू कराने, एससी एक्ट को कमजोर करने के प्रयासों का विरोध, जातिगत भेदभाव एवं उत्पीड़न रोकने, निजीकरण नीति का विरोध, जातीय जनगणना में जाति कॉलम जोड़ने, प्रमोशन में आरक्षण लागू करने तथा बैकलॉग सीटों पर नियुक्ति सुनिश्चित करने की मांग उठाई गई। इसके अलावा मंडल आयोग की सभी सिफारिशों को लागू करने, महाबोधि मंदिर की मुक्ति, पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) बहाल करने, जल-जंगल-जमीन पर आदिवासियों के अधिकार तथा महिला आरक्षण में कोटे के अंदर कोटा देने जैसे विषयों पर भी वक्ताओं ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में डॉ. निशा बुराक (हरियाणा), डॉ. विनोद कुमार, प्रहलाद बेहरा, सुधीर कांड़ा, रमेश पटेल, प्रमोदिनी रामटेके, ई.के.के. वर्मा, डॉ. अश्वनी कुमार, डॉ. राम उदय शर्मा, विनय कुमार, विक्रांत चंद्रगुप्त मौर्य सहित धनबाद से महेश यादव और गोपाल यादव ने संबोधित किया। वक्ताओं ने संविधान की रक्षा एवं सामाजिक न्याय की लड़ाई को और मजबूत करने का संकल्प लिया।

### सिन्दरी में आवास खाली कराने की तैयारी तेज, विरोध के बीच एफसीआई ने जिला प्रशासन से मांगा सहयोग

**सिन्दरी (धनबाद) :** सिन्दरी वासियों के विरोध और न्यूनतम किराया पर लंबी अवधि की लीज की मांग के बीच एफसीआई सिंदरी प्रबंधन ने मनोहरटांड़ एवं एसएल-2 श्रेणी के अनाधिकृत आवासों को खाली कराने की प्रक्रिया तेज कर दी है। एफसीआई प्रबंधन ने जिला प्रशासन को पत्र भेजकर इन आवासों को खाली कराने में सहयोग का अनुरोध किया है। एफसीआई सिंदरी के प्रशासनिक सलाहकार देवदास अधिकारी ने बताया कि इकाई प्रमुख विजय चौधरी द्वारा जिला प्रशासन को भेजे गए पत्र में उल्लेख किया गया है कि संपदा पदाधिकारी के न्यायालय ने मनोहरटांड़ स्थित 746 तथा एसएल-2 श्रेणी के करीब 200 अनाधिकृत आवासों को खाली कराने का न्यायिक आदेश पारित कर दिया है। सूत्रों के अनुसार, आवास खाली कराने के लिए दंडाधिकारी की नियुक्ति एवं जिला पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति आवश्यक होगी। एफसीआई प्रबंधन ने इस प्रक्रिया में आने वाले प्रशासनिक खर्च और औपचारिकताओं को पूरा करने पर सहमति भी दे दी है। इधर, शुक्रवार को ही विधायक चंद्रदेव महतो और पार्षद नीरज कुमार सिंह के नेतृत्व में सिंदरी वासियों के प्रतिनिधिमंडल को प्रबंधन ने आश्वासन दिया था कि आवासों को खाली नहीं कराया जाएगा तथा न्यूनतम किराया पर लंबी अवधि की लीज देने संबंधी मांगपत्र दिल्ली मुख्यालय भेजा जाएगा। ऐसे में एक ओर लोगों को आश्वासन और दूसरी ओर जिला प्रशासन से आवास खाली कराने का अनुरोध किए जाने से सिंदरीवासियों में असमंजस और नाराजगी का माहौल है।

## मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों के अधिकारों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** नब्बे दिवसीय अवेयरनेस एवं आउटरीच कार्यक्रम के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा), धनबाद की ओर से रविवार को बस्ताकोला स्थित जीवन संस्थान में मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों के अधिकारों एवं उनके लिए संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश निकेश कुमार सिन्हा के निर्देश पर आयोजित हुआ। डालसा के सचिव सह अवर न्यायाधीश मयंक तुषार टोपनों ने बताया कि मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों को शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा एवं सम्मानजनक जीवन जीने का समान अधिकार प्राप्त है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को दिव्यांग बच्चों एवं उनके अभिभावकों के लिए संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं, सुविधाओं तथा कानूनी अधिकारों की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि वह दिव्यांग बच्चों के अधिकारों की रक्षा करते हुए उनके समावेशी विकास में सहयोग करे। साथ ही प्रतिभागियों को नि:शुल्क विधिक सहायता, बाल अधिकार संरक्षण तथा सामाजिक कल्याण योजनाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया से भी अवगत कराया गया। कार्यक्रम में पैरा लीगल वॉलंटियर चंदन कुमार, गीता कुमारी, हेमराज चौहान, अनामिका सिंह, नवीन कुमार, डिपेंटी गुप्ता, पूनम कुमारी सहित अन्य पीएलवी मौजूद रहे।

---

# भीषण गर्मी के बीच झरिया विधानसभा क्षेत्र में गहराया बिजली व जल संकट



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झरिया :** झरिया विधानसभा क्षेत्र में गहराया बिजली एवं जल संकट को लेकर झरिया विधायक रागिनी सिंह पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आईं। डिगवाडीह बिजली सब स्टेशन का 10 एमवीए ट्रांसफार्मर खराब हो जाने से भौरा, जामाडोबा, भागा, डिगवाडीह, फूसबंगला समेत कई इलाकों में बिजली आपूर्ति ठप हो गई। भीषण गर्मी के बीच हजारों उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थिति की जानकारी मिलते ही विधायक रागिनी सिंह ने बिजली विभाग के उच्चाधिकारियों से संपर्क कर त्वरित समाधान का निर्देश दिया। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि वैकल्पिक ट्रांसफार्मर हर्ल सिंदरी में उपलब्ध है। इसके बाद विधायक ने स्वयं पहल करते हुए हर्ल प्रबंधन से वार्ता की और बिजली विभाग को शीघ्र ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने की व्यवस्था करवाई, ताकि जल्द से जल्द बिजली आपूर्ति बहाल हो सके। इधर, जामाडोबा पटिया बस्ती स्थित दामोदर प्लांट के समीप 30 इंची पाइपलाइन फटने से झरिया शहर सहित कई इलाकों की जलापूर्ति भी प्रभावित हो गई। पाइपलाइन लीकेज की मरम्मत युद्धस्तर पर शुरू कर दी गई है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार पाइपलाइन की वेल्डिंग और ढलाई का कार्य पूरा कर लिया गया है तथा लाइन सूखने के बाद सोमवार तक जलापूर्ति सामान्य होने की संभावना है। फूसबंगला मोड़ के पास एक अन्य पाइपलाइन लीकेज का निरीक्षण करने विधायक स्वयं मौके पर पहुंचीं और अधिकारियों को तेजी से कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। इधर पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने से झरिया शहर, घनुआडीह, भगतडीह, ऐना कोलियरी, शिमला बहाल, बस्ताकोला और धनसार थाना क्षेत्र में पानी की सप्लाई बाधित रही। विधायक रागिनी सिंह ने कहा कि जनता की समस्या उनकी प्राथमिकता है तथा बिजली-पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मौके पर अखिलेश सिंह, उमेश यादव, अभिषेक पांडेय समेत बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे।

### भागा फीडर का 10 एमवीए ट्रांसफार्मर जला, 24 घंटे बिजली ठप रहने से फूटा लोगों का गुस्सा



**जोड़ापोखर (धनबाद) :** डिगवाडीह सब स्टेशन स्थित भागा फीडर का 10 एमवीए मुख्य ट्रांसफार्मर शनिवार को जल जाने से भागा फीडर क्षेत्र के कई इलाकों में पिछले 24 घंटे से बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई। भीषण गर्मी में बिजली संकट गहराने से नाराज उपभोक्ताओं का गुस्सा रविवार को फूट पड़ा। सैकड़ों की संख्या में लोग डिगवाडीह सब स्टेशन पहुंच गए और बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए हंगामा किया। बिजली-पानी उपभोक्ता मंच के सुभाशीष राय, कयूम अंसारी समेत अन्य लोगों ने विभागीय लापरवाही का आरोप लगाया। हंगामे के कारण कुछ देर तक सब स्टेशन परिसर में अफरातफरी का माहौल बना रहा। स्थिति बिगड़ते देख विद्युत कर्मी रंजीत ने सुरक्षा कारणों से सातों फीडरों का संयोजन काट दिया। सूचना मिलने पर मेयर संजीव सिंह, विधायक रागिनी सिंह के करीबी अखिलेश सिंह तथा सांसद के प्रतिनिधि राजकिशोर जैना मौके पर पहुंचे। जनप्रतिनिधियों ने अधिकारियों से तत्काल समाधान की मांग की। इसके बाद विभाग ने हर्ल सिंदरी से 10 एमवीए का वैकल्पिक ट्रांसफार्मर मंगाने का निर्णय लिया। साथ ही हर दो घंटे पर रोटेशन के आधार पर बिजली आपूर्ति शुरू कराने का निर्देश दिया गया। विद्युत एसडीओ की पहल पर करीब तीन घंटे बाद क्षेत्र में आंशिक बिजली आपूर्ति बहाल की गई। अखिलेश सिंह ने आरोप लगाया कि सब स्टेशन में मौजूद अतिरिक्त 10 एमवीए ट्रांसफार्मर पिछले चार वर्षों से खराब पड़ा है। यदि उसकी मरम्मत समय पर कराई गई होती तो लोगों को इस संकट का सामना नहीं करना पड़ता। वहीं राजकिशोर जैना ने एसडीओ पर लापरवाही और अवैध कनेक्शन देने का आरोप लगाते हुए जीएम से कार्रवाई की मांग की। इधर झरिया विधायक रागिनी सिंह भी सब स्टेशन पहुंचीं और अधिकारियों को फटकार लगाते हुए जल्द बिजली व्यवस्था सामान्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जनता की समस्या सर्वोपरि है और हर हाल में जल्द राहत दिलायी जायेगी।

## सम्पादकीय.....

# मौसम का उग्र होता तेवर

**भारत** के कई हिस्से इन दिनों भीषण गर्मी और हीटवेव की चपेट में हैं। तापमान सामान्य से 03 से 05 डिग्री अधिक चल रहा है। डब्ल्यूएचओ और अन्य रिपोर्ट्स की ओर से लगातार चेतावनी दी जा रही है कि लू के दिन तेजी से बढ़ रहे हैं। हीटवेव का प्रभाव स्वास्थ्य, कामकाज और अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है। विशेषज्ञों की मानें, तो क्लाइमेट चेंज और अल-नीनो के कारण आनेवाले वर्षों में स्थिति और गम्भीर हो सकती है। कहना गलत नहीं होगा कि देश का एक बड़ा हिस्सा इस समय भट्ठी बना हुआ है। उत्तर से लेकर मध्य भारत तक, अधिकतर शहरों में औसत तापमान सामान्य से 03 से 05 डिग्री सेल्सियस ऊपर चल रहा है। चिन्ता की बात यह है कि फिलहाल राहत के कोई संकेत भी नहीं हैं। अल-नीनो के कारण मौसम आनेवाले दिनों में और कड़ी परीक्षा ले सकता है। विभिन्न इंटरनेशनल रिपोर्ट्स की मानें, तो इस मौसम 27 अप्रैल और 19 मई दो ऐसे दिन रहे, जब धरती के सबसे ज्यादा गर्म 50 शहरों में सभी भारत के रहे। डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट ने ताकीद की है कि देश के 50 प्रतिशत से अधिक शहरों में भीषण गर्मी का खतरा 'अधिक' से लेकर 'बहुत अधिक' के स्तर तक जा पहुंचा है। 2015 से 2020 के दरम्यान लू वाले दिनों का औसत 7.4 दिन से बढ़ कर 32.2 दिन हो गया है, और यह लगातार बढ़ रहा है। भारत में गर्मी अब हर वर्ष एक नया रिकॉर्ड बना रही है। चिन्ताजनक बात यह है कि दिन तो तपते ही हैं, अब रातें भी राहत नहीं दे रहीं। बीती 20 तारीख को दिल्ली ने मई महीने में 13 वर्षों की सबसे गर्म रात देखी, जब न्यूनतम तापमान सामान्य से 5.2 डिग्री सेल्सियस ऊपर रहा। हाल के वर्षों में हीटवेव की तीव्रता, उसका समय और सीमा अभूतपूर्व रूप से बढ़े हैं। शहरों पर संकट अधिक है, जो घटती हरियाली, बढ़ते कंक्रीट स्ट्रक्चर और प्रदूषण के कारण 'अर्बन हीट आईलैंड इफेक्ट' झेल रहे हैं। मौसम की यह मार दोतरफा पड़ रही है। इससे अर्थव्यवस्था तो प्रभावित हो ही रही है, सेहत भी सुस्त पड़ती जा रही है। नैशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल की मानें, तो 2025 में हीट स्ट्रोक के 07 हजार से अधिक सस्पेक्टेड केस सामने आये थे। यह और बात है कि ऐसा माना जाता है कि भारत में हीट स्ट्रोक और उससे होनेवाली मौतों का सही आंकड़ा रिपोर्ट नहीं हो पाता। देश की एक बड़ी आबादी मौसम का सीधा प्रहार झेलती है। इनमें गिग वर्कर्स, दिहाड़ी मजदूर, स्ट्रीट वेंडर्स आदि शामिल हैं। गर्मी से कार्यक्षमता पर असर पड़ता है, काम के घंटे कम होते हैं और प्रॉडक्टिविटी भी घट जाती है। घर बैठने से इनका काम तो नहीं ही चलेगा, देश के विकास का पहिया भी थमने लगेगा। यह स्थिति अर्थव्यवस्था के लिए हानिकारक है। गिग वर्कर्स, दिहाड़ी मजदूर, स्ट्रीट वेंडर्स भीषण गर्मी की चपेट में आकर बहुत अधिक जोखिम में होते हैं। इनकी सुरक्षा के लिए कुछ कदम उठाये जाने चाहिए ; मसलन सार्वजनिक शेल्टर, पेयजल की व्यवस्था और जहां सम्भव हो, वहां काम के घंटों में बदलाव। बहरहाल, मौसम का उग्र होता तेवर चिन्ताजनक है। इसके और बिगड़ने की सम्भावना जतायी जा रही है। अतः, इससे बचाव के लिए शीघ्रातिशीघ्र कदम उठाये जाने की आवश्यकता है। सरकार के साथ जनसामान्य का भी दायित्व बनता है कि संदर्भ पर वह अपनी गम्भीरता दिखलाये और इस खतरे से निबटने में सामूहिक प्रयास को मुखर करे।

## ● किसने क्या कहा



सीबीएसई पोर्टल की तकनीकी दिक्कतें दूर करने के लिए आईआईटी विशेषज्ञों की टीम तैनात होगी

**धर्मेन्द्र प्रधान**
**शिक्षा मंत्री**



आगामी यूपी विधानसभा चुनाव के लिए पूरे जी-जान से जुटें कार्यकर्ता

**मायावती**
**बसपा प्रमुख**

# उपहारों की कूटनीति से वैश्विक मंच पर भारतीय संस्कृति का उत्कर्ष

विशेष — **विनोद कुमार सिंह**



वर्तमान दौर में जब वैश्विक राजनीति लगातार बदल रही है, दुनिया आर्थिक प्रतिस्पर्द्धा, युद्ध, सामरिक तनाव और वैचारिक संघर्षों के दौर से गुजर रही है, तब भारत 'वसुधैव कुटुम्बकम' की भावना के साथ विश्व मंच पर एक संतुलित और मानवीय शक्ति के रूप में उभर रहा है। विगत दिनों प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हालिया पांच देशों-संयुक्त अरब अमीरात, नीदरलैंड, स्वीडन, नॉर्वे और इटली की यात्रा इसी बदलते भारत की नयी तस्वीर बन कर सामने आयी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यह यात्रा केवल राजनीतिक बैठकों, व्यापारिक समझौतों या रणनीतिक साझेदारियों तक सीमित नहीं रही, बल्कि भारतीय संस्कृति, लोक जीवन, कला, कृषि और सभ्यतागत मूल्यों की सुगंध को भी दुनिया तक पहुंचाने का माध्यम बनी।

**विगत** दिनों पांच देशों की यात्रा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व को दिया भारतीय आत्मीयता, संस्कृति,सभ्यता व 'वसुधैव कुटुम्बकम' का संदेश भारत केवल एक राष्ट्र नहीं,बल्कि हजारों वर्षों पुरानी संस्कृति, सभ्यता, दर्शन और मानवीय मूल्यों की जीवंत धारा है। यहाँ राजनीति केवल सत्ता संचालन का माध्यम नहीं रही, बल्कि समाज,संस्कृति और विश्व बंधुत्व की सम्पूर्ण चेतना से भी जुड़ी रही है। भारतीय परंपरा ने सदैव दुनिया को यह संदेश दिया कि संबंध शक्ति से नहीं,संवेदना से स्थायी बनते हैं। हमारी संस्कृति में अतिथि का स्वागत केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि आत्मीयता और सम्मान का प्रतीक माना गया है। वर्तमान दौर मे जब वैश्विक राजनीति लगातार बदल रही है,दुनिया आर्थिक प्रतिस्पर्धा, युद्ध, सामरिक तनाव और वैचारिक संघर्षों के दौर से गुजर रही है,तब भारत 'वसुधैव कुटुम्बकम' की भावना के साथ विश्व मंच पर एक संतुलित और मानवीय शक्ति के रूप में उभर रहा है। विगत दिनों प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हालिया पाँच देशों-संयुक्त अरब अमीरात,नीदरलैंड, स्वीडन,नॉर्वे और इटली- की यात्रा इसी बदलते भारत की नई तस्वीर बनकर सामने आई।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यह यात्रा केवल राजनीतिक बैठकों, व्यापारिक समझौतों या रणनीतिक साझेदारियों तक सीमित नहीं रही, बल्कि भारतीय संस्कृति, लोक जीवन, कला, कृषि और सभ्यतागत मूल्यों की सुगंध को भी दुनिया तक पहुँचाने का माध्यम बनी। मोदी ने इस पूरे दौरे के दौरान विदेशी नेताओं को जो सप्रेम भारतीय उपहार भेंट किए, वे केवल स्मृति- चिन्ह नहीं थे, बल्कि भारत की आत्मा,उसकी विविधता और उसकी सांस्कृतिक चेतना के जीवंत प्रतीक थे। भारतीय कूटनीति का इतिहास सदैव सांस्कृतिक मूल्यों से जुड़ा रहा है। प्राचीन काल में जब भारत से व्यापारी समुद्री मार्गों से दक्षिण-पूर्व एशिया, अरब और यूरोप की ओर जाते थे, तब वे केवल वस्तुएँ ही नहीं ले जाते थे, बल्कि भारतीय संस्कृति, दर्शन, भाषा, संगीत, योग और जीवन शैली भी अपने साथ लेकर जाते थे। यही कारण है कि आज भी इंडोनेशिया, थाईलैंड, कंबोडिया,वियतनाम और कई अन्य देशों की सांस्कृतिक परंपराओं में भारतीय सभ्यता की झलक दिखाई देती है। मोदी ने इस सांस्कृतिक कूटनीति को एक नई दिशा दी है।उन्होंने यह समझा कि दुनिया केवल आर्थिक शक्ति से प्रभावित नहीं होती, बल्कि सांस्कृतिक पहचान और मानवीय जुड़ाव भी देशों के बीच स्थायी संबंध बनाते हैं। यही वजह है कि उनकी विदेश यात्राओं में भारतीय विरासत, परंपरा और सांस्कृतिक प्रतीकों की विशेष भूमिका दिखाई देती है। इस पाँच देशों की यात्रा में सबसे अधिक चर्चा उन उपहारों की हुई, जिन्हें प्रधानमंत्री मोदी अपने विदेशी मेहमानों और नेताओं के लिए स्वयं भारत से लेकर गए। सर्वविदित रहे कि इन उपहारों में भारत की पवित्र मिट्टी की खुशबू थी, अन्नदाता किसानों की मेहनत थी,बुनकरों की कला थी,लोक कलाकारों की कल्पना थी और भारतीय समाज की आत्मीयता थी।संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति को मोदी ने गुजरात का प्रसिद्ध केसर आम और मेघालय का अनानास भेंट किया।सर्वविदित रहे कि भारतीय परंपरा में फल केवल स्वाद या उपभोग की वस्तु नहीं माने जाते,बल्कि समृद्धि,प्रेम और शुभकामनाओं के प्रतीक होते हैं। फलों का राजा आम का भारतीय साहित्य और लोक संस्कृति में विशेष स्थान रखता है।संस्कृत साहित्य से लेकर हिंदी कविता तक आम को ऋतु,प्रेम और मधुरता का प्रतीक माना गया है।भारतीय गाँवों में आम का पेड़ केवल फल देने वाला वृक्ष नहीं, बल्कि सामाजिक जीवन और पारिवारिक संस्कृति का हिस्सा होता है।

वही मेघालय का अनानास पूर्वोत्तर भारत की प्राकृतिक समृद्धि और जैव विविधता का प्रतीक है। लंबे समय तक पूर्वोत्तर भारत राष्ट्रीय विमर्श के केंद्र में कम दिखाई देता था, किंतु प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी विदेश नीति और विकास योजनाओं में पूर्वोत्तर को विशेष महत्व दिया है। उनके उपहारों में भी पूर्वोत्तर की झलक लगातार दिखाई देती है। यह केवल प्रतीकात्मक नहीं, बल्कि यह संदेश भी है कि भारत की असली शक्ति उसकी विविधता में निहित है। नीदरलैंड की महारानी को भारतीय लोककला से सुसज्जित हस्तनिर्मित उपहार भेंट किए गए। भारतीय लोककलाएं केवल रंगों और आकृतियों का संसार नहीं होतीं, बल्कि वे समाज की स्मृतियों, परंपराओं और सांस्कृतिक चेतना की अभिव्यक्ति होती हैं। बिहार की मधुबनी, कलमकारी, पट्टचित्र, वारली और मिथिला जैसी लोककलाएँ भारतीय समाज की आत्मा को दर्शाती हैं। इनमें गाँवों का जीवन, प्रकृति से जुड़ाव, स्त्री संवेदना और लोक संस्कृति की सहजता दिखाई देती है। जब ऐसी कलाएं विश्व नेताओं तक पहुँचती हैं, तो वे केवल सजावटी वस्तुएं नहीं रहतीं,बल्कि भारत की सांस्कृतिक पहचान का दर्पण बन जाती हैं। यह भारत की 'सॉफ्ट पावर' का प्रभावी उदाहरण है। दुनिया के कई विकसित देशों ने अपनी सांस्कृतिक शक्ति को वैश्विक प्रभाव का माध्यम बनाया है। स्वीडन के प्रधानमंत्री को मणिपुर की प्रसिद्ध लोकटक चाय भेंट की गई। यह केवल चाय नहीं,बल्कि पूर्वोत्तर भारत की प्रकृति, श्रम और सांस्कृतिक जीवन का प्रतीक है। लोकटक झील मणिपुर की पहचान मानी जाती है और उसके आसपास की संस्कृति भारत की जैव विविधता और पारंपरिक जीवन शैली का अद्भुत उदाहरण है।

# कॉकरोच जनता पार्टी : अपमान से जन्मा डिजिटल जनविद्रोह

गौरतलब — **प्रो. आरके जैन**



कुछ ही दिनों में 'कॉकरोच जनता पार्टी' अभियान सोशल मीडिया पर फैल गया और उसके फॉलोअर्स कई मिलियन पार कर गये। यह लोकप्रियता नहीं, बल्कि गहरे असंतोष और टूटते भरोसे का संकेत है, जिसे युवा लम्बे समय से भीतर दबाये बैठे हैं। अभिजीत दीपके ने इसे व्यंग्य के रूप में शुरू किया था, लेकिन अब यह मजाक की सीमा बहुत पीछे छोड़ चुका है।

**सपनों** की उम्र जब नीट के पेपर लीक, अधूरी भर्तियों और बेरोजगारी में उलझे, तब गुस्सा भीतर ही भीतर जमा होने लगता है। 15 मई 2026 की अदालत टिप्पणी ने उसी दबे आक्रोश को आवाज दी। जब मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने सुप्रीम कोर्ट में कुछ बेरोजगार युवाओं को 'कॉकरोच' और 'परजीवी' कहा, तो यह बयान पूरी पीढ़ी के आत्मसम्मान पर चोट बन गया। युवाओं ने चुप रहने के बजाय अपमान को प्रतिरोध में बदला दिया। कुछ ही दिनों में 'कॉकरोच जनता पार्टी' अभियान सोशल मीडिया पर फैल गया और उसके फॉलोअर्स कई मिलियन पार कर गए। यह लोकप्रियता नहीं, बल्कि गहरे असंतोष और टूटते भरोसे का संकेत है, जिसे युवा लंबे समय से भीतर दबाए बैठे हैं। अभिजीत दीपके ने इसे व्यंग्य के रूप में शुरू किया था, लेकिन अब यह मजाक की सीमा बहुत पीछे छोड़ चुका है। यह सिर्फ इंटरनेट पर चल रहा कोई क्षणिक मजाक या मीम अभियान नहीं है; इसके पीछे उस पीढ़ी की घुटन है, जो डिग्री लेकर भी बेरोजगारी की कतारों में खड़ी है। प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक हो जाते हैं, भर्तियां रद्द होती हैं और परिणाम अटक जाते हैं। लाखों युवा कोचिंग में समय, पैसा और मानसिक शांति खो रहे हैं। ऐसे में जब व्यवस्था उन्हें 'परजीवी' की नजर से देखे, तो आक्रोश फूटना स्वाभाविक है। युवाओं ने 'कॉकरोच' शब्द को अपमान नहीं, बल्कि प्रतिरोध की पहचान बना दिया। उनका संदेश है – व्यवस्था उन्हें कितना भी कुचलने की कोशिश करे, वे मिटने वाले नहीं हैं। जैसे कॉकरोच हर कठिन परिस्थिति में जीवित रह जाता है, वैसे ही यह पीढ़ी भी संघर्षों के बीच खुद को बचाए रखने की लड़ाई लड़ रही है।

लंबे भाषणों और नारों के बीच 'कॉकरोच जनता पार्टी' ने व्यंग्य को अपना हथियार बना लिया है। जहां पारंपरिक राजनीतिक दल विचारधाराओं में उलझते हैं, वहीं यह अभियान मीम्स, छोटे वीडियो और इंटरनेट संस्कृति से युवाओं से जुड़ रहा है। इसकी सदस्यता की शर्तें भी व्यवस्था पर तंज हैं – बेरोजगार होना, दिनभर ऑनलाइन रहना, पेशेवर ढंग से शिकायत करना और आलसी दिखना। पहली नजर में यह मजाक लगता है, लेकिन इसमें आज के युवा भारत की सच्चाई छिपी है। करोड़ों युवाओं के पास डिग्री और मेहनत है, पर अवसर नहीं। इसी कारण सोशल मीडिया पर लाखों युवा 'मैं भी कॉकरोच हूं' कहकर अपनी पीड़ा साझा कर रहे हैं। कोई 5 साल से परीक्षा की तैयारी में अटका है, किसी को साक्षात्कार के बाद भी नौकरी नहीं मिली, तो कोई असफलताओं से टूट चुका है।

## आज का इतिहास

- मुगल शासक जहांगीर ने 1611 में महरून्निसा से निकाह किया, बाद में इनका नाम नूरजहां पड़ा।
- यात्रियों को लेकर जा रहा स्टीमर 'सर जॉन लॉरेंस' 1877 में उड़ीसा तट के पास डूबा।
- जावा में 1919 में केलट ज्वालामुखी फटने से 16 हजार से भी अधिक लोगों की मौत हुई।
- अमेरिकी राष्ट्रपति जॉन एफ केनेडी ने 1961 में अंतरिक्ष अभियान शुरू करने के लिए वित्तीय मदद की घोषणा की।
- अफ़्रीकी इतिहास में 1963 में पहली बार 32 अफ़्रीकी देशों ने मिलकर अफ्रीकन यूनियन नाम संगठन बनाया।
- बोइंग कंप्यूटर सर्विस की स्थापना 1970 में की गयी।
- बांग्लादेश में 1985 को आए तूफान में 10 हजार लोगों की मौत हुई।
- अमेरिकी वैज्ञानिकों को 1995 को पहली बार जीवित जीव के डी.एन.ए. को डीकोड करने में सफलता मिली।
- परमाणु परीक्षणों के कारण भारत पर 1998 में प्रतिबंध न लगाने के लिए यूरोपीय संघ के सभी 15 सदस्य देश सहमत।
- चिली ने 2003 में पहली बार विश्व कप टेनिस खिताब जीता।
- नासा ने जीओईएसएन नामक मौसम उपग्रह अंतरिक्ष में रवाना किया। संयुक्त राज्य अमेरिका ने पोत आधारित इंटरसेप्टर मिसाइल का सफल परीक्षण 2006 में किया।
- श्रीलंका की सरकार ने तमिल शरणार्थियों की नागरिकता पर 2007 में सैद्धांतिक अनुमति दी।
- अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा के द्वारा भेजा गया एक रोबोट मंगल ग्रह पर 2008 में आज ही के दिन पहुंचा था।
- जापान के 80 वर्षीय युईशिरो मिउरा 2013 में माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाले दुनिया के सबसे अधिक उम्र के व्यक्ति बने।

## अंकजाल - 8278

खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 8 | 21 | 32 | 36 | ■ | 10 | 18 | 31 | ■ |
| 27 | | 7 | | 8 | ■ | 5 | | 9 | 18 |
| 22 | 2 | | 5 | | ■ | | 3 | | 16 |
| 18 | | 7 | | 4 | | ■ | | 7 | 13 |
| ■ | ■ | ■ | 9 | | 7 | | 5 | | 33 |
| 33 | | 5 | | 8 | | 2 | ■ | ■ | ■ |
| 11 | 3 | | ■ | | 6 | | 3 | | 27 |
| 11 | | 5 | | ■ | | 6 | | 5 | 19 |
| 18 | 8 | | 4 | ■ | 6 | | 7 | | 26 |
| ■ | 17 | 24 | 6 | ■ | 35 | 35 | 13 | 16 | ■ |

### अंकजाल 8277 का हल

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 13 | 13 | 35 | 19 | 19 | ■ | 22 | 26 | ■ |
| 30 | 6 | 8 | 7 | 5 | 4 | ■ | 9 | 2 | 11 |
| 32 | 7 | 5 | 8 | 7 | 5 | ■ | 3 | 8 | 11 |
| ■ | ■ | ■ | 2 | 7 | 3 | 4 | 2 | 6 | 24 |
| 19 | 7 | 9 | 3 | ■ | 7 | 2 | 5 | 2 | 16 |
| 29 | 5 | 7 | 8 | 9 | ■ | 2 | 3 | 8 | 13 |
| 31 | 5 | 6 | 7 | 3 | 6 | 4 | ■ | ■ | ■ |
| 10 | 5 | 5 | ■ | 6 | 3 | 4 | 7 | 8 | 28 |
| 13 | 8 | 5 | ■ | 8 | 6 | 4 | 4 | 5 | 27 |
| ■ | 30 | 32 | ■ | 26 | 15 | 20 | 11 | 13 | ■ |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## संतोष का मार्ग

**एक** ऋषि अपने शिष्य कपिल के साथ श्रावस्ती नरेश के पास गए। ऋषि से मिलकर नरेश प्रसन्न हुए और उनके आदर-सत्कार में लग गए। इधर कपिल एक सेविका के रूप पर मुग्ध हो गया। उस सेविका ने कपिल से विवाह करने से पहले महंगे कपड़े और गहने मांगे। कपिल यह सब देने में असमर्थ था। सेविका ने इसकी व्यवस्था का तरीका बताते हुए कहा कि जो श्रावस्ती नरेश का प्रातःकाल सर्वप्रथम अभिवादन करता है, उसे वे दो स्वर्ण मुद्राएं प्रदान करते है। कपिल रात बीतने के पहले ही नरेश के शयनकक्ष में घुसने लगा मगर चोर समझकर द्वारपालों ने उसे पकड़ लिया। नरेश के सामने उसने सब बातें सच-सच कह दीं। उसके भोलेपन पर प्रसन्न हो नरेश ने उसकी मुंहमांगी चीज देने का वचन दिया। कपिल ने एक दिन का समय मांगा। सोचने लगा, दो स्वर्ण मुद्राएं तो कम हैं, क्यों न सौ मांग लूं, पर वे भी कितने दिन चलेंगी। उसने पूरा राज्य ही मांग लिया। श्रावस्ती नरेश निःसंतान थे, उन्हें योग्य व्यक्ति की तलाश भी थी। उन्हें कपिल योग्य लगा। वह बोले- तुमने मेरा उद्धार कर दिया। मैं तृष्णा रूपी सर्पिणी के पाश से छूट गया। यह सुनकर कपिल का विवेक जाग्रत हो गया। वह बोला- महाराज, आप जिस दलदल से निकलना चाहते हैं, उसी में मैं गिरना नहीं चाहता। मुझे कुछ नहीं चाहिए।

## सुविचार

दुख का कारण हमारी चित्तवृत्तियों का प्रभाव ही है।
**भगवान श्री कृष्ण**

कर्म की उत्पत्ति विचार में है, अतः विचार ही महत्त्वपूर्ण हैं।
**साई बाबा**

# शून्य कार्बन की ओर : भारतीय संस्कृति और तकनीक के संगम से मिलेगा स्थायी समाधान



**दुर्गेश सिंह**

**आज** भारत एक ओर तेजी से विकसित हो रहा है, तो दूसरी ओर जलवायु संकट की दिशा में भी तेजी से बढ़ रहा है। भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा कार्बन उत्सर्जक देश है, जिसके हिस्से लगभग 7% वैश्विक कार्बन उत्सर्जन आता है। वर्ष 2023 में भारत का कुल कार्बन उत्सर्जन लगभग 2.7 गीगाटन CO2 तक पहुँच चुका था। हालाँकि, प्रति व्यक्ति उत्सर्जन अभी भी कई विकसित देशों की तुलना में कम है। लेकिन जब जनसंख्या वृद्धि और तीव्र औद्योगीकरण की गति को देखा जाए, तो यह चुनौती और गंभीर हो जाती है। हाल के वर्षों में सरकार और समाज के संयुक्त प्रयासों से कार्बन उत्सर्जन की वृद्धि दर में कुछ स्थिरता अवश्य आई है, किन्तु अभी लंबा सफर तय करना शेष है।

**क्या है समाधान? – भारतीय जीवनशैली की ओर वापसी**

**भारत** की पारंपरिक जीवनशैली – मिट्टी के घर, प्राकृतिक वेंटिलेशन, दिन के समय कार्य, सामूहिक जीवन तथा सीमित संसाधनों का उपयोग – मूलतः पर्यावरण-सम्मत थी। अब आवश्यकता इस बात की है कि इन परंपराओं को आधुनिक तकनीक के साथ जोड़कर एक स्मार्ट और टिकाऊ भारत का निर्माण किया जाए।

**महत्त्वपूर्ण तथ्य एवं सम्भावित उपाय**

**1. एयर कंडीशनर का तापमान 24°C पर सेट करना**

यदि भारत में अधिकांश अउ उपयोगकर्ता अपने एयर कंडीशनर को 24 डिग्री सेल्सियस पर सेट करें, तो अनुमानतः प्रतिवर्ष लगभग 20 मिलियन टन उड2 उत्सर्जन कम किया जा सकता है। इसके साथ ही हजारों करोड़ रुपये की बिजली की बचत भी संभव है।

**2. दैनिक दिनचर्या में परिवर्तन**

यदि अधिकांश कार्यालयों का समय सुबह 9 बजे से प्रारंभ हो, तो प्राकृतिक प्रकाश का अधिक उपयोग किया जा सकेगा। इससे कृत्रिम प्रकाश और एसी पर निर्भरता घटेगी तथा ऊर्जा खपत में लगभग 3-5% तक कमी संभव है।

**3. 'कार्बन रेटिंग सिस्टम' की स्थापना**

जैसे आधार और वढकने डिजिटल व्यवस्था को सरल बनाया, उसी प्रकार प्रत्येक व्यक्ति, संस्था, विद्यालय और कंपनी के लिए कार्बन रेटिंग प्रणाली विकसित की जा सकती है। कम उत्सर्जन करने वालों को कर छूट, सब्सिडी और सरकारी योजनाओं में प्राथमिकता दी जा सकती है।

**4. केवल पौधरोपण नहीं, संरक्षण भी आवश्यक**

प्रत्येक नागरिक को वर्ष में कम-से-कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल का संकल्प लेना चाहिए। साथ ही ईंधन की खपत कम करना, सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देना, वस्तुओं का पुनः उपयोग तथा कचरे का पृथक्करण और पुनर्चक्रण भी अत्यंत आवश्यक हैं।

**5. शहरों को 'वॉक-फ्रेंडली' बनाना**

नीदरलैंड जैसे देशों में बड़ी संख्या में लोग साइकिल से कार्यस्थल तक जाते हैं, जिससे कार्बन उत्सर्जन में उल्लेखनीय कमी आती है। भारत के छोटे और मध्यम शहरों में भी ऐसी पहल प्रभावी हो सकती है।

**6. सौर ऊर्जा का अधिकतम उपयोग**

भारत में वर्ष के अधिकांश दिनों में पर्याप्त सूर्य प्रकाश उपलब्ध रहता है, फिर भी घरेलू स्तर पर सौर ऊर्जा का उपयोग सीमित है। यदि प्रत्येक घर में कम-से-कम एक सोलर पैनल लगाया जाए, तो वर्ष 2030 तक करोड़ों टन CO2 उत्सर्जन कम किया जा सकता है।

# गंगा दशहरा : मां गंगा के अवतरण का महापर्व, स्नान-दान व पूजा से मिलता है मोक्ष का आशीर्वाद

गौरतलब — **उदय कुमार सिंह**

धार्मिक मान्यता के अनुसार इस दिन गंगा स्नान करने से मनुष्य के दस प्रकार के पापों का नाश होता है। शास्त्रों में इन पापों को तीन प्रकारों में बांटा गया है...कायिक पाप - शरीर से किये गये पाप, वाचिक पाप - वाणी से किये गये पाप, मानसिक पाप - मन और विचारों से किये गये पाप; इसी कारण इस दिन गंगा स्नान, ध्यान, जप, तप और दान का विशेष महत्त्व माना गया है। कहा जाता है कि गंगा दशहरा के दिन श्रद्धा से मां गंगा की पूजा करने पर व्यक्ति के जीवन के दुख, कष्ट और नकारात्मकता दूर होती है।

**भारत** की सनातन संस्कृति में गंगा दशहरा का पर्व अत्यंत पवित्र, आध्यात्मिक और पुण्यदायी माना जाता है। यह पर्व हर वर्ष ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाता है। वर्ष 2026 में गंगा दशहरा का पावन पर्व 25 मई, सोमवार को मनाया जाएगा। धार्मिक मान्यता है कि इसी दिन मां गंगा का स्वर्गलोक से पृथ्वी पर अवतरण हुआ था। यही कारण है कि इस दिन गंगा स्नान, दान-पुण्य, जप, तप और पूजा-अर्चना का विशेष महत्व माना गया है।

भारतीय संस्कृति में गंगा केवल नदी नहीं बल्कि करोड़ों लोगों की आस्था, श्रद्धा और जीवन का आधार हैं। सनातन धर्म में गंगा को 'मां गंगा', 'मोक्षदायिनी' और 'पापनाशिनी' कहा गया है। मान्यता है कि गंगा जल में स्नान करने से व्यक्ति के समस्त पाप नष्ट हो जाते हैं और उसे मोक्ष की प्राप्ति होती है। यही कारण है कि गंगा दशहरा के अवसर पर देशभर के गंगाघाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है।

**गंगा दशहरा** : तिथि और शुभ मुहूर्तड्ड गंगा दशहरा : 25 मई 2026, सोमवारड्ड दशमी तिथि प्रारंभ : 25 मई 2026 को सुबह 04:30 बजेड्ड दशमी तिथि समाप्त : 26 मई 2026 को सुबह 05:10 बजे। ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार इस वर्ष ज्येष्ठ मास में अधिक मास का विशेष संयोग बन रहा है। ऐसे में गंगा स्नान, दान-पुण्य और पूजा-पाठ का महत्व कई गुना अधिक बढ़ जाता है। धार्मिक विद्वानों के अनुसार इस दिन किए गए पुण्य कार्यों का फल विशेष रूप से शुभ और कल्याणकारी माना जाता है।

क्यों कहा जाता है 'गंगा दशहरा' शब्द दो शब्दों से मिलकर बना है- 'दश' यानी दस और 'हरा' यानी नाश करना। धार्मिक मान्यता के अनुसार इस दिन गंगा स्नान करने से मनुष्य के दस प्रकार के पापों का नाश होता है। शास्त्रों में इन पापों को तीन प्रकारों में बांटा गया है-ड्ड 3 कायिक पाप- शरीर से किए गए पापड्ड 4 वाचिक पाप- वाणी से किए गए पापड्ड 3 मानसिक पाप- मन और विचारों से किए गए पाप इसी कारण इस दिन गंगा स्नान, ध्यान, जप, तप और दान का विशेष महत्व माना गया है। कहा जाता है कि गंगा दशहरा के दिन श्रद्धा से मां गंगा की पूजा करने पर व्यक्ति के जीवन के दुख, कष्ट और नकारात्मकता दूर होती है।

मां गंगा के अवतरण की पौराणिक कथापौराणिक कथाओं के अनुसार, राजा सगर के 60 हजार पुत्र कपिल मुनि के श्राप से भस्म हो गए थे। उनके उद्धार और आत्मा की शांति के लिए राजा भागीरथ ने वर्षों तक कठोर तपस्या की। उनकी कठिन साधना से प्रसन्न होकर ब्रह्मा जी ने मां गंगा को पृथ्वी पर आने का वरदान दिया। लेकिन मां गंगा का वेग इतना प्रचंड था कि पृथ्वी उसके प्रवाह को सहन नहीं कर सकती थी। तब भगवान शिव ने पृथ्वी की रक्षा के लिए मां गंगा को अपनी जटाओं में धारण किया और उनके वेग को नियंत्रित किया। इसके बाद मां गंगा शांत रूप में पृथ्वी पर अवतरित हुईं और राजा भागीरथ के पूर्वजों का उद्धार किया।

## राशिफल

- **मेष:** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से सम्पन्न हो जायेंगे। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो, यही ध्यान रहें।
- **तुला:** संतान की प्रगति से संतोष होगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ में समय व्यतीत होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता है। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं।
- **वृष:** अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवा कर अपने काम पर ध्यान दीजिए।
- **वृश्चिक:** अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। प्रतिष्ठा बढ़ानेवाले सामाजिक कार्य सम्पन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा। समय ठीक है।
- **मिथुन:** आर्थिक उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। रोजगार में तरक्की मिलेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी।
- **धनु:** कार्यक्षेत्र में विवाद बढ़ेंगे। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। सचेत रहें।
- **कर्क:** उच्चमनोबल रखकर कार्य करें, सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। समय अच्छा है।
- **मकर:** आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। मान-सम्मान बढ़ेगा। समय अच्छा है।
- **सिंह:** यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जायेगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी।
- **कुंभ:** बुद्धितत्त्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्त्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भागदौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी।
- **कन्या:** घर-परिवार में प्रसन्नता व सहयोग का वातावरण बनेगा। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी।
- **मीन:** व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाये, तो अच्छा है। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। सचेत रहें।

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर्स, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं **एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड**, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : JHAHIN2009/32423, **प्रबंध सम्पादक :** नागेंद्र नारायण सिंह, **सम्पादक (झारखंड) :** विष्णु शंकर उपाध्याय* । दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 8863906660
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## बकरीद को लेकर मनिका थाना में शांति समिति की बैठक

# प्रशासन ने की सौहार्द बनाये रखने की अपील

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मनिका (लातेहार) :** बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने को लेकर रविवार को मनिका थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता अंचल अधिकारी अमन कुमार ने की। उन्होंने सरकार के दिशा-निर्देशों का हवाला देते हुए कहा कि बकरीद कुबार्नी का पर्व है, लेकिन प्रतिबंधित पशुओं की कुबार्नी पर पूरी तरह रोक है। साथ ही खुले स्थानों पर नमाज अदा नहीं करने और सोशल मीडिया पर सतर्क रहने की अपील की गयी। उन्होंने कहा कि



यदि कोई व्यक्ति अफवाह फैलाने या आपसी भाईचारा बिगाड़ने की कोशिश करता है तो उसकी सूचना तत्काल प्रशासन या थाना को दें। थाना प्रभारी प्रभात कुमार दास ने कहा कि पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस पूरी तरह मुस्तैद रहेगी। उन्होंने चेतावनी दी कि माहौल खराब करने की कोशिश करनेवालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जायेगी। नमाज के दौरान विशेष रूप से पुलिस गश्त बढ़ायी जायेगी। बैठक में थाना प्रभारी सह प्रभारी सर्किल इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार, समाजसेवी सुरेंद्र पासवान, भाजपा नेता विश्वनाथ राय, विधायक प्रतिनिधि दरोगी यादव, जिला परिषद सदस्य बलवंत सिंह, पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनदीप कुमार, झामुमो केंद्रीय कमेटी सदस्य राजेंद्र लोहारा, प्रखंड अध्यक्ष सकेंद्र बड़ा उरांव, मनिका मुखिया सत्येंद्र सिंह, ग्राम प्रधान कयूम अंसारी, ग्राम प्रधान अरुण सिंह, तस्लीम अंसारी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## घाघरा थाना में बकरीद को लेकर शांति समिति की हुई बैठक

**गुमला :** घाघरा थाना परिसर में बकरीद को लेकर थाना प्रभारी मोहन कुमार सिंह की अध्यक्षता में रविवार शाम चार बजे शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में आगामी 28 मई को होनेवाली बकरीद के त्योहार को क्षेत्र में शांति और सौहार्द के साथ पर्व मनाने का निर्णय लिया गया। एक-दूसरे की धार्मिक भावना का सम्मान और ख्याल रखने की अपील की गयी। थाना प्रभारी मोहन कुमार सिंह ने कहा कि सामाजिक सौहार्द बिगड़ने का प्रयास करनेवालों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जायेगी। बैठक में समाजसेवी अनिरुद्ध चौबे, घाघरा प्रखंड सदर भोला खान, युनूस राय, नसीम खान, शिला कुजूर सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



## विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत मतदान केन्द्रों पर मतदाता सूची प्रकाशित



**लातेहार :** विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत जिले के सभी मतदान केन्द्रों पर अमैपित मतदाता सूची प्रकाशित की गयी। यह सूची पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न 5 बजे तक आम मतदाताओं के अवलोकन हेतु उपलब्ध रही। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी-सह-सचिव, मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग, झारखंड, रांची के निर्देशानुसार लातेहार जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्रों में यह अभियान चलाया गया। इसका उद्देश्य ऐसे मतदाताओं की पहचान करना है जिनका विवरण अभी तक सूची में पूर्ण रूप से दर्ज नहीं हो पाया है। उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की ने जिला मुख्यालय एवं चंदवा प्रखंड के विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने बूथ स्तरीय पदाधिकारियों द्वारा प्रकाशित सूची की जांच की तथा मतदाताओं की सहायता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-अनुमंडल पदाधिकारी, लातेहार एवं महुआडांड़ तथा सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-प्रखंड विकास पदाधिकारियों ने भी अपने-अपने क्षेत्रों में मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर अभियान की स्थिति का जायजा लिया।

## एक झलक

### पंचम प्रसाद की माता के निधन पर सांसद ने जताया शोक

**पांकी :** पलामू ,पांकी प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद की माता के आकस्मिक निधन की दुखद सूचना पाकर चतरा लोकसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद कालीचरण सिंह पीड़ित परिवार से मिलने उनके पैतृक आवास पहुंचे। सांसद कालीचरण सिंह ने शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद और उनके परिजनों को ढांढस बंधाया और कहा कि माता का साया सिर से उठ जाना जीवन की सबसे अपूरणीय क्षति है, जिसकी भरपाई कभी नहीं की जा सकती। इस कठिन समय में वे और पूरी जनता पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। सांसद ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस दौरान सांसद के साथ क्षेत्र के कई गणमान्य लोग, राजनीतिक कार्यकर्ता और स्थानीय जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

### न्यायालय के अनुसेवक के निधन पर शोक सभा

**तेनुघाट :** तेनुघाट व्यवहार न्यायालय परिसर में न्यायालय के अनुसेवक अरविन्द कुमार सिंह की आकस्मिक मौत से मृत न्यायालय कर्मी के निधन पर जिला जज प्रथम फहीम किरमानी की अगुवाई में शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा को संबोधित करते हुए बेरमो अनुमंडल विधिक सेवा प्राधिकार समिति के सचिव सह एसडीजेएम रश्मि अग्रवाल ने बताया कि व्यवहार न्यायालय में कार्यरत अनुसेवक अरविन्द कुमार सिंह की निधन तेनुघाट में हो गयी। जिसे लेकर उक्त शोक सभा की गयी। बताया कि दिवंगत अरविन्द कुमार सिंह काफी मृदु भाषी और मिलनसार थे। जिससे सभी न्यायिक कर्मी खुश रहते थे। उनके निधन से सभी काफी दुखी हैं। ज्ञात हो कि, दिवंगत अरविन्द कुमार सिंह अपने पीछे अपनी पत्नी, दो पुत्री सहित भरा पूरा परिवार छोड़कर गए हैं। दोनों पुत्रियां विवाहित हैं। बताते चले कि दिवंगत अरविन्द कुमार सिंह मूल रूप से बिहार गया जिला के ग्राम बूढ़ी के निवासी थे। शोक सभा में कुटुंब न्यायालय प्रेमनाथ पांडेय, जिला जज द्वितीय सूर्य मणि त्रिपाठी, जिला जज तृतीय नीरज कुमार, एसीजेएम मनोज कुमार प्रजापति, मुंसिफ शिवराज मिश्रा, प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी दिग्विजय नाथ शुक्ला, राजकुमार पांडेय सहित अधिवक्ता गण एवं सभी न्यायिक कर्मी उपस्थित थे।

### स्व. राजेन्द्र प्रसाद सिंह की पुण्यतिथि पर आरसीएमयू ने बढ़ाया सेवा का हाथ

**कथारा :** झारखंड-बिहार के पूर्व मंत्री, इंटक के राष्ट्रीय महासचिव सह दिग्गज मजदूर नेता स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद सिंह की छठी पुण्यतिथि के अवसर पर राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन कथारा क्षेत्रीय समिति ने अनूठी पहल करते हुए सेवा कार्य किया। आरसीएमयू के क्षेत्रीय पदाधिकारियों ने माहेर संस्था में रह रहे जरूरतमंद बच्चों के बीच खाद्य सामग्री एवं कॉपी-किताब का वितरण किया। यूनियन की ओर से बच्चों को बिस्किट,फल के साथ-साथ पढ़ाई के लिए कॉपी, पेन, पेंसिल और किताबें दी गयीं। सामग्री पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस मौके पर आरसीएमयू के क्षेत्रीय अध्यक्ष अजय कुमार सिंह ने कहा कि राजेंद्र बाबू ने हमेशा श्रमिकों गरीबों और वंचितों के उत्थान के लिए काम किया। सत्ता में रहते हुए भी वे मजदूरों से जुड़े रहे और उनकी आवाज बनकर लड़े।

## भीषण गर्मी में नगर पंचायत ने शहर के कई इलाकों में की ठंडे पानी की व्यवस्था



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान से आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। ऐसे में नगर पंचायत ने लोगों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से शहर के विभिन्न हिस्सों में ठंडे पेयजल की व्यवस्था शुरू की है। इस पहल से खासकर राहगीरों, रिक्शा चालकों, मजदूरों और बाजार आने-जाने वाले लोगों को काफी सहूलियत मिल रही है। नगर अध्यक्ष महेश सिंह, उपाध्यक्ष संतोष रंजन तथा कार्यपालक पदाधिकारी राजीव रंजन के निर्देश पर नगर पंचायत द्वारा यह विशेष व्यवस्था की गयी है। इसके तहत शहर के प्रमुख चौक-चौराहों, बस स्टैंड, बाजार और भीड़भाड़वाले क्षेत्रों में मटका के माध्यम से ठंडे पानी की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। नगर प्रबंधक राज कुमार वर्मा ने बताया कि फिलहाल थाना चौक, बाईपास चौक और धर्मपुर स्थित सब्जी मंडी के पास पानी की व्यवस्था की गयी है, जहां दिनभर लोगों की आवाजाही रहती है। इन स्थानों पर नियमित रूप से स्वच्छ पानी भरा जा रहा है, ताकि किसी को भी पीने के पानी की कमी न हो। उन्होंने कहा कि तेज धूप और लू के कारण लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है, ऐसे में यह पहल लोगों को राहत देने के साथ-साथ उन्हें सुरक्षित रखने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। नगर पंचायत की टीम समय-समय पर इन व्यवस्थाओं की निगरानी भी कर रही है, ताकि पानी की गुणवत्ता और उपलब्धता बनी रहे।

## मॉडर्न पब्लिक स्कूल में सीबीएसई की दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला सम्पन्न

# कक्षा प्रबंधन विषय पर शिक्षकों को दिया गया व्यावहारिक प्रशिक्षण

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झुमरी तिलैया :** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के Capacity Building Programme (CBP-199) के अंतर्गत मॉडर्न पब्लिक स्कूल, झुमरी तिलैया के तत्वावधान में 'कक्षा प्रबंधन' विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन 23 एवं 24 मई 2026 को सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। सीबीएसई प्रायोजित इस कार्यशाला में आर.पी.-1 रणजीत सिंह तथा आर.पी.-2 प्रवीण कुमार ने प्रशिक्षक की भूमिका निभायी। उन्होंने दक्षता आधारित मूल्यांकन, अधिगम प्रतिफल तथा प्रभावी कक्षा संचालन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यशाला में हजारीबाग एवं गया के विभिन्न सीबीएसई विद्यालयों के लगभग 60 शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भाग लिया। सीबीपी-199 के दिशा-निर्देशों के अनुरूप समूह चर्चा, मॉडल पाठ योजना तथा हैंड्स-ऑन एक्टिविटी के माध्यम से प्रतिभागियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। मॉडर्न पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल एवं वेन्यू डायरेक्टर गुरु चरण वर्मा ने कहा कि सीबीएसई के सीबीपी-199 के अंतर्गत आयोजित यह प्रशिक्षण शिक्षकों के क्षमता-वर्धन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने सीबीएसई के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस आयोजन का अवसर मिलना विद्यालय के लिए गौरव की बात है। प्राचार्य ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में विद्यालय का सहयोग सदैव जारी रहेगा। उन्होंने प्रतिभागियों के उत्साह एवं सक्रिय सहभागिता की भी सराहना की। प्रतिभागियों ने कहा कि सीबीएसई द्वारा आयोजित इस प्रकार की कार्यशालाएं दैनिक कक्षा संचालन को अधिक प्रभावी एवं परिणामोन्मुख बनाने में काफी सहायक सिद्ध होती हैं। शिक्षकों ने बताया कि प्रशिक्षण में दी गई नई तकनीकें एवं गतिविधियां कक्षा को अधिक जीवंत और छात्र-केंद्रित बनाने में उपयोगी होंगी।



## कांग्रेस के शिकायत निवारण दिवस पर कार्यकर्ताओं ने रखीं समस्याएं

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** ज़िला मुख्यालय के डुड़गी स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय में प्रदेश कांग्रेस कमिटी के निर्देशानुसार शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस पार्टी से जुड़े कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने अपनी विभिन्न समस्याएं और सुझाव सामने रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष कामेश्वर यादव ने की, जबकि प्रदेश महासचिव सह जिला प्रभारी निरंजन पासवान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि निरंजन पासवान ने कहा कि शिकायत निवारण दिवस का उद्देश्य संगठन को और अधिक मजबूत बनाना तथा कार्यकर्ताओं की समस्याओं का समय पर समाधान करना है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे अपनी शिकायतों को लिखित रूप में प्रस्तुत करें, ताकि उन पर गम्भीरता से विचार कर उचित कार्रवाई की जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं की आवाज ही संगठन की ताकत है और उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जायेगा। जिला अध्यक्ष कामेश्वर यादव ने अपने सम्बोधन में कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा कार्यकर्ताओं के सम्मान और उनके अधिकारों के लिए प्रतिबद्ध रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि प्राप्त शिकायतों को उच्च स्तर तक पहुंचाया जायेगा और उनके समाधान के लिए हर सम्भव प्रयास किया जायेगा।



## पांकी में तोरण द्वार निर्माण का शिलान्यास, क्षेत्रीय पहचान को मिलेगी नयी पहचान

# विकास के साथ संस्कृति और गौरव को भी किया जा रहा मजबूत : विधायक

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पांकी/पलामू :** पांकी विधानसभा क्षेत्र में विकास एवं क्षेत्रीय पहचान को सशक्त बनाने की दिशा में रविवार को एक महत्वपूर्ण पहल की गई। पांकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. शशिभूषण मेहता ने विधायक मद से पांकी-बालूमाथ मुख्य पथ स्थित जानजो के झूमेलवा टांड में विधिवत पूजा-अर्चना एवं नारियल फोड़कर तोरण द्वार निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. मेहता ने कहा कि क्षेत्र के विकास के साथ-साथ उसकी ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि तोरण द्वार केवल सौंदर्यीकरण का प्रतीक नहीं होते, बल्कि क्षेत्र की गरिमा, संस्कृति और पहचान को भी प्रदर्शित करते हैं। उन्होंने कहा कि इन तोरण द्वारों के निर्माण से बाहरी लोगों को क्षेत्र में प्रवेश करते ही यह एहसास होगा कि वे पांकी विधानसभा क्षेत्र में पहुंच चुके हैं। इससे क्षेत्र की अलग पहचान स्थापित होगी और स्थानीय लोगों में गौरव की भावना भी बढ़ेगी। विधायक ने आगे कहा कि आने वाले दिनों में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं आधारभूत संरचना से जुड़े कई विकास कार्य धरातल पर दिखाई देंगे। उन्होंने क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत रहने का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम में जिला प्रतिनिधि सह मंडल अध्यक्ष प्रकाश मेहता, निजी सचिव सरोज चटर्जी, प्रोफेसर बच्चन ठाकुर, अधिवक्ता सह भाजपा जिला मंत्री लाला प्रसाद यादव, विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र यादव, कमेश यादव, जसवंत मेहता, राजदेव मेहता, सतनारायण यादव, कार्तिक सिंह, मस्तान सिंह, मीडिया प्रभारी राकेश कुमार वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण, भाजपा कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित थे।



## नेतरहाट में विकास कार्यों की समीक्षा

# उपायुक्त ने पर्यटन सुविधाओं को और बेहतर बनाने पर दिया जोर

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी संदीप कुमार ने रविवार को नेतरहाट क्षेत्र का दौरा कर विकास योजनाओं और पर्यटन स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सबसे पहले नेतरहाट स्थित पशु चिकित्सालय का निरीक्षण किया, जहां पशुओं के इलाज की व्यवस्था, उपलब्ध संसाधन और आधारभूत सुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया गया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि ग्रामीणों और पशुपालकों को बेहतर सेवा मिले, इसके लिए आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। इसके बाद उपायुक्त ने प्रस्तावित नये बस स्टैंड के लिए चिन्हित भूमि का निरीक्षण किया। उन्होंने भूमि की स्थिति, पहुंच मार्ग, आसपास की भौगोलिक स्थिति और यातायात की सम्भावनाओं पर विस्तार से चर्चा की। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि बस स्टैंड निर्माण से सम्बन्धित सभी प्रक्रियाओं को शीघ्र पूरा करते हुए कार्य को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जाये, ताकि क्षेत्र में यातायात व्यवस्था सुगम हो सके और पर्यटकों को भी सुविधा मिले। उपायुक्त ने कहा कि नेतरहाट न केवल जिले बल्कि पूरे राज्य का एक प्रमुख पर्यटन केन्द्र है, जहां बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं। ऐसे में यहां मूलभूत सुविधाओं का सुदृढ़ होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए आधारभूत ढांचे का मजबूत होना जरूरी है। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने विभिन्न प्रमुख पर्यटन स्थलों का भी दौरा किया और वहां उपलब्ध सुविधाओं का बारीकी से आकलन किया। उन्होंने पेयजल व्यवस्था, सार्वजनिक शौचालयों की स्थिति, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था और पार्किंग जैसी सुविधाओं की समीक्षा की। जहां कमियां पायी गयीं, वहां सम्बन्धित विभागों को तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने यह भी कहा कि पर्यटकों के लिए सुविधाजनक और सुरक्षित वातावरण तैयार करना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसके लिए नियमित निगरानी और रख-रखाव की व्यवस्था को और मजबूत किया जायेगा।



## घाघरा के बीडीओ दिनेश कुमार बने लातेहार के नये एसडीओ

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला :** झारखंड सरकार के कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग द्वारा किये गये प्रशासनिक फेरबदल में गुमला जिले के घाघरा प्रखंड में लंबे समय से प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) के रूप में कार्यरत दिनेश कुमार को प्रोन्नति देते हुए लातेहार का नया अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) नियुक्त किया गया है। दिनेश कुमार अपनी कार्यकुशलता, सरल स्वभाव और जनसरोकारों से जुड़े प्रशासनिक दृष्टिकोण के लिए क्षेत्र में विशेष पहचान रखते हैं। घाघरा प्रखंड में उनका कार्यकाल विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए याद किया जायेगा। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना, सर्वजन पेंशन योजना तथा अटूट बंधन जैसी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर लगाकर लोगों की समस्याओं का मौके पर समाधान करना उनकी कार्यशैली की प्रमुख विशेषता रही। ग्रामीण विकास के क्षेत्र में भी उन्होंने मनरेगा के माध्यम से प्रवासी मजदूरों को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दिया। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन को प्राथमिकता देते हुए कई मामलों का सफलतापूर्वक समाधान कराया।



## राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन गुमला इकाई को मिला नया जिला अध्यक्ष

# गोपाल कुमार सर्वसम्मति से चुने गये अध्यक्ष

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला :** राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन झारखंड की गुमला जिला इकाई की बहुप्रतीक्षित आमसभा रविवार को शहर स्थित नीलेश कॉम्प्लेक्स भवन के सभागार में आयोजित हुई। सभा में संगठन के प्रदेश एवं जिला स्तर के पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में सर्वसम्मति से गोपाल कुमार को गुमला जिला अध्यक्ष चुना गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संगठन के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप नीलेश, युवा कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार साहू, वरिष्ठ नेता पवन कुमार गुप्ता, सुनील साहू, निवर्तमान जिला अध्यक्ष महेश लाल समेत जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए गणमान्य लोग मौजूद थे। सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने नवनियुक्त जिला अध्यक्ष गोपाल कुमार को बधाई देते हुए संगठन को मजबूत करने की उम्मीद जतायी। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष गोपाल कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि संगठन की मजबूती और समाज के लोगों को एकजुट करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि समाज के युवाओं को शिक्षा, रोजगार और सामाजिक जागरूकता से जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। साथ ही संगठन को गांव-गांव तक विस्तार देने और समाज के हर वर्ग की आवाज बनने का प्रयास किया राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन गुमला इकाई को मिला नया जिला अध्यक्ष, गोपाल कुमार सर्वसम्मति से चुने गये।



## अनिमेश रंजन ने सम्भाला गुमला के उप विकास आयुक्त पद का कार्यभार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला :** भारतीय प्रशासनिक सेवा (झारखंड संवर्ग-2021) के अधिकारी अनिमेश रंजन ने आज उप विकास आयुक्त-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, गुमला के पद पर पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने गुमला के उपायुक्त दिलेश्वर महत्तो से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उपायुक्त ने उन्हें नयी जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए जनहित एवं विकासात्मक योजनाओं के सफल क्रियान्वयन की कामना की। उपायुक्त दिलेश्वर महत्तो ने कहा कि जिला प्रशासन टीम भावना एवं आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए जिले के विकास को नयी दिशा और गति प्रदान करेगा। वहीं, अनिमेश रंजन ने भी जिले के समग्र विकास तथा जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ कार्य किया जायेगा।



उपायुक्त से शिष्टाचार मुलाकात कर विकास कार्यों को गति देने की जतायी प्रतिबद्धता

## एक वर्ष के भीतर दो उपायुक्तों का तबादला बना चर्चा का विषय

# ग्रामीणों ने राज्य सरकार की कार्यशैली पर उठाये सवाल

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**डंडई, गढ़वा :** कार्यकाल पूरा होने से पहले अधिकारियों का तबादला होना सरकार की कार्यशैली पर सवाल खड़े करता है। चाहे अधिकारी निम्न स्तर के हों या उच्च प्रशासनिक पद पर कार्यरत, तीन वर्ष से पहले उनका स्थानांतरण आम लोगों के बीच चर्चा का विषय बन जाता है। गढ़वा जिले में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है। लगभग तीन वर्षों तक उपायुक्त सह दंडाधिकारी के रूप में सेवा देनेवाले भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी शेखर जमुआर के तबादले के बाद राज्य सरकार ने दिनेश कुमार यादव को जिले का नया उपायुक्त सह दंडाधिकारी नियुक्त किया था। दिनेश कुमार यादव ने जिले में अपने कार्यकाल के दौरान कई नयी पहल शुरू की थीं। उनकी कार्यशैली से जिलेवासियों के बीच विकास की नयी उम्मीद जगी थी। हालांकि, एक वर्ष का कार्यकाल पूरा होने से पहले ही उनका भी तबादला कर दिया गया। इसके बाद राज्य सरकार ने अनन्य मित्तल को गढ़वा का नया उपायुक्त सह दंडाधिकारी बनाया। लेकिन आश्चर्य की बात यह रही कि अनन्य मित्तल को जिले में कार्यभार सम्भाले अभी एक माह भी पूरा नहीं हुआ था कि उनका भी स्थानांतरण कर दिया गया। बताया जा रहा है कि वे अभी तक पूरी तरह जिले में व्यवस्थित भी नहीं हो पाये थे कि शनिवार देर रात सरकार ने उनके तबादले का आदेश जारी कर दिया। साथ ही, गढ़वा में पूर्व से डीडीसी के पद पर कार्यरत पशुपतिनाथ मिश्रा को नया उपायुक्त नियुक्त कर दिया गया। एक ही वर्ष के भीतर दो भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों का तबादला प्रखंड क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। चौक-चौराहों पर लोग राज्य सरकार की कार्यशैली पर सवाल उठाते नजर आ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि किसी भी अधिकारी को नये क्षेत्र की भौगोलिक और सामाजिक परिस्थितियों को समझने तथा योजनाओं को धरातल पर उतारने में कम से कम तीन से छह माह का समय लगता है। ऐसे में बार-बार तबादला होने से विकास कार्य प्रभावित होना स्वाभाविक है। ग्रामीणों ने कहा कि गढ़वा जिले में पिछले एक वर्ष के दौरान जितने भी उपायुक्त नियुक्त हुए, उन्हें एक वर्ष तक भी कार्य करने का अवसर नहीं दिया गया। उनका मानना है कि विकास की बागडोर उपायुक्त के हाथों में होती है और उनके माध्यम से ही सरकारी योजनाएं जमीन पर उतरती हैं। ऐसे में लगातार तबादलों से जिले के विकास पर असर पड़ना तय माना जा रहा है।



गढ़वा जिला के निवर्तमान उपायुक्त | गढ़वा जिला के वर्तमान उपायुक्त

## भारत विकास परिषद की बैठक में सेवा व संस्कार आधारित राष्ट्र निर्माण पर जोर



**झुमरीतिलैया :** भारत विकास परिषद झूमरीतिलैया कोडरमा की कार्यकारिणी की एक बैठक वीरू फर्नीचर के कार्यालय में आयोजित की गयी। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता, स्वामी विवेकानंद जी के चित्रों पर माल्यार्पण कर और दीप प्रज्वलन के उपरांत वंदे मातरम गीत गाकर कर की गयी। इस अवसर पर बोलते हुए लगातार दूसरी बार सर्व सम्बन्धित से अध्यक्ष बने अरुण कुमार ओझा ने कहा कि परिषद का मुख्य उद्देश्य सेवा और संस्कार के माध्यम से राष्ट्र उत्थान में योगदान देना है। उन्होंने कहा कि भारत विकास परिषद निस्वार्थ भाव से राष्ट्र सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। वहीं उन्होंने नई कार्यकारिणी को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिषद के अध्यक्ष अरुण कुमार ओझा ने किया जबकि संचालन सचिव विमल पच्चीसिया ने किया। मौके पर अध्यक्ष अरुण कुमार ओझा एवं संरक्षक सुरेश जैन ने नयी कार्यकारिणी के सभी सदस्यों को मोटिवेट करते हुए और अच्छे से काम करने का आग्रह किया। इस अवसर सर्व समिति से निर्णय लिया गया की 31 मई को दायित्व ग्रहण समारोह का आयोजन किया जाएगा। जिसके मुख्य अतिथि चयन का जिम्मा अध्यक्ष अरुण कुमार ओझा को दिया गया। साथ ही 05 जून को पर्यावरण दिवस के रूप में मनाते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने एवं उसे बचाकर रखने का भी संकल्प लिया गया।

## एक झलक

### ऑटो चालकों ने पकड़ा शातिर ठग

**पूर्वी सिंहभूम :** गोलमुरी थाना क्षेत्र स्थित आकाशदीप प्लाजा के समीप रविवार को उस समय अफरा-तफरी मच गयी, जब ऑटो चालकों ने लोगों से ठगी करने वाले एक युवक को खदेड़कर पकड़ लिया। आरोपित पर आरोप है कि वह लम्बे समय से ऑटो चालकों और राहगीरों को झांसा देकर रुपये ऐंठने का काम कर रहा था। लगातार हो रही घटनाओं से परेशान चालकों ने उसकी पहचान कर रखी थी और मौके की तलाश में थे। रविवार को युवक ने फिर उसी तरीके से ठगी का प्रयास किया, लेकिन इस बार वह लोगों के हत्थे चढ़ गया। भुक्तभोगी ऑटो चालक राव ने बताया कि आरोपित युवक पहले भी उससे करीब तीन हजार रुपये ठग चुका था। रविवार को युवक ने दोबारा उसे अपने जाल में फंसाने की कोशिश की। उसने चालक से कहा कि मस्जिद के पास से एक महिला और युवती को लेकर साकची स्थित सागर होटल से डायमंड मार्केट तक जाना है, जहां शादी समारोह में शामिल होना है। इसके लिए 100 रुपये किराया तय किया गया। इसके बाद युवक ने पास के एक मकान की ओर इशारा करते हुए कहा कि वह ऊपर से पैसे लेकर आता है। इसी दौरान उसने चालक से तीन हजार रुपये के छुट्टे मांगे। राव ने उसे तुरंत पहचान लिया और उसकी बांह पकड़ ली। खुद को फंसता देख आरोपी वहां से भागने लगा और अपनी स्कूटी छोड़ कर फरार होने की कोशिश की।

### बिष्टुपुर में अधेड़ की संदिग्ध मौत, लू लगने की आशंका

**पूर्वी सिंहभूम :** बिष्टुपुर थाना क्षेत्र स्थित कोल्ड स्टोरेज के पास रविवार को एक अधेड़ व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। मृतक की पहचान संतोष उर्फ राजू पगला के रूप में हुई है। बताया जाता है कि वह बिष्टुपुर इलाके में कूड़ा चुनकर अपना गुजारा करता था और लम्बे समय से आसपास के क्षेत्रों में देखा जाता था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार संतोष अचानक सड़क किनारे गिर पड़ा। मौके पर मौजूद लोगों ने उसे संभालने और उठाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी और हीटवेव के कारण उसे लू लगी होगी। यदि इसकी पुष्टि होती है तो जिले में लू से मौत का यह छठा मामला माना जाएगा। हालांकि पुलिस ने अभी मौत के कारणों की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए एमजीएम अस्पताल भेज दिया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

### पेड़ से लटका मिला छात्रा का शव, जांच में जुटी पुलिस

**पूर्वी सिंहभूम :** बोड़ाम थाना क्षेत्र अंतर्गत नूतनडीह गांव में कक्षा 9 की छात्रा माला सिंह का शव पेड़ से लटका हुआ पुलिस ने रविवार को बरामद किया है। शव गांव से करीब दो किलोमीटर दूर जंगलनुमा क्षेत्र में एक पेड़ से लटका मिला। मामले को लेकर जहां पुलिस प्रथम दृष्टया खुदकुशी बता रही है, वहीं ग्रामीणों और परिजनों ने घटना पर संदेह जताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। जानकारी के अनुसार माला सिंह 21 मई की शाम घर से यह कहकर निकली थी कि वह तालाब में नहाने जा रही है।

## बकरीद को लेकर पांकी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक सम्पन्न

# भाईचारे के साथ मनायी जायेगी बकरीद

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पांकी/पलामू :** आगामी त्योहार बकरीद को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और भाईचारे के माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से रविवार की संध्या लगभग 4:00 बजे पांकी थाना परिसर में एक महत्वपूर्ण शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। थाना प्रभारी दीपक सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों और प्रबुद्ध समाजसेवियों ने हिस्सा लिया। बैठक को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी दीपक सिंह ने कहा कि पांकी हमेशा से आपसी एकता और सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल रहा है। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों से अपील की कि आगामी



बकरीद के त्योहार को भी पारंपरिक गरिमा, शांति और आपसी सहयोग के साथ मनायें। सोशल मीडिया या किसी भी माध्यम से फैलने वाली भ्रामक और असामाजिक खबरों/अफवाहों पर ध्यान न देने की हिदायत दी गई। उन्होंने बताया कि प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे व किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि दिखने पर तुरंत पुलिस को सूचित करने का आग्रह किया, बैठक में जिला परिषद सदस्य खुशबू कुमारी, प्रखंड उप प्रमुख अमित कुमार चौहान, मुखिया संघ अध्यक्ष राजेंद्र पांडे, भाजपा नेता शंकर प्रसाद, सांसद प्रतिनिधि सत्य प्रकाश पांडे, मुखिया प्रेम प्रसाद, जामा मस्जिद के अबुल हसन, एजाज खान, हसन अंसारी, बृजदेव सिंह, पारस सिंह के अलावे बड़ी संख्या में प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने एक सुर में प्रशासन को पूरा सहयोग देने और शांति व्यवस्था बनाये रखने का भरोसा दिलाया।

### विभिन्न थानों में बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक

**बोकारो :** बोकारो के सेक्टर 12, सेक्टर 04, हरला थाना परिसर में आगामी बकरीद पर्व को लेकर नगर पुलिस उपाधीक्षक राजीव रंजन के नेतृत्व में शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक को सम्बोधित करते हुए नगर पुलिस उपाधीक्षक ने कहा कि बकरीद पर्व को शांति पूर्ण ढंग से मनाये। सम्बन्धित थाना के पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि पुलिस गश्ती में कोताही ना करे, हर असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखे। उन्होंने जनता से अपील की कि किसी भी प्रकार के अपवाह पर ध्यान ना दे और इसकी सूचना तुरंत संबंधित थाना को दे या टोल फ्री नंबर में दे। सोशल मीडिया में खासकर विशेष ध्यान रखा जाएगा ताकि अपवाह फैलाने वालों पर त्वरित करवाई की जा सके ।अगर घर बंद कर कहीं जाते है तो इसकी सूचना संबंधित थाना को जरूर दे ताकि समय समय में गश्ती दल उक्त आवास में निगरानी रख सके, जगह जगह लगे सीसीटीवी फुटेज की निगरानी की जाएगी।

## तेनुघाट अतिथि भवन में स्वागत सह विदाई समारोह का आयोजन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**तेनुघाट :** बेरमो अनुमंडल पदाधिकारी पदाधिकारी वशिष्ठ नारायण सिंह का स्थानांतरण होने एवं नये अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रवीन्द्र कुमार सिंह के पदस्थापन के उपलक्ष्य पर स्वागत सह विदाई समारोह का आयोजन तेनुघाट अतिथि भवन भवन किया गया। इस सामरोह में मुख्य रूप से अनुमंडल पदाधिकारी मुकेश मछुआ, सब रजिस्टार बेरमो रितु रंजन सहित अनुमंडल के सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, पुलिस निरीक्षक, थाना प्रभारी एवं ओपी प्रभारी सहित दर्जनों पत्रकार एवं अन्य अधिकारी मौजूद थे। पूर्व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वशिष्ठ नारायण सिंह के 33 महीने के कार्यकाल को लोगों ने काफी सराह है, कई बड़ी सफलता पुलिस विभाग ने हासिल की है। झूमरा पहाड़ ने नक्सल वाद की समस्या से निपटने में उनका अनुभव का काफी लाभ मिला है और उनके नेतृत्व में झुमरा एवं लूगू पहाड़ नक्सल मुक्त अभियान भी चलाया गया और सफलता हासिल हुआ। उनके साथ किये गए कार्यों को अनुमंडल पदाधिकारी मुकेश मछुवा ने याद करते हुए बताया कि उनके अनुभव एवं कार्य कुशलता का लाभ विधि व्यवस्था या अन्य किसी भी कार्यों मिला है कबीले तारीफ है। किसी भी पर्व त्यौहार में होली, दुर्गा पूजा, दीपावली, ईद, बकरीद, या चुनाव में सभी के साथी कॉर्डिनेट कर के कार्य करने का बेहतर अनुभव है जो समय समय पर हम सभी अधिकारियों को लाभ मिलते रहा है। सभी अधिकारियों ने पुष्प गुच्छ एवं पुष्प माला पहना सम्मानित किया गया।

## प्रेम-प्रसंग और पैसों के विवाद में जानलेवा हमला, आरोपी गिरफ्तार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पश्चिमी सिंहभूम :** पश्चिमी सिंहभूम जिला स्थित मुफस्सिल थाना क्षेत्र के नीमडीह न्यू कॉलोनी संतोषी मंदिर निवासी शिल्पी मोदक पर हुए जानलेवा हमले मामले में पुलिस ने आरोपी बिहार निवासी अजय कुमार उर्फ बालचंद को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया। इस संबंध में 9 अप्रैल 2026 को शिल्पी के पिता अनिल चंद्र मोदक के बयान पर मुफस्सिल थाना में मामला दर्ज किया गया था। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, 8 अप्रैल की रात शिल्पी मोदक बच्चों



को कोचिंग पढ़ाकर आनंद मार्ग स्कूल के पीछे वाली गली से घर लौट रही थी। इसी दौरान पहले से घात लगाए बैठे युवक ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में शिल्पी गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ी। आसपास के लोगों ने घटना की सूचना उसके पिता को दी। बाद में स्थानीय लोगों की मदद से उसे सदर अस्पताल पहुंचाया गया। शरीर के कई हिस्सों में चाकू लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गई थी। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि आरोपी अजय कुमार उर्फ बालचंद बिहार के बलिया थाना क्षेत्र के पुरपीकडी डीरवां ओरासरा सेलेमपुर का रहने वाला है और चाईबासा में मुन्ना पटेल के अपार्टमेंट में मुंशी का काम करता था। वह अनिल मोदक के घर से टिफिन लेता था। इसी दौरान उसकी पहचान शिल्पी मोदक से हुई और दोनों के बीच प्रेम संबंध बन गया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह अपनी बचत की रकम शिल्पी को जमा करने के लिए देता था। बाद में शिल्पी की शादी कहीं और तय होने और पैसे लौटाने से इनकार करने पर उसने शराब के नशे में घटना को अंजाम दिया। घटना के बाद वह चाईबासा से जमशेदपुर होते हुए बिहार भाग गया था। पुलिस ने 21 मई को बक्सर से उसे गिरफ्तार कर लिया। मुफस्सिल थाना प्रभारी बिनोद कुमार ने बताया कि लगातार छापेमारी के बाद आरोपी को पकड़ने में सफलता मिली।

## महुआडांड़ में नयी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पूजा कुमारी ने सम्भाला पदभार

# कानून व्यवस्था मजबूत करने पर जोर

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार) :** महुआडांड़ अनुमंडल में नयी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) के रूप में पूजा कुमारी ने पदभार ग्रहण कर लिया है। पदभार सम्भालने के साथ ही उन्होंने क्षेत्र में बेहतर कानून व्यवस्था और जनसुरक्षा को अपनी प्राथमिकता बताया। पदभार ग्रहण के बाद उन्होंने थाना प्रभारियों एवं पुलिस



अधिकारियों के साथ बैठक कर क्षेत्र की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि अपराध नियंत्रण, नक्सल गतिविधियों पर निगरानी और आम लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना पुलिस की सर्वोच्च जिम्मेदारी है। साथ ही लम्बित मामलों के शीघ्र निष्पादन और गश्ती व्यवस्था को और प्रभावी बनाने पर जोर दिया। पूजा कुमारी ने कहा कि पुलिस और जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना बेहद जरूरी है। उन्होंने आम लोगों से अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

## बॉक्सिंग की प्रैक्टिस कर रहे किशोर की मौत

**पूर्वी सिंहभूम :** साकचीथाना क्षेत्र के काशीडीह लाइन नंबर-5 निवासी 15 वर्षीय पीयूष पटेल की बॉक्सिंग प्रैक्टिस के दौरान अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गयी। घटना शनिवार शाम की है। इस घटना के बाद परिवार सहित पूरे इलाके में मातम पसरा हुआ है। जानकारी के मुताबिक पीयूष रोज की तरह शनिवार को भी काशीडीह कम्युनिटी सेंटर में बॉक्सिंग का अभ्यास करने पहुंचा था। वह रिंग में अभ्यास कर रहा था और पंचिंग कर रहा था। इसी दौरान अचानक उसकी तबीयत बिगड़ी और वह जमीन पर गिर पड़ा। उसे गिरता देख वहां मौजूद अन्य खिलाड़ी और कोच तुरंत उसकी मदद के लिए पहुंचे। काफी देर तक उसे होश में लाने की कोशिश की गई, लेकिन जब कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली तो उसे तत्काल इलाज के लिए टाटा मेन हॉस्पिटल ले जाया गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए इलाज शुरू किया, लेकिन तमाम कोशिशों के बावजूद पीयूष को बचाया नहीं जा सका। सूचना मिलने पर पुलिस भी अस्पताल पहुंची और पूरे मामले की जानकारी ली। प्राथमिक जांच में डॉक्टरों ने आशंका जताई है कि भीषण गर्मी और हीटवेव के कारण पीयूष को हार्ट अटैक आया होगा।

## आदर्श वृद्धा आश्रम में युवाओं ने की बुजुर्गों की सेवा

**नावाडीह :** मेरा युवा भारत युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के सौजन्य से आदर्श ग्राम विकास सेवा समिति द्वारा संचालित आदर्श वृद्धा आश्रम में एक्सपेरिमेंटल लर्निंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत युवाओं ने लगातार पांच दिनों तक वृद्धाश्रम में बुजुर्गों की सेवा की। इस दौरान युवाओं ने वृद्धजनों के साथ समय बिताया, उनसे बातचीत कर उनका हालचाल जाना तथा उनके अनुभवों को सुना। साथ ही बुजुर्गों के स्वास्थ्य की देखभाल करते हुए उनका ब्लड प्रेशर शुगर एवं वजन का मापन भी किया गया। युवाओं ने बुजुर्गों को दैनिक कार्यों में सहयोग प्रदान कर सेवा एवं सम्मान का संदेश दिया। आदर्श ग्राम विकास सेवा समिति के सचिव बासुदेव शर्मा ने कहा कि मेरा युवा भारत के तहत आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में सामाजिक सेवा, संवेदनशीलता एवं मानवीय मूल्यों का विकास करना है।

## विस्थापित संघर्ष समिति, टीटीपीएस ललपनिया का तीसरा सम्मेलन सम्पन्न

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**ललपनिया :** विस्थापित संघर्ष समिति, टीटीपीएस ललपनिया का तीसरा सम्मेलन डूमरी बिहार में संपन्न हुआ। सम्मेलन की अध्यक्षता विस्थापित नेता भीम महतो एवं संचालन सहदेव महतो ने किया। सम्मेलन का शुरूआत झंडोतोलन कर किया गया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सीटू के प्रदेश उपाध्यक्ष रामचंद्र ठाकुर ने कहा विस्थापित संघर्ष समिति, टीटीपीएस - ललपनिया का यह सम्मेलन समिति के पूर्व सचिव श्यामसुंदर महतो को हमेशा याद करेगा। उन्होंने कहा विस्थापित संघर्ष समिति के नेतृत्व में डुमरी बिहार से टीटीपीएस तक रेल पथ निर्माण में हुए विस्थापितों के अधिकारों के लिए निरंतर संघर्ष होता रहा है। विस्थापित संघर्ष समिति के संघर्षों का नतीजा है की दर्जनों लोगों को नियोजन मिला है एवं विस्थापित गांव में विकास का कुछ कार्य हुआ है। उन्होंने कहा आज फिर से विस्थापित संघर्ष समिति को पुनर्गठित कर विस्थापितों के लंबित मांगों जैसे मुआवजा, नियोजन, ग्रामीण विकास आदि के लिए संघर्ष की शुरूआत करनी होगी। सम्मेलन में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित सीटू के राज्य कमेटी सदस्य सह विस्थापित संघर्ष समिति, गोमिया के सचिव राकेश कुमार ने कहा इस पूरे अंचल में विस्थापित संघर्ष समिति अपनी एक नई पहचान बनाता जा रहा है। डुमरी बिहार से टीटीपीएस तक रेल पथ से हुए विस्थापित का यह सम्मेलन और सम्मेलन के बाद विस्थापितों के लिए संघर्ष क्षेत्र में एक नया उदाहरण पेश करेगा। उन्होंने सम्मेलन में उपस्थित विस्थापितों से कहा आप आने वाले दिनों में संघर्ष की तैयारी कीजिए आपके इस संघर्ष का नेतृत्व देने के लिए हम तैयार हैं।

## मुख्यालय पुलिस उपाधीक्षक ने साइबर थाना का किया औचक निरीक्षण

# पीड़ित लोगों को न्याय अवश्य मिलना चाहिए : पवन कुमार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बोकारो :** मुख्यालय पुलिस उपाधीक्षक पवन कुमार द्वारा साइबर थाना का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में साइबर अपराध की रोकथाम हेतु जागरूकता, दर्ज साइबर कांडो का सही तरीके से अनुसंधान, पीड़ित लोगो का पैसे वापस कराना, कांडो में अनुसन्धान पूर्ण कर समय पर चार्जशीट जमा करना, सभी विभागों ,संस्थानों से समन्वय, अनुसंधान में तकनीक का पूर्ण उपयोग, पीड़ितों के साथ अच्छा व्यवहार, ऑनलाइन कंप्लेन का लगातार मॉनिटरिंग, थाना का रख- रखाव इत्यादि को लेकर कई निर्देश देते हुए थाना में पदस्थापित सभी पुलिस अधिकारियों को सख्त हिदायत दी गयी कि पीड़ित लोगों



को न्याय अवश्य मिलना चाहिए। न्याय के रूप में या तो पैसा वापस होना चाहिए या अपराधी जेल में होना चाहिए। साथ ही मुख्यालय डीएसपी ने कहा कि जनता के साथ आपसी भाईचार व मधुर सम्बन्ध बना कर काम करें, असामाजिक तत्वों पर हमेशा निगरानी रखे, किसी भी तरह की घटना की जानकारी मिले तो तुरंत घटना स्थल में पहुंच कर मामला का निष्पादन करे। थाना में लम्बित पड़े मामलों का शीघ्र निष्पादन करे, रात्रि गश्ती एवं असामाजिक तत्वों पर विशेष ध्यान दे ,थाना में आने वाले फरियादों के साथ मधुर सम्बन्ध रखे साथ ही कई दिशा निर्देश दिए ताकि पुलिसिया छवि को ओर कैसे बेहतर बनाया जा सके।

## कोलकाता-वाराणसी एक्सप्रेसवे निर्माण कार्य में लगे वाहनों पर रोक

**कसमार :** कसमार क्षेत्र में रविवार को ग्रामीणों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन करते हुए मालवाहक वाहनों का परिचालन पूरी तरह से ठप करा दिया। हालांकि इस आंदोलन के दौरान यात्री वाहनों को पूरी तरह से मुक्त रखा गया, जिससे आम लोगों को आवागमन में अधिक परेशानी नहीं हुई। ग्रामीणों का यह आंदोलन मुख्य रूप से कोलकाताझ्रवाराणसी एक्सप्रेसवे निर्माण कार्य में लगे भारी मालवाहक वाहनों के खिलाफ था। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि इन वाहनों के लगातार और अनियंत्रित परिचालन से क्षेत्र की सड़कों की स्थिति खराब हो रही है और आमजन को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आंदोलनकारी ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि निर्माण कार्य में लगे वाहनों के लिए स्पष्ट नियम बनाए जाएं। उनकी प्रमुख मांगों में सड़कों पर नियमित पानी का छिड़काव, स्कूल समय के दौरान मालवाहक वाहनों का परिचालन रोकना, तथा वाहनों के लिए निर्धारित गति सीमा का सख्ती से पालन कराना शामिल है।

## इंदरवाटांड़ के दलितों को उजाड़ने की साजिश के खिलाफ कल होगा सीटू का प्रदर्शन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झुमरीतिलैया :** नगर पर्षद झुमरी तिलैया के अंतर्गत वार्ड नंबर 19 के इंदरवाटांड़ में वर्षों से बसे दलित टोला को उजाड़ने की साजिश के खिलाफ मंगलवार 26 जून को कोडरमा अंचल कार्यालय पर सीटू के बैनर तले प्रदर्शन किया जाएगा और अंचलाधिकारी को मांग पत्र सौंपा जायेगा। यह निर्णय रविवार को इंदरवाटांड़ में झारखंड राज्य निर्माण कामगार यूनियन (सीटू) के बैनर तले ग्रामीणों की बैठक में लिया गया। बैठक में सीटू के जिलाध्यक्ष प्रेम प्रकाश ने कहा कि यहां के दलित बरसों से जमींदारों के यहां मेहनत मजदूरी करते आ रहे थे, जिसके एवज में जमींदार परिवार ने निर्जन भूमि पर उन्हें बसाया है। जहां उसके पास राशन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड तथा सभी मकानों का होल्डिंग रशीद भी है। चुकी अब इस बस्ती के



आसपास की जमीन काफी महंगी हो गई है, इसलिए भू-माफियाओं की नजर इस कीमती जमीन पर है। ग्राम वासियों के बिना जानकारी के कोर्ट को गुमराह कर आदेश लिया गया है। जिस पर अपील किया जायेगा। सीटू संघर्ष और न्यायायिक लड़ाई साथ साथ चलायेगा। बैठक में शिवनंदन भुइयां, जागेश्वर भुईयां, छोटू भुइयां, पप्पू भुइयां, विनोद भुइयां, गंगा देवी, धनेश्वरी देवी, मंजू देवी, जमना भुइयां, पुतुल भुइयां, रामचंद्र भुइयां, सोफारी भुइयां, चंदवा देवी, टुकलाल भुइयां, सोनू भुइयां, समता देवी, मुंदरी देवी, गायत्री देवी, अन्नू देवी, सुरेश भुइयां, राजू भैया समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

## कौंडिन्या पब्लिक स्कूल में साइक्लोथॉन कार्यक्रम का हुआ भव्य शुभारम्भ

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झुमरी तलैया :** पर्यावरण संरक्षण और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कौंडिन्या पब्लिक स्कूल, झुमरी तलैया के इको क्लब द्वारा आयोजित 'साइक्लोथॉन 2026' कार्यक्रम का रविवार को भव्य शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के अध्यक्ष पूर्व डीआईजी राजीव रंजन सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने हरी झंडी दिखाकर साइक्लोथॉन रैली को रवाना किया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य लोगों को 'साइकिल अपनाओः तेल बचाओ, पर्यावरण बचाओ और युवा पीढ़ी को मजबूत बनाओ' का संदेश




देना है। कार्यक्रम की थीम *"Ride Today for a Better Tomorrow!" रखी गयी है। स्कूल के इको क्लब द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में "Be Fit, Be Green, Be Responsible" का नारा दिया गया। छात्रों और शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए साइकिल चलाकर स्वच्छ, हरित और स्वस्थ कल के लिए एकजुटता दिखायी। विद्यालय प्रशासन ने बताया कि यह कार्यक्रम 5 जून 2026 को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित किया गया है। कार्यक्रम का उद्देश्य सड़क पर ईंधन की खपत कम करना, वायु प्रदूषण घटाना और साइकिल चलाने को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना है। कार्यक्रम के दौरान 'आइए मिलकर एक स्वच्छ, हरित और स्वस्थ कल के लिए पैडल चलायें' का संदेश दिया गया। स्कूल प्रबंधन ने सभी अभिभावकों और स्थानीय लोगों से इस पर्यावरण बचाओ अभियान में जुड़ने की अपील की।

## अधिक मास में सेवा, दान और भक्ति का अनूठा संगम गुरु कृपा शांति भवन में चल रहा विशेष आयोजन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झुमरीतिलैया :** अधिक मास के पावन अवसर पर शहर स्थित गुरु कृपा शांति भवन में प्रतिदिन सवा घंटे तक 'हरे रामा हरे कृष्णा' महामंत्र का जाप श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ किया जा रहा है। इस दौरान श्रद्धालुओं द्वारा धार्मिक अनुष्ठानों के साथ-साथ सेवा एवं दान के विभिन्न कार्यक्रम भी आयोजित किये जा रहे हैं। इसी क्रम में गुरु कृपा शांति भवन से जुड़े श्रद्धालुओं ने गोशाला पहुंच कर गायों को रोटी, गुड़ एवं हरी सब्जियां खिलायी। साथ ही वहां कार्यरत कर्मियों के लिए खाद्य सामग्री का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं एवं



श्रद्धालुओं ने कहा कि अधिक मास में सेवा और दान का विशेष महत्व होता है तथा इसी उद्देश्य से लगातार जनसेवा के कार्य किए जा रहे हैं। आगामी 25 मई को गंगा दशहरा के अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा वृद्धाश्रम एवं विभिन्न मंदिरों का भ्रमण किया जाएगा। इस दौरान बुजुर्गों के बीच कपड़ों का दान किया जायेगा। इसके अतिरिक्त किसी दिन समय निकालकर बच्चों की संस्था में जाकर जरूरतमंद बच्चों के बीच जूते एवं खाद्य सामग्री का वितरण करने की योजना भी बनायी गयी है। श्रद्धालुओं ने बताया कि अधिक मास के दौरान मंदिरों में दीपदान एवं फलों का दान भी किया जाएगा। वहीं गुरु कृपा शांति भवन में विशेष रूप से पंडित जी का कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें 33 प्रकार के अन्नदान, छाता दान एवं वस्त्र दान का आयोजन किया जायेगा।

## बसिया ग्रामसभा में कम्पनियों के खिलाफ ग्रामीणों ने भरा हुंकार

# जल, जंगल व जमीन पर नहीं होने देंगे समझौता

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** बालूमाथ प्रखंड के पिंडारकोम गांव में रविवार को बसिया पंचायत के ग्रामीणों ने राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम, केन्द्रीय कोलफील्ड्स लिमिटेड तथा पीएनएम कम्पनी के खिलाफ एक ऐतिहासिक ग्रामसभा का आयोजन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भागीदारी देखने को मिली और कम्पनियों की कार्यशैली के प्रति गहरा आक्रोश सामने आया। ग्रामसभा में ग्रामीणों ने जल, जंगल, जमीन और अपने अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुट होकर संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया। बैठक की अध्यक्षता ग्राम प्रधान रामकुमार यादव ने की, जबकि पंचायत की मुखिया बिमला देवी विशेष रूप से मौजूद रहीं। मंच संचालन गंगेश्वर यादव ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता सौरभ श्रीवास्तव उपस्थित रहे। बैठक में ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम, केन्द्रीय कोलफील्ड्स लिमिटेड तथा पीएनएम कम्पनी स्थानीय लोगों को रोजगार देने में उपेक्षा बरत रही हैं और बाहरी बड़े मालवाहक वाहनों को प्राथमिकता दी जा रही है। उनका



कहना था कि 1962 में केन्द्रीय कोलफील्ड्स लिमिटेड द्वारा अधिग्रहित जमीन का आज तक उचित मुआवजा नहीं मिला और प्रभावित परिवारों को रोजगार भी नहीं दिया गया। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि कम्पनियों की मिलीभगत से करीब 700 स्थानीय मालवाहक वाहनों को काम से बाहर कर दिया गया है, जिससे सैकड़ों परिवारों के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया है। स्थानीय वाहन मालिकों का कहना है कि उनके पास साधन होने के बावजूद उन्हें दरकिनार किया जा रहा है। तेज रफ्तार बड़े मालवाहक वाहनों के परिचालन को लेकर भी ग्रामीणों में भारी नाराजगी दिखी। उनका कहना था कि इससे सड़क दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है और उड़ती धूल से स्वास्थ्य समस्याएं भी बढ़ रही हैं, जिससे गांव के बच्चे और बुजुर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। मुखिया बिमला देवी ने कहा कि ग्रामसभा की सहमति के बिना कोई भी कम्पनी गांव में काम नहीं कर सकती। उन्होंने जल, जंगल और जमीन को गांव की पहचान बताते हुए इसकी हर हाल में रक्षा करने की बात कही। वहीं, झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता सौरभ श्रीवास्तव ने कहा कि राज्य में पंचायत (अनुसूचित क्षेत्रों में विस्तार) अधिनियम लागू है और ग्रामसभा को विशेष अधिकार प्राप्त हैं। इसकी अनदेखी किसी भी हाल में स्वीकार नहीं की जायेगी। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कम्पनियां स्थानीय हितों की अनदेखी करती हैं तो ग्रामसभा अपनी शक्तियों का उपयोग करने को बाध्य होगी।

## मेयर भोलू पासवान के सोशल मीडिया अकाउंट से धमकी भरा पोस्ट शेयर होने से राजनीति तेज

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बोकारो :** चास नगर निगम के मेयर भोलू पासवान के सोशल मीडिया अकाउंट से कुछ दिन पहले एक पोस्ट शेयर होने के बाद शहर की राजनीति गरमा गयी है। पोस्ट में लिखा था – सुन ले बेटा विक्की राय, तेरा भी होगा अजय राय पार्ट-2। इस पोस्ट के सामने आने के बाद यह मामला पूरे शहर में चर्चा का विषय बन गया। इसी मामले को लेकर भाजपा चास दक्षिणी मंडल अध्यक्ष विक्की राय ने चास थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने पुलिस से सुरक्षा उपलब्ध कराने के साथ-साथ मामले में उचित कार्रवाई की मांग की है। विक्की राय ने बताया कि कुछ दिन पहले बिजली समस्या को लेकर उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया था, जिसमें चास मेयर और बोकारो विधायक को टैग किया गया था। उन्होंने कहा कि अगली सुबह कई लोगों ने उन्हें जानकारी दी कि भोलू पासवान की ओर से सोशल मीडिया पर उन्हें धमकी दी गई है। शुरूआत में उन्हें लगा कि शायद अकाउंट हैक हो गया हो, इसलिए उन्होंने एक दिन तक इंतजार किया। लेकिन जब भोलू पासवान की ओर से कोई खंडन नहीं आया, तब उन्होंने थाना में शिकायत दर्ज कराने का फैसला लिया। वहीं, भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र राज ने भी मामले को लेकर तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकताओं को डराने की कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा हमने चूड़ी नहीं पहन रखी, अगर कोई भाजपा के कार्यकर्ता को आँख दिखाएगा तो उसकी आंखें निकाल ली जाएगी, लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनप्रतिनिधियों की आलोचना होना स्वाभाविक है।

# राजस्थान प्लेऑफ में पहुंची मुम्बई को 30 रनों से हराया




**एजेंसी**

**मुम्बई :** आईपीएल में रविवार को खेले गए पहले मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स ने मुंबई इंडियंस को 30 रन से हराकर प्लेऑफ में जगह पक्की कर ली। वानखेड़े स्टेडियम में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए राजस्थान ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 205 रन बनाए। जवाब में मुंबई की टीम 20 ओवर में 9 विकेट पर 175 रन ही बना सकी। इस जीत के साथ क्ढछ 2026 की टॉप-4 टीमें तय हो गई हैं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, गुजरात टाइटंस, सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान ने प्लेऑफ में जगह बनाई है। 26 मई को क्वालिफायर-1 में बेंगलुरु और गुजरात आमने-सामने होंगे, जबकि 27 मई को एलिमिनेटर में हैदराबाद और राजस्थान की भिड़ंत होगी।

### सूर्यकुमार यादव का अर्धशतक

**मुम्बई** की शुरूआत बेहद खराब रही। रोहित शर्मा खाता खोले बिना आउट हुए, जबकि पावरप्ले में ही मुंबई ने 4 विकेट गंवा दिए। इसके बाद सूर्यकुमार यादव ने 60 रन और हार्दिक पंड्या ने 34 रन बनाकर वापसी की कोशिश की, लेकिन लगातार गिरते विकेटों ने टीम को मैच से दूर कर दिया। राजस्थान के लिए जोफ्रा आर्चर ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए। नांद्रे बर्गर, ब्रिजेश शर्मा और यश पुंजा को 2-2 विकेट मिले।

### राजस्थान के लिए एक भी अर्धशतक नहीं लगा

**राजस्थान** के लिए ध्रुव जुरेल ने 38 रन, जोफ्रा आर्चर ने 15 गेंदों में 32 और दासुन शनाका ने 29 रन की पारी खेली। आखिर में रवींद्र जडेजा और नांद्रे बर्गर ने तेजी से रन जोड़कर स्कोर 200 के पार पहुंचाया। मुंबई की ओर से दीपक चाहर और शार्दूल ठाकुर ने 2-2 विकेट लिए। विल जैक्स, अल्लाह गजनफर और कॉर्बिन बॉश को 1-1 सफलता मिली। नांद्रे बर्गर ने सूर्यकुमार यादव को अपनी ही बॉल पर कैच कर पवेलियन भेजा। सूर्यकुमार बड़े शॉट के लिए शफल हुए, लेकिन गेंद बल्ले पर सही नहीं आई और सीधा बर्गर के हाथों में चली गई। सूर्या 42 गेंदों में 60 रन बनाकर आउट हुए।

**प्लेइंग-11**

**मुंबई इंडियंस :** रायन रिकेल्टन (विकेटकीपर), नमन धीर, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या (कप्तान), विल जैक्स, कॉर्बिन बॉश, दीपक चाहर, शार्दूल ठाकुर, अल्लाह गजनफर और रघु शर्मा। इम्पैक्ट ऑप्शंसः रोहित शर्मा।

**राजस्थान रॉयल्स :** यशस्वी जायसवाल, वैभव सूर्यवंशी, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रियान पराग (कप्तान), डोनोवान फरेरा, शुभम दुबे, दासुन शनाका, जोफ्रा आर्चर, नांद्रे बर्गर, यश राज पुंजा और बृजेश शर्मा। इम्पैक्ट प्लेयरः रवींद्र जडेजा।

### पुंजा ने बॉश को किया आउट

**यश** पुंजा ने कॉर्बिन बॉश को आउट कर मुंबई को बड़ा झटका दिया। बॉश ने स्लॉग स्वीप खेला, लेकिन गेंद को ऊंचाई नहीं दे सके। डीप मिड विकेट पर फरेरा ने आगे दौड़ते हुए शानदार कैच पकड़ा। बॉश सिर्फ 2 रन बनाकर आउट हुए।

### आर्चर ने हार्दिक को किया आउट

**आर्चर** ने धीमी शॉर्ट गेंद से हार्दिक पंड्या को आउट किया। हार्दिक पुल शॉट खेलना चाहते थे, लेकिन गेंद बल्ले पर सही तरीके से नहीं आई और लॉन्ग-ऑन की ओर हवा में चली गई। वहां नांद्रे बर्गर ने दबाव में कैच पकड़ा। हार्दिक 15 गेंदों में 34 रन बनाकर आउट हुए।

### यश पुंजा ने जैक्स को किया आउट

**यश** राज पुंजा ने विल जैक्स विकेट लेकर मैच का रुख और मजबूत कर दिया। उन्होंने जैक्स को स्लोअर, टर्न लेती गेंद पर फंसाया। जैक्स ने स्लॉग-स्वीप करने की कोशिश की, लेकिन गेंद स्पिन के खिलाफ गई और सीधा ऊपर हवा में चली गई। वहां ध्रुव जुरेल ने आसान और शांत कैच पूरा किया। जैक्स 18 गेंदों में 33 रन बनाकर आउट हुए। इस विकेट के साथ जैक्स और सूर्या के बीच 63 रन की साझेदारी टूटी।

### मुम्बई ने पावरप्ले में 04 विकेट गंवाये

**पावरप्ले** में राजस्थान ने जबरदस्त दबाव बनाया और शुरूआती 6 ओवर में ही मैच अपनी पकड़ में कर लिया। रोहित शर्मा बिना खाता खोले आउट हो गए, जबकि रायन रिकेल्टन ने कुछ शॉट जरूर लगाए लेकिन जल्दी पवेलियन लौट गए। जोफ्रा आर्चर ने दो विकेट निकालकर झटका दिया, वहीं नांद्रे बर्गर और ब्रिजेश शर्मा ने भी एक-एक सफलता हासिल की। लेकिन पावरप्ले के अंत तक मुंबई ने 4 विकेट खो दिए और 49 रन बनाए।

### ब्रिजेश ने तिलक को किया बोल्ड

**ब्रिजेश** शर्मा ने अपने ओवर की पहली गेंद पर विकेट हासिल कर लिया। उन्होंने तिलक वर्मा को शानदार गेंद पर बोल्ड किया।



मिस्र में डब्ल्यूबीसी हैवीवेट मुक्केबाजी मुकाबले में एक दूसरे पर प्रहार करते हुए ओलिकसेंडर व रिको।

## एक झलक

### बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज हारते ही पाकिस्तान टीम पर बरसे कोच सरफाराज

**लाहौर :** पाकिस्तान क्रिकेट टीम के मुख्य कोच सरफाराज अहमद ने बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज में मिली 2-0 की शर्मनाक हार पर निराशा जताते हुए टीम को कड़ी फटकार लगायी है। सिलहट में हुए दूसरे और अंतिम टेस्ट में 58 रन से मिली हार के बाद सरफराज ने टीम बैठक में खिलाड़ियों की नकारात्मक मानसिकता और व्यक्तिगत प्रदर्शन पर भी सवाल उठाए। इस दौरान टीम मैनेजर नवेद चीमा और सहयोगी स्टाफ के सदस्य भी उपस्थित थे। सरफराज ने विशेष रुप से बल्लेबाजों पर निशाना साधा और कहा कि खिलाड़ी केवल अपने आंकड़ों के लिए खेलते दिखे। कही भी ऐसा नहीं लगा कि टीम के लिए खेल रहे हों। उन्होंने कहा, व्यक्तिगत प्रदर्शन अच्छा होना चाहिए पर उसका लाभ टीम को नहीं मिले तो कोई मतलब नहीं निकलता। । पूरी सीरीज में टीम का एक भी बल्लेबाज 200 रन तक नहीं पहुंच सका। केवल युवा अजान अवैस ने ही शतक लगाया। कोच ने सीनियर खिलाड़ियों पर जिम्मेदारी से नहीं खेलने का भी आरोप लगाया। रिपोर्ट के अनुसार सरफराज, कप्तान शान मसूद की खराब कप्तानी से भी नाराज दिखे। उन्होंने मैदान पर फैसले लेने में कमजोरी और डिआरएस रिव्यू नहीं लेने जैसे मामलों पर भी सवाल उठाये।

### बेटे अर्जुन के अच्छे प्रदर्शन पर उत्साहित सचिन ने लिखा भावुक संदेश

**मुम्बई :** महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर को आईपीएल 2026 में अंतिम लीग मैच में ही खेलने का अवसर मिला जिसमें अर्जुन ने शानदार गेंदबाजी की। इससे उनके पिता सचिन भी भावुक हो गये। हो भी क्यों न आंखिरकार 13 मैचों के इंतजार के बाद उनके बेटे को अवसर मिला जिसमें उसने अपने को साबित कर दिया। अर्जुन ने इस मैच में चार ओवर में 36 रन देकर एक विकेट लिया। बेटे के इस बेहतरीन प्रदर्शन को देखकर उत्साहित सचिन ने अपनी भावनाएं सोशल मीडिया के जरिये जाहिर की है।

अर्जुन लखनऊ के लिए सबसे कम रन देने वाले गेंदबाज रहे। बेटे के इस बेहतरीन प्रदर्शन पर सचिन ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए लिखा, शाबाश, अर्जुन! इस सीजन में आपने जिस तरह से अपने को संभाला, उस पर मुझे गर्व है।

### अभिनेता राम चरण ने बुमराह को फुटबॉलर बताने के लिए माफी मांगी

**चेन्नई :** दक्षिण भारतीय फिल्मों के सितारे राम चरण ने हाल ही में एक कार्यक्रम में भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को फुटबॉलर बता दिया था जिससे लिए अब उन्होने माफी मांगी है। कार्यक्रम के दौरान एक रैपिड फायर राउंड का आयोजन किया गया था, जिसमें राम चरण से भारतीय क्रिकेटर्स का वर्णन एक-एक शब्द में करने को कहा गया था। इसमें उन्होंने भारतीय क्रिकेट के कई दिग्गजों को लेकर अपनी राय रखी। सचिन तेंदुलकर के लंबे और शानदार करियर को उन्होंने लॉन्ग लेजेंडरी रन बताया, वहीं महेन्द्र सिंह धोनी की शांत और सौम्य प्रकृति के लिए उन्हें शांत और कूल कहा।

### गुरिंदरवीर ने रचा इतिहास, 100 मीटर में बनाया नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड

**रांची :** पंजाब के गुरिंदरवीर सिंह ने यहां के बिरसा मुंडा एथलेटिक्स स्टेडियम में आयोजित फेडरेशन कप के फाइनल में 100 मीटर दौड़ को केवल 10.09 सेकंड में ही पूरा कर नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बना दिया। इसी के साथ ही यह उपलब्ध्‍ि हासिल करने वाले गुरिंदरवीर पहले भारतीय धावक बन गए हैं। गुरिंदरवीर ने 100 मीटर की रेस को 10.10 सेकंड के अंदर पूरा किया जो भारतीय ट्रैक एंड फील्ड इतिहास में पहली बार हुआ है। वहीं पहले सेमीफाइनल में अनिमेष कुजूर ने 10.15 सेकंड का समय निकालकर राष्ट्रीय रिकॉर्ड अपने नाम किया था, जबकि गुरिंदरवीर ने 10.17 सेकंड में दौड़ पूरी की थी। यह अपने आप में एक कड़े मुकाबले का संकेत था पर फाइनल में गुरिंदरवीर ने अपनी पूरी वापसी करते हुए, 10.09 सेकंड समय निकालर कर इतिहास रचा, बल्कि अनिमेष के 10.20 सेकंड के समय को भी पीछे छोड़ दिया।

## टीसीसी प्रीमियर लीग सीजन-2 : रोमांचक फाइनल मुकाबले में टीसीसी ब्लास्टर्स बना चैम्पियन




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला :** शहीद तेलंगा खड़िया क्रिकेट स्टेडियम, गुमला में खेले जा रहे टीसीसी प्रीमियर लीग सीजन-2 का शानदार समापन हो गया। टूनार्मेंट के सातवें और अंतिम दिन (24 मई 2026) खेले गए खिताबी मुकाबले में टीसीसी ब्लास्टर्स ने एकतरफा प्रदर्शन करते हुए टीसीसी हिटर्स को 7 विकेट से करारी शिकस्त देकर ट्रॉफी पर कब्जा जमा लिया। हिटर्स की सधी शुरूआत, ब्लास्टर्स की घातक गेंदबाजी, टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी टीसीसी हिटर्स की शुरूआत बेहद सधी रही। टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में 9 विकेट खोकर 109 रनों का सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया। हिटर्स की ओर से एकलव्य उरांव ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 36 गेंदों में सर्वाधिक 49 रनों की पारी खेली, जबकि कमल कुमार ने 9 गेंदों में 15 रन बनाए। टीसीसी ब्लास्टर्स की तरफ से घातक गेंदबाजी करते हुए सीमा कुमारी ने अपने 4 ओवर के स्पेल में मात्र 24 रन देकर 4 महत्वपूर्ण विकेट चटकाए, जिसने हिटर्स की बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी। ब्लास्टर्स की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी, 13 ओवर में ही जीता मैच, 110 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीसीसी ब्लास्टर्स की टीम ने शुरूआत से ही आक्रामक रुख अपनाया। टीम ने मात्र 13 ओवरों में 3 विकेट के नुकसान पर 112 रन बनाकर बेहद आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया।

## आईपीएल में पहली ही गेंद पर सबसे अधिक बार विकेट लेनेवाले गेंदबाज बने शमी



**एजेंसी**

**लखनऊ :** अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के नाम आईपीएल में एक ऐसा रिकार्ड है जो अन्य किसी भी गेंदबाज के नाम नहीं है। शमी आईपीएल में पहली ही गेंद पर सबसे अधिक बार विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। लखनऊ सुपर जायंट्स की ओर से खेलते हुए शमी ने पंजाब किंग्स के खिलाफ हुए मैच में सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्या को अर्जुन तेंदुलकर के हाथों कैच कराकर ये रिकॉर्ड अपने नाम किया। उन्होंने इस मामले में राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर का रिकॉर्ड तोड़ा है। आर्चर ने तक पांच बार इस लीग में पहली ही गेंद पर विकेट लिया था। वहीं शमी ने छठी बार पहली गेंद पर विकेट लेकर अपनी श्रेष्ठता साबित की और यह दिखाया है कि पहले ओवर में बल्लेबाजों के लिए उनका सामना करना कितना कठिन होता है। यह सिर्फ एक रिकॉर्ड नहीं, बल्कि उनकी निरंतरता और हर मैच की शुरूआत में ही प्रभाव छोड़ने की उनकी क्षमता का प्रमाण है। शमी के इस आईपीएल सत्र के प्रदर्शन की बात करें तो उन्होंने 13 मैचों में 12 विकेट लिए, जिसमें उनका इकोनॉमी रेट 9 का रहा। पिछला सत्र हालांकि उनके लिए अच्छा नहीं रहा था। जिसके बाद बाद सनराइजर्स हैदराबाद ने उन्हें लखनऊ सुपर जायंट्स के साथ ट्रेड कर दिया था। इस सीजन में उनकी शुरूआत काफी अच्छी रही, हालांकि वह एक मैच से बाहर रहे।

## वैभव सूर्यवंशी और अभिषेक ने आईपीएल में लगाये सबसे ज्यादा छक्के



**मुम्बई :** आईपीएल के इस 19 वें सत्र में अपने आक्रामक अंदाज के लिए सनरासइजर्स हैदराबाद के अभिषेक शर्मा और राजस्थान रॉयल्स के वैभव सूर्यवंशी छाये रहे हैं। इन दोनो ने ही जमकर चौके और छक्के लगाये हैं। इन दोनो के अलावा अन्य बल्लेबाज भी चौके और छक्के लगाने में पीछे नहीं रहे। लखनऊ सुपर जायंट्स और पंजाब किंग्स के बीच हुए रोमांचक मुकाबले के बाद, इस सत्र में कुल 1305 छक्के दर्ज लगे हैं। इससे पिछले साल 2025 में लगे 1294 छक्कों का रिकॉर्ड टूट गया। यह आईपीएल के इतिहास में पहला अवसर है जब किसी एक सत्र में 1300 से अधिक छक्के लगे हैं। ये इस टूर्नामेंट में बढ़ती आक्रामकता और पावर-हिटिंग के बढ़ते चलन को दशार्ता है। अभी लीग चरण के दो और प्लेऑफ के चार मुक्बले बाकी हैं, जिससे उम्मीद है कि यह आंकड़ा 1400 के पार भी पहुंच सकता है, जिससे यह सीजन और भी यादगार बन जाएगा। रॉयल्स के मात्र 15 वर्षीय सलामी बल्लेबाज वैभव इस सीजन में सबसे ज्यादा छक्के जड़ने वाले बल्लेबाज हैं, जिन्होंने अब तक 53 छक्के लगाए हैं। यह एक आईपीएल सीजन में किसी भी भारतीय बल्लेबाज द्वारा लगाए गए सर्वाधिक छक्के हैं, जो उनकी असाधारण प्रतिभा का प्रमाण है। वैभव की नजरें अब वेस्टइंडीज के दिग्गज क्रिस गेल के एक आईपीएल सीजन में 59 छक्कों के रिकॉर्ड पर टिकी हैं, जिसे वह तोड़ने के बेहद करीब हैं। वैभव के अलावा, सनराइजर्स हैदराबाद के आक्रमक बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने भी छक्कों की झड़ी लगाई है। उन्होंने अब तक आईपीएल 2026 में 43 छक्के लगाये हैं और उनकी टीम प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर चुकी है, जिससे उन्हें अपने छक्कों की संख्या बढ़ाने के कई और मौके मिलेंगे।

**शोतोकान कराटे-डो फेडरेशन ऑफ इंडिया**

## कराटे प्रशिक्षण सह बेल्ट ग्रेडेशन शिविर सम्पन्न



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** शोतोकान कराटे डो फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में आज दिनांक 24 मई 2026 (रविवार) को ऑरोबिंदों सोसाइटी कराटे सेंटर,रातू रोड, राँची में एक दिवसीय विशेष कराटे प्रशिक्षण सह बेल्ट ग्रेडेशन शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस शिविर में व्हाइट बेल्ट से ब्राउन बेल्ट तक के 225 कराटेकारो ने भाग लिए । कार्यक्रम में भाग लेने वाले कराटेकारों का कलर बेल्ट ग्रेडेशन हांशी मानस सिन्हा(मुख्य कराटे प्रशिक्षक एवं टेक्निकल डायरेक्टर) के द्वारा किया गया। बेल्ट ग्रेडेशन में उत्तीर्ण घोषित कराटेकारो को ऑरोबिंदों सोसाइटी के सचिव रमेश भाई,हंसी मानस सिन्हा,एवम् शिहान रितेश कुमार बॉबी के द्वारा बेल्ट प्रदान किया गया। साथ ही साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया।

### सम्मानित होनेवाले खिलाड़ी

**गौरव** कुमार यादव,आशीष ,माही कुमारी काशी,तीज माहली,दीप लक्ष्मी प्रजापति, वैदेही मिश्रा एम सृष्टि , अर्श टोप्पो, शांभवी अग्रवाल, खुशी अग्रवाल,परिधि अग्रवाल, सारण्य सिन्हा,रेयांश कुमार, आरोही कृष्णा प्रसाद, त्रिशिका, श्रेया कुमारी, ओमि शिखा अर्णव राज, प्रत्युष सिंह, हर्ष कुमार,परिमाला निहारिका, अयांश कुमार, नंदिका सिंह, तृप्ता सिन्हा,मन्या कुमारी। आज के शिविर में हँसी मानस सिन्हा का सहयोग शिहान रितेश कुमार बॉबी ,शिहान संजय मिश्रा,शिहान राज किशोर गुप्ता ,सेंसाई अमर वर्मा, सेंसाई नंद किशोर महतो ,सेंसाई उमेश कुमार रजक , संदीप कुमार,परीक्षित पाठक ने किया।

## राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता से हजारीबाग की पहचान और मजबूत हुई : सुमन कुमार सिंह



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग डिस्ट्रिक्ट चेस एसोसिएशन के तत्वाधान में तथा ऑल इंडिया चेस फेडरेशन एवं ऑल झारखंड चेस एसोसिएशन की अधिकृत अनुमति से आयोजित एचडीसीए ऑल इंडिया फाइड रेटिंग क्लासिकल शतरंज प्रतियोगिता 2026 का भव्य समापन रविवार को उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हो गया। नौ दिनों तक चले इस राष्ट्रीय शतरंज महाकुंभ में देशभर के खिलाड़ियों ने अपने खेल कौशल, रणनीति और धैर्य का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दोनों चरणों को मिलाकर कुल 668 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। पहले सत्र में 272 तथा दूसरे सत्र में 396 खिलाड़ियों ने भाग लेकर प्रतियोगिता को यादगार बना दिया। प्रतियोगिता का दूसरा चरण विशेष रूप से 1800 से कम फाइड रेटिंग (अंडर-1800) खिलाड़ियों के लिए आयोजित किया गया था, जिससे युवा और उभरते खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का बड़ा अवसर मिला। रविवार को नौवें राउंड की समाप्ति के बाद दोपहर करीब 1:30 बजे आयोजित समापन समारोह में बार एसोसिएशन के सचिव सुमन कुमार सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम निदेशक करण जायसवाल, संघ अध्यक्ष विजय कुमार सिंह, सचिव मनमीत अकेला एवं आयोजन समिति के सदस्यों ने विजेता खिलाड़ियों के बीच ट्रॉफी एवं नकद पुरस्कार वितरित किये। प्रतियोगिता में झारखंड के अभिनव सिंह ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 8 अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त कर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। उन्हें 50,000 नकद पुरस्कार एवं ट्रॉफी प्रदान की गई। एआईएम मनदीप मुखी ने 7० अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त कर 27,000 का पुरस्कार जीता, जबकि पश्चिम बंगाल के संजीब माली ने तृतीय स्थान प्राप्त करते हुए 15,000 नकद पुरस्कार हासिल किया। इसके अलावा बुबाई चटर्जी चौथे, कृष्ण कुमार मल्ल पांचवें, निलांता चंदा छठे एवं अर्कप्रभा बनिक सातवें स्थान पर रहे। बेस्ट फीमेल श्रेणी में बिहार की अदीबा उल्लाह प्रथम, पश्चिम बंगाल की अनन्या सामंता द्वितीय तथा प्रेरणा घोष तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं बेस्ट हजारीबाग खिलाड़ी का पुरस्कार पवन कुमार वर्मा को प्रथम, ऋषभ कुमार को द्वितीय एवं अयान उत्कर्ष को तृतीय स्थान के लिए प्रदान किया गया। बेस्ट वेटरन 55+ वर्ग में गौतम डे प्रथम, कुमार अस्विनी द्वितीय एवं सह अमोद कुमार तृतीय स्थान पर रहे। अंडर-15 बॉयज वर्ग में समनावय पाल प्रथम एवं अर्नब दत्ता द्वितीय स्थान पर रहे, जबकि अंडर-15 गर्ल्स वर्ग में अनिशा चक्रवर्ती प्रथम तथा राज मणि द्वितीय स्थान पर रहीं। अंडर-13 बॉयज वर्ग में दिव्यांश बारिक प्रथम एवं एआईएम श्रेयान मुखर्जी द्वितीय स्थान पर रहे। अंडर-13 गर्ल्स वर्ग में वन्या श्रीवास्तव प्रथम तथा मोहुलरेनु रॉय द्वितीय स्थान पर रहीं। अंडर-11 बॉयज वर्ग में प्यांशु नाथ प्रथम एवं विवान बसाक द्वितीय स्थान पर रहे, जबकि अंडर-11 गर्ल्स वर्ग में श्रेष्टा शर्मा प्रथम एवं नव्या जैन द्वितीय स्थान पर रहीं। अंडर-09 बॉयज वर्ग में शार्नव रॉय प्रथम एवं प्रखर सिंह द्वितीय स्थान पर रहे। अंडर-09 गर्ल्स वर्ग में साईआस्था सिंह प्रथम तथा स्वास्तिका प्रजापति द्वितीय स्थान पर रहीं। अंडर-07 बॉयज वर्ग में सर्वम समर्थ प्रथम एवं प्रियंश आद्विक द्वितीय स्थान पर रहे, जबकि अंडर-07 गर्ल्स वर्ग में स्वस्तिश्री सतपथी प्रथम एवं उर्वी रॉय द्वितीय स्थान पर रहीं। ग्रोइंग बॉयज श्रेणी में सन्निधान पाल प्रथम एवं तिर्थ राज द्वितीय स्थान पर रहे। ग्रोइंग गर्ल्स वर्ग में वेदांशी राणा प्रथम तथा प्रिशा शर्मा द्वितीय स्थान पर रहीं। स्पेशल प्लेयर पुरस्कार ईशान पाठक एवं अविका सिंह को प्रदान किया गया। प्रतियोगिता में कुल 37 कैश प्राइज निर्धारित किए गए थे।

## ओमेगा कप टी-10 नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में क्वार्टर फाइनल मुकाबलों का रोमांच

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** शहर के अन्नदा कॉलेज ग्राउंड में आयोजित ओमेगा कप टी-10 नाइट क्रिकेट टूनार्मेंट का रोमांच लगातार बढ़ता जा रहा है। 15 मई से शुरू हुए इस भव्य क्रिकेट टूनार्मेंट के तहत शनिवार को दो क्वार्टर फाइनल मुकाबले खेले गए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मुंबई के कस्टम ऑफिसर प्रशांत कुमार कुशवाहा उपस्थित हुए। उन्होंने खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया तथा क्रिकेट खेलकर खिलाड़ियों की हौसला अफजाई भी की। साथ ही बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किया गया। मुख्य अतिथि प्रशांत कुमार कुशवाहा ने अपने संबोधन में कहा कि अपने होमटाउन हजारीबाग में इस तरह का भव्य क्रिकेट आयोजन देखना गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन युवाओं को खेल के प्रति प्रेरित करने के साथ-साथ क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने में मील का पत्थर साबित होंगे।

### तीसरे क्वार्टर फाइनल में आतिक्ष बजाज की शानदार जीत

**टूर्नामेंट** का तीसरा क्वार्टर फाइनल मुकाबला हजारीबाग ओल्ड और आतिक्ष बजाज के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए हजारीबाग ओल्ड की टीम ने 8 विकेट खोकर 96 रन बनाए।

## पेलावल क्रिकेट टूर्नामेंट का रोमांचक समापन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग जिले के कटकमसांडी प्रखंड अंतर्गत पेलावल उत्तरी पंचायत स्थित पेलावल क्रिकेट ग्राउंड में आयोजित पेलावल क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य समापन शनिवार देर रात रोमांचक फाइनल मुकाबले के साथ हुआ। फ्लड लाइट की जगमगाती रोशनी में खेले गए इस टी-10 नाइट क्रिकेट टूनार्मेंट में दर्शकों ने क्रिकेट का भरपूर आनंद उठाया। टेनिस बॉल से खेले गए इस टूनार्मेंट में कुल 32 टीमों ने हिस्सा लिया और सभी मुकाबले नॉकआउट आधार पर खेले गए। टूर्नामेंट का पहला सेमीफाइनल मुकाबला आइजल-11 कब्रिस्तान रोड पेलावल और ग्लोबल फाइटर खीरगांव के बीच खेला गया, जिसमें आइजल-11 ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज कर फाइनल में जगह बनाई। वहीं दूसरे सेमीफाइनल में टेकठा-11 ने अक्श-11 को पराजित कर फाइनल का टिकट हासिल किया। फाइनल मुकाबला टेकठा-11 और आइजल-11 के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए आइजल-11 की टीम ने निर्धारित 10 ओवरों में 67 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी टेकठा-11 की टीम ने मात्र एक विकेट खोकर शानदार जीत दर्ज करते हुए 9 विकेट से मैच अपने नाम कर लिया और टूनार्मेंट की विजेता बनी। मैच के दौरान चौकों और छक्कों की बारिश से मैदान रोमांच से भर उठा तथा दर्शकों ने तालियों और उत्साह के साथ खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। टूर्नामेंट के सफल आयोजन में भावी जिला परिषद प्रत्याशी अबुलैश हाशमी, पेलावल के सदर मोहम्मद मुमताज उर्फ बाबा, पेलावल दक्षिणी पंचायत के भावी मुखिया प्रत्याशी हैदर अली, पंचायत समिति सदस्य सलाउद्दीन उर्फ बबलू, पेलावल उत्तरी पंचायत समिति सदस्य मोहम्मद साबिर, समाजसेवी एजाज अहमद, इमरान खान, फिरदौस, मोहम्मद शाहिद, शंभू ज्वेलर्स, पप्पू, बबलू (झारखंड होटल), अप्पू, साबिर फर्नीचर, टिंकू खान, तबारक अली, मोहम्मद माजीद एवं मोइन खान ने अहम भूमिका निभाई।

## रांची जिला नेटबॉल संघ ने ग्रीष्मकालीन नेटबॉल प्रशिक्षण शिविर का किया शुभारम्भ




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** रांची जिला नेटबॉल संघ के तत्वाधान में ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण ( समर कैम्प ) का आयोजन मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम ,रांची , झारखंड में 24/05/2026 से 31/05/2026 तक किया गया है। जिसमें रांची जिला के कई स्कूल के छात्र एवं छात्राओं ने भाग लिया । कैंप में नेट बॉल से संबंधित तकनीकी जानकारी एवं शारीरिक फिटनेस के साथ-साथ अनुशासित जीवन कैसे रखा जाए इसका विशेष ध्यान देते हुए रांची जिला नेटबॉल संघ के अध्यक्ष का अभिभाषण के साथ एवं राष्ट्रीय खिलाड़ियों के उपस्थिति में इस कैंप का प्रशिक्षण शुरू किया गया । इस आयोजन में रांची जिला नेटबॉल संघ के अध्यक्ष - राजेंद्र प्रसाद , सचिव - तारा तिर्की , कोषाध्यक्ष - आकाश राय , उप सचिव - सचिन लोहार , उपाध्यक्ष - पंकज टोप्पो, एवं राष्ट्रीय खिलाड़ी में रानी कच्छप, मेघा टोपनो, अरुण कुमार, लालू कच्छप उपस्थित थे ।

एक झलक

### हीरो मोटोकॉर्प का चालू वित्त वर्ष में दोहरे अंक की वृद्धि का लक्ष्य

**नयी दिल्ली :** देश की सबसे बड़ी दोपहिया वाहन विनिर्माता हीरो मोटोकॉर्प ने वित्तीय वर्ष 2026-27 तक दोहरे अंक की वृद्धि हासिल करने का भरोसा जताया है। कंपनी इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए 12 से अधिक नए उत्पाद बाजार में उतारेगी और इलेक्ट्रिक स्कूटर कारोबार को तेजी से बढ़ाएगी। कंपनी के एक अधिकारी के अनुसार स्कूटर कारोबार, विशेषकर इलेक्ट्रिक सेगमेंट, भविष्य के विकास का प्रमुख केंद्र होगा। उन्होंने 2030 तक कुल स्कूटर बिक्री में इलेक्ट्रिक स्कूटर की 50 फीसदी से अधिक हिस्सेदारी का लक्ष्य रखा। उन्होंने कम प्रदूषण वाले पावरट्रेन की बढ़ती मांग के मद्देनजर बाजार में अग्रणी स्थिति बनाए रखने पर जोर दिया।
उन्होंने कहा कि भारतीय दोपहिया बाजार में तीव्र प्रतिस्पर्धा मानी, लेकिन बताया कि पिछले वित्त वर्ष में कंपनी ने अपनी बाजार स्थिति मजबूत की है। सियाम के आंकड़ों के अनुसार, हीरो ने अपनी अग्रणी बढ़त फिर से बढ़ाई है, जिसका श्रेय स्कूटर, इलेक्ट्रिक वाहन, 125 सीसी से ऊपर की मोटरसाइकिल और प्रवेश स्तर की बाइकों में मजबूत प्रदर्शन को जाता है। चालू वित्त वर्ष में भी दोहरे अंक की वृद्धि जारी रहने की उम्मीद है, जिसमें निर्यात और इलेक्ट्रिक वाहनों की भूमिका अहम होगी। कंपनी सालाना 10-12 से अधिक नए मॉडल लॉन्च करने की योजना बना रही है।

### कोल इंडिया का सिनगैस उत्पादन पर जोर, ऊर्जा सुरक्षा को मिलेगी मजबूती

**नयी दिल्ली :** सार्वजनिक क्षेत्र की प्रमुख कोयला कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण गैस आपूर्ति में आ रही बाधाओं से निपटने और देश की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने के लिए कोयले से सिनगैस उत्पादन इकाइयां स्थापित करने की तैयारी में है।
सिनगैस, मुख्यत: कार्बन मोनोऑक्साइड और हाइड्रोजन का मिश्रण होता है, जिसका उपयोग बिजली, उर्वरक और स्वच्छ ईंधन बनाने में होता है।
कोल इंडिया, जो देश के कुल कोयला उत्पादन में 80 फीसदी से अधिक का योगदान करती है, इस दिशा में शुरुआती कदम उठा चुकी है। कंपनी इन संयंत्रों को या तो कोयला खदानों के पास (पिटहेड) या फिर औद्योगिक उपभोक्ताओं जैसे उर्वरक संयंत्रों, गैस आधारित बिजलीघरों और डायरेक्ट-रिड्यूस्ड आयरन (डीआरआई) इकाइयों के समीप स्थापित करेगी। यह पहल राष्ट्रीय कोयला गैसीकरण मिशन और रासायनिक कच्चे माल की सुरक्षा को सुदृढ़ करने की सरकारी रणनीति का हिस्सा है। इन परियोजनाओं को बिल्ड-ओन-ऑपरेट या बिल्ड-ऑपरेट-मेंटेन मॉडल पर विकसित किया जाएगा, जिसके लिए कंपनी ने संभावित बोलीदाताओं की पहचान हेतु रुचि पत्र जारी किए हैं।
इसके अलावा सीआईएल उन औद्योगिक ग्राहकों की भी तलाश कर रही है जो दीर्घकालिक समझौतों के तहत सिनगैस का उपयोग कर सकें। इस कदम का उद्देश्य कोयले के परिवहन लागत को कम करना, उद्योगों को सस्ती और विश्वसनीय सिनगैस आपूर्ति सुनिश्चित करना, तथा स्वच्छ ईंधन, उर्वरक और रसायन उत्पादन के क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता बढ़ाना है। यह देश की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा।

# 06 कम्पनियों का मार्केट कैप 74 हजार करोड़ बढ़ा, रिलायंस इंडस्ट्रीज को सबसे ज्यादा फायदा

**नयी दिल्ली :** घरेलू शेयर बाजार में पिछले कारोबारी सप्ताह के दौरान हुई खरीद-बिक्री के कारण देश की टॉप 10 मोस्ट वैल्यूड कंपनियों में शामिल छह कंपनियों के मार्केट कैप में बढ़ोतरी हुई, जबकि चार कंपनियों के मार्केट कैप में गिरावट आ गई। शीर्ष स्थान पर मौजूद इन दस कंपनियों में से छह के मार्केट कैप में सोमवार से शुक्रवार तक के कारोबार के बाद 74 हजार करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। इनमें सबसे अधिक फायदा देश में सबसे अधिक मार्केट कैप वाली कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज को हुआ, जबकि लाभ कमाने के मामले में दूसरे स्थान पर टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस) रही। दूसरी ओर, टॉप 10 मोस्ट वैल्यूड कंपनियों में शामिल कंपनियों में शेष बची चार कंपनियों के मार्केट कैप में 51 हजार करोड़ रुपये से अधिक की गिरावट आ गई। मार्केट कैप में गिरावट आने के मामले में भारती एयरटेल सबसे आगे रही, जबकि हिन्दुस्तान यूनिलीवर दूसरे स्थान पर रही। इस सप्ताह के कारोबार के बाद रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस), आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी), बजाज फाइनेंस और लार्सन एंड टूब्रो के मार्केट कैप में 74,111.57 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। दूसरी ओर, भारती एयरटेल, हिंदुस्तान यूनिलीवर, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) और एचडीएफसी



बैंक के मार्केट कैप में 51,320.60 करोड़ रुपये की गिरावट आ गई। सोमवार से शुक्रवार के बीच हुए कारोबार के बाद रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप 24,696.89 करोड़ रुपये बढ़ कर 18,33,117.70 करोड़ रुपये के स्तर तक पहुंच गया। इसी तरह टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का मार्केट कैप 19,338.68 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी के साथ 8,38,401.33 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। इसके अलावा आईसीआईसीआई बैंक का मार्केट कैप 14,515.93 करोड़ रुपये की छलांग लगा कर 9,06,901.32 करोड़ रुपये के स्तर पर, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का मार्केट कैप 9,076.37 करोड़ रुपये उछल कर 5,14,443.69 करोड़ रुपये के स्तर पर, बजाज फाइनेंस का मार्केट कैप 3,797.83 करोड़ रुपये की उछाल के साथ 5,70,515.57 करोड़ रुपये के स्तर पर और लार्सन एंड टूब्रो (एलएंडटी) का मार्केट कैप 2,685.87 करोड़ रुपये की बढ़त के साथ 5,40,228.21 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंचा हुआ नजर आया। दूसरी ओर, भारती एयरटेल का मार्केट कैप 20,229.67 करोड़ रुपये घट कर 11,40,296.49 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। इसी तरह हिंदुस्तान यूनिलीवर का मार्केट कैप 16,212.18 करोड़ रुपये घट कर 5,17,380 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इसके अलावा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) का मार्केट कैप 12,784.40 करोड़ रुपये की गिरावट के साथ 8,76,077.92 करोड़ रुपये के स्तर पर और एचडीएफसी बैंक का मार्केट कैप 2,094.35 करोड़ रुपये फिसल कर 11,79,974.90 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया।
मार्केट कैप के लिहाज से रिलायंस इंडस्ट्रीज 18,33,117.70 करोड़ रुपये के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) के साथ देश की सबसे अधिक मार्केट कैप वाली कंपनी रही। इसके बाद एचडीएफसी बैंक (कुल मार्केट कैप 11,79,974.90 करोड़ रुपये), भारती एयरटेल (कुल मार्केट कैप 11,40,296.49 करोड़ रुपये), आईसीआईसीआई बैंक (कुल मार्केट कैप 9,06,901.32 करोड़ रुपये), स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (कुल मार्केट कैप 8,76,077.92 करोड़ रुपये), टीसीएस (कुल मार्केट कैप 8,38,401.33 करोड़ रुपये), बजाज फाइनेंस (कुल मार्केट कैप 5,70,515.57 करोड़ रुपये), लार्सन एंड टूब्रो (कुल मार्केट कैप 5,40,228.21 करोड़ रुपये), हिंदुस्तान यूनिलीवर (कुल मार्केट कैप 5,17,380 करोड़ रुपये) और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) (कुल मार्केट कैप 5,14,443.69 करोड़ रुपये) के नाम सबसे मूल्यवान टॉप 10 कंपनियों के लिस्ट में दूसरे से दसवें स्थान पर बने रहे।

## निवेश में सफलता का राज : लगातार निभाना और नियमित रहना

SBI MUTUAL FUND
A PARTNER FOR LIFE

**रांची :** लंबी अवधि के वित्तीय नतीजे इस बात से कम तय होते हैं कि आपने क्या चुना, और इस बात से ज्यादा कि आप किसे लगातार निभाते रहते हैं और किसे बीच में नहीं रोकते। पैसे से जुड़ी ज्यादातर बातचीत एक साधारण सवाल से शुरू होती है: मुझे किसमें निवेश करना चाहिए? यह एक सही सवाल है। लेकिन समय के साथ संपत्ति बनना शायद ही कभी किसी परफेक्ट फंड या उत्पाद को चुनने से तय होता है। अधिकतर यह उन रोजमर्रा के फैसलों से तय होता है, जो निवेश के आसपास चुपचाप मौजूद रहते हैं। हम इन्हें दोहराते हैं, रोकते हैं या कभी-कभी छोड़ देते हैं। ये फैसले हमेशा दिखते नहीं हैं, लेकिन असल में सबसे ज्यादा काम यही करते हैं आप कितना निवेश करते हैं और कितनी नियमितता से करते हैं। रिटर्न अहम हैं, लेकिन पहले योगदान मायने रखता है। अगर निवेश में जाने वाली राशि ही कम है, तो अच्छा प्रदर्शन करने वाला निवेश भी सीमित असर ही डालता है। अक्सर ज्यादा फर्क इस बात से पड़ता है कि जैसे-जैसे आपकी सैलरी या आय बढ़े, आप अपने निवेश को भी धीरे-धीरे बढ़ाते जाएं। छोटी-छोटी आदतें, जैसे समय के साथ टॉप-अप एसआईपी के जरिए अपनी एसआईपी राशि बढ़ाना, लंबे समय के नतीजों पर बड़ा असर डाल सकती हैं। वर्षों के दौरान, निवेश की राशि में निरंतरता बनाए रखना, बेहतर रिटर्न की तलाश में बार-बार फंड बदलने से अधिक महत्वपूर्ण साबित होता है। वित्तीय सुरक्षा-घेरा होना। जिंदगी अपने खर्च पहले से बताकर नहीं आती। मेडिकल जरूरतें, नौकरी में बदलाव या अन्य अचानक आने वाले खर्च कभी भी सामने आ सकते हैं। वित्तीय सुरक्षा-घेरा न हो तो अच्छे निवेश भी बीच में प्रभावित हो सकते हैं, और अक्सर गलत समय पर। आपातकालीन फंड भले ही 'निवेश' जैसा न लगे, लेकिन इसकी भूमिका बहुत अहम होती है। यह आपके लंबे समय के निवेशों को बाजार की अस्थिरता के दौरान भी निवेशित रहने में मदद करता है, जब समय सबसे ज्यादा मायने रखता है।

### कतर की कम्पनी ने अडाणी ग्रुप के 48.05 लाख शेयर बिड़ला म्यूचुअल फंड को बेचे

**नयी दिल्ली :** कतर इन्वेस्टमेंट अथॉरिटी से संबद्ध कतर होल्डिंग एलएलसी ने खुले बाजार में सौदे के जरिए अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस के 48.05 लाख शेयर 643 करोड़ रुपए में बिड़ला म्यूचुअल फंड को बेच दिए हैं। एसई पर थोक सौदों के बारे में उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक कतर होल्डिंग एलएलसी ने शुक्रवार को 48,05,974 शेयरों को 1,339 रुपए प्रति शेयर के औसत भाव पर बेचा। यह कंपनी में 0.40 फीसदी हिस्सेदारी के बराबर है। इस दौरान बिड़ला म्यूचुअल फंड ने इतने ही शेयर उसी कीमत पर खरीद लिए। इस खबर के सामने आने के बाद अब सोमवार को शेयर बाजारों में अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस के शेयर फोकस में रहेंगे। रिपोर्ट के मुताबिक अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस ने तिमाही नतीजों का ऐलान पिछले महीने किया था।

## प्राइमरी मार्केट में अगले सप्ताह 03 नये आईपीओ देंगे दस्तक

**नयी दिल्ली :** सोमवार यानी 25 मई से शुरू होने वाले कारोबारी सप्ताह के दौरान प्राइमरी मार्केट में मामूली हलचल रहने वाली है। इस सप्ताह तीन कंपनियां अपने आईपीओ लॉन्च कर रही हैं। ये तीनों आईपीओ एसएमई सेगमेंट के हैं। इसके अलावा पिछले सप्ताह सब्सक्रिप्शन के लिए खुले चार आईपीओ में भी 25 और 26 मई तक बोली लगाई जा सकती है। जहां तक नई लिस्टिंग की बात है, तो इस सप्ताह छह कंपनियां स्टॉक मार्केट में एंट्री करने वाली हैं। ये सभी कंपनियां एसएमई सेगमेंट की हैं। सप्ताह के पहले दिन 25 मई को याश्वी ज्वेलर्स का 43.88 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इस इश्यू में 27 मई तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ में बोली लगाने के लिए




83 रुपये प्रति शेयर का मूल्य तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 1,600 शेयर का है। आईपीओ की क्लोजिंग के बाद 29 मई को शेयरों का अलॉटमेंट फाइनल किया जाएगा, जबकि दो जून को बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर कंपनी के शेयरों की लिस्टिंग हो सकती है।
इसके अगले दिन 26 मई को राजनंदिनी फैशन इंडिया का 18.21 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इस इश्यू में 29 मई तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ में बोली लगाने के लिए 59 रुपये से लेकर 63 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 2,000 शेयर का है। आईपीओ की क्लोजिंग के बाद एक जून को शेयरों का अलॉटमेंट फाइनल किया जायेगा, जबकि तीन जून को बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर कंपनी के शेयरों की लिस्टिंग हो सकती है। इसी दिन यानी 26 मई को ही एसएमआर ज्वेलर्स का 67.23 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इस इश्यू में भी 29 मई तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ में बोली लगाने के लिए 128 रुपये से लेकर 135 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 1,000 शेयर का है। आईपीओ की क्लोजिंग के बाद एक जून को शेयरों का अलॉटमेंट फाइनल किया जाएगा, जबकि तीन जून को बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर कंपनी के शेयरों की लिस्टिंग हो सकती है। इन नए आईपीओ के अलावा पिछले सप्ताह 21 मई को सब्सक्रिप्शन के लिए खुले बायो मेडिका लेबोरेट्रीज के 52.43 करोड़ रुपये के आईपीओ में कल यानी 25 मई तक बोली लगाई जा सकती है। आईपीओ में बोली लगाने के लिए 132 रुपये से लेकर 139 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 1,000 शेयर का है। आईपीओ की क्लोजिंग के बाद 26 मई को शेयरों का अलॉटमेंट फाइनल किया जायेगा, जबकि 29 मई को एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर कंपनी के शेयरों की लिस्टिंग हो सकती है।

## रियलमी ने 26,999 रुपये के शुरुआती मूल्य में रियलमी 16टी किया पेश

**रांची :** भारतीय युवाओं के बीच सबसे लोकप्रिय स्मार्टफोन ब्रांड, रियलमी ने अपनी नंबर सीरीज में नए स्मार्टफोन, रियलमी 16टी 5जी का लॉन्च किया है। इसके साथ ही कंपनी ने रियलमी बड्स एयर 8 प्रो और रियलमी वॉच एस5 भी पेश की है। ये प्रोडक्ट युवाओं को सुगम ईकोसिस्टम और सोशल-फर्स्ट अनुभव प्रदान करने के लिए बनाए गए हैं। रियलमी 16टी 5जी में '8,000 एम.ए.एच 3-डे पॉवरहाउस' बैटरी लगी है, जो अपने सेगमेंट में सबसे लंबी बैटरी लाईफ प्रदान करती है। इसके



अलावा, ए.आई आधारित पोर्ट्रेट इमेजिंग, लॉन्ग टर्म स्मूथनेस ऑप्टिमाईजेशन और जबरदस्त ड्यूरेबिलिटी इसे गेमिंग, ट्रैवल, एंटरटेनमेंट और रोजमर्रा के कंटेंट निर्माण के लिए एक भरोसेमंद साथी बनाते हैं। टू 3-डे हैवी यूसेज एंड्योरेंस के लिए सेगमेंट की सबसे बेहतर टेक्नोलॉजी के साथ बनाई गई 8000 एम.ए.एच की शक्तिशाली बैटरीरियलमी 16टी में सेगमेंट की सबसे शक्तिशाली 8000 एम.ए.एच की बैटरी एंड्योरेंस के नए मानक स्थापित करती है। यह लंबे गेमिंग सत्रों, स्ट्रीमिंग, दैनिक आवागमन, हैवी सोशल मीडिया यूज जैसे भारी कामों के लिए बनाई गई है। यूजर्स को चार्जिंग की चिंता के बगैर हैवी यूज के दौरान भी कई दिनों की बैटरी लाईफ मिल जाती है।

### देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में सोना सस्ता, चांदी के भाव में सांकेतिक तेजी

**नयी दिल्ली :** घरेलू सर्राफा बाजार में सोने के भाव में रविवार को गिरावट का रुख नजर आ रहा है। देश के ज्यादातर सरार्फा बाजार में सोना आज 390 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 420 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया। इसके विपरीत चांदी के भाव में आज के कारोबार के दौरान 100 रुपये प्रति किलोग्राम तक की सांकेतिक उछाल दर्ज की गई है। घरेलू सर्राफा बाजार में हाजिर सोने की कीमत में आई कमजोरी के कारण देश के ज्यादातर हिस्सों में 24 कैरेट सोना 1,59,060 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,60,690 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। 22 कैरेट सोना आज 1,45,800 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,47,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। दूसरी ओर, चांदी के भाव में आज मामूली तेजी आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में 2,85,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। साप्ताहिक आधार पर देखें, तो पिछले सप्ताह के कारोबार में सोना और चांदी की कीमत में तेजी दर्ज की गई है।

### पीएम मोदी के आह्वान में साथ आया पीआर 24x7, 01 जून से सभी कर्मचारियों को 'वर्क फ्रॉम होम'

## वार्षिक कार्यक्रम में गोल्ड की जगह मिलेंगे सिर्फ स्वदेशी उपहार

**इंदौर/नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पश्चिम एशिया संकट के बीच देश को आत्मनिर्भर व सशक्त बनाने के लिए किए गए प्रमुख आह्वान का समर्थन करते हुए इंदौर स्थित देश की प्रमुख पब्लिक रिलेशन संस्थाओं में से एक पीआर 24X7 ने 1 जून से सभी कर्मचारियों के लिए वर्क फ्रॉम होम यानी घर से काम करने की सुविधा शुरू की है। इसके साथ ही संस्था ने अपने वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम उड़ान से सोने के आभूषणों के रूप में दिये जाने वाले उपहारों को पूरी तरह बंद कर, उनकी जगह सिर्फ स्वदेशी प्रोडक्ट्स को शामिल करने का




फैसला किया है। संस्था का वर्क फ्रॉम होम देने का मुख्य उद्देश्य रोजमर्रा के आवागमन में होने वाले पेट्रोल-डीजल की भारी खपत को कम करना तथा संकट के समय राष्ट्रहित में सहयोग करना है। वहीं, वार्षिक उत्सव में सोने की जगह भारत में निर्मित उत्पादों को चुनकर संस्था ने लोकल फॉर वोकल की मुहिम को बढ़ावा दिया है। इस दूरगामी पहल और बदलाव पर बात करते हुए पीआर 24X7 के फाउंडर डॉ. अतुल मलिकराम ने कहा, ? राष्ट्रहित केवल सीमाओं पर खड़े सैनिकों की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि देश के हर नागरिक और हर संस्था का कर्तव्य है। यदि हम अपने दैनिक व्यवहार में ईंधन की बचत, स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को अपनाएं, तो यही संकट के समय देश की सबसे बड़ी ताकत बनता है। उन्होंने आगे कहा, वर्क फ्रॉम होम से जहां ईंधन की बचत होगी, वहीं वार्षिक उत्सव में गोल्ड की जगह स्वदेशी उत्पादों को अपनाकर हम अपनी जुड़ती हुई अर्थव्यवस्था और स्थानीय कारीगरों को मजबूत करना चाहते हैं। बदलाव की शुरूआत हमेशा खुद से होती है, और हमें पूरी उम्मीद है कि हमारी यह छोटी सी कोशिश समाज में एक बड़ा और सकारात्मक संदेश देने में कामयाब होगी।
पीआर 24७7 भारत की अग्रणी और प्रतिष्ठित पब्लिक रिलेशंस कंपनियों में से एक है, जो पिछले 25 वर्षों से अधिक समय से कॉर्पोरेट, सरकार और विभिन्न सेक्टर्स को अपनी पेशेवर पीआर सेवाएं प्रदान कर रही है। संस्था का नेटवर्क देश के टियर-1, टियर-2 और टियर-3 शहरों सहित क्षेत्रीय बाजारों में बेहद मजबूत है, जो इसे देश के कोने-कोने तक एक व्यापक पहुंच प्रदान करता है।

## पेज एक के शेष

**भारत संघर्ष नहीं कूटनीति का समर्थक...**
व्यापार समझौते की आवश्यकता पर जोर दिया, ताकि आगे व्यापक द्विपक्षीय व्यापार समझौते का मार्ग प्रशस्त हो सके। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच न्यूक्लियर सहयोग, दुर्लभ खनिज और एआई क्षेत्र में भी सहयोग की अपार सम्भावनाएं हैं। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि पिछले एक वर्ष में अमेरिका से भारत के ऊर्जा आयात में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि ऊर्जा सुरक्षा के लिए विविध स्रोत जरूरी हैं और अमेरिका भारत के लिए विश्वसनीय ऊर्जा साझेदार बन कर उभरा है।
उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच लोगों के आपसी सम्बन्ध साझेदारी की सबसे बड़ी ताकत हैं। उन्होंने वैध यात्रियों के लिए वीजा प्रक्रिया आसान बनाये रखने पर जोर दिया। जयशंकर ने आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति दोहरायी और 26/11 हमले के प्रमुख साजिशकर्ता के प्रत्यर्पण पर अमेरिका के सहयोग की सराहना की।
जयशंकर ने कहा कि भारत अमेरिका, इजराइल, ईरान और खाड़ी देशों के साथ मजबूत सम्बन्ध बनाये हुए है। भारत क्षेत्रीय सम्बन्धों को 'जीरो-सम' की दृष्टि से नहीं देखता और सभी साझेदारियों को संतुलित तरीके से आगे बढ़ाना चाहता है।
वहीं, अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि भारत-अमेरिका सम्बन्धों की गति बरकरार है। भारत अमेरिका का महत्त्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार है और दोनों लोकतांत्रिक देश वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि अमेरिका का किसी अन्य देश के साथ सम्बन्ध भारत के साथ उसकी रणनीतिक साझेदारी की कीमत पर नहीं है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि भारत उन्नत तकनीकी क्षमताओं वाला महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार है। दोनों लोकतांत्रिक देश 21वीं सदी की अत्याधुनिक तकनीकों, वैश्विक नवाचार और साझा राष्ट्रीय हितों को आगे बढ़ाने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं।
दिल्ली में अमेरिकी विदेश मंत्री ने कहा कि हॉर्मूज जलडमरूमध्य और ईरान को लेकर जल्द ही कोई शुभ समाचार आनेवाला है। खाड़ी क्षेत्र के साझेदार देशों के साथ पिछले 48 घंटों में सकारात्मक प्रगति हुई है। ईरान मुद्दे पर महत्वपूर्ण प्रगति हुई है, हालांकि अंतिम समाधान अभी बाकी है। अमेरिका का उद्देश्य है कि ईरान कभी परमाणु हथियार हासिल न करे। होर्मुज जलडमरूमध्य को अंतरराष्ट्रीय जलमार्ग बताते हुए अमेरिकी विदेश मंत्री ने व्यावसायिक जहाजों को धमकी देने को अंतरराष्ट्रीय कानून के खिलाफ बताया। मार्को रुबियो ने अमेरिका में भारतीयों के खिलाफ नस्लीय टिप्पणियों को गंभीर बताया। उन्होंने कहा कि हर देश में कुछ लोग आपत्तिजनक बातें करते हैं, लेकिन अमेरिका एक स्वागत करने वाला देश है, जिसे दुनियाभर से आये लोगों ने समृद्ध बनाया है।
रुबियो ने कहा कि जे-1, एफ-1 और एच-1बी वीजा नियमों में बदलाव भारत विशेष नहीं बल्कि वैश्विक स्तर पर लागू सुधार प्रक्रिया का हिस्सा हैं। उन्होंने भारतीय कम्पनियों के अमेरिकी अर्थव्यवस्था में 20 अरब डॉलर से अधिक निवेश की सराहना की। रुबियो ने कहा कि अमेरिका अपनी आव्रजन प्रणाली को आधुनिक और अधिक टिकाऊ बनाने की दिशा में काम कर रहा है।

**अमेरिकी विदेश मंत्री आज आगरा में करेंगे ताजमहल का दीदार...**
एयरपोर्ट पर सुबह करीब 9:30 बजे पहुंचेंगे। इसके बाद सीधे यहां से ताजमहल जायेंगे। ताजमहल में सुबह करीब 10:05 बजे से 11:05 बजे तक उनके रुकने का कार्यक्रम है। अमेरिकी विदेश मंत्री का काफिला खेरिया एयरपोर्ट से शिल्पग्राम पहुंचेगा। शिल्पग्राम से बैटरी चलित गोल्फ कार्ट मैं बैठकर वह ताजमहल के पूर्वी गेट पहुंचेंगे। अमेरिकी विदेश मंत्री के आगरा भ्रमण के मद्देनजर केन्द्रीय एवं प्रांतीय खुफिया एजेंसी सतर्क हैं। ताजमहल के आसपास के होटलों में कड़ी निगरानी रखी जा रही है।
अमेरिका की एडवांस सुरक्षा टीम ने शनिवार को खेरिया एयरपोर्ट से लेकर ताजमहल तक सुरक्षा व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया और आगरा के पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों से सुरक्षा के सम्बन्ध बातचीत की। अमेरिकी विदेश मंत्री के ताजमहल भ्रमण के दौरान आम पर्यटकों के लिए ताजमहल खुला रहेगा। उल्लेखनीय है कि किसी राष्ट्रध्यक्ष के ताजमहल भ्रमण के दौरान ही ताजमहल आम पर्यटकों के लिए बंद रहता है। स्थानीय पुलिस प्रशासन भी अमेरिकी विदेशमंत्री के प्रस्तावित आगरा दौरे को लेकर मुस्तैद है। अमेरिकी विदेशमंत्री आगरा से जयपुर जायेंगे। इसके अलावा अमेरिकी विदेशमंत्री का कोई अन्य कार्यक्रम सामने नहीं आया है, लेकिन वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर एक पांच सितारा होटल में अल्प विश्राम की व्यवस्था की गयी है। डीसीपी आगरा सिटी सैयद अली अब्बास ने बताया कि अमेरिकी विदेशमंत्री के प्रस्तावित दौरे को लेकर प्रोटोकॉल के अनुसार सुरक्षा व्यवस्था की जा रही है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के आगरा सर्किल की अधीक्षण पुरातत्वविद् डॉ. स्मिता कुमार ने बताया कि अभी तक अमेरिकी विदेशमंत्री के विजिट को लेकर ताजमहल को आम दर्शकों के लिए बंद किये जाने सम्बन्धी कोई निर्देश नहीं है। इसलिए ताजमहल सोमवार को सामान्य तौर पर खुला रहेगा।

**बंगाल में ममता का आखिरी किला ढहा...**
मतदान के दौरान कई बूथों पर तृणमूल कांग्रेस का कोई एजेंट मौजूद नहीं था। वहीं, मतगणना केन्द्र में भी पार्टी की सक्रियता बेहद कमजोर दिखाई दी।
इस उपचुनाव में वाममोर्चा समर्थित उम्मीदवार शंभूनाथ कुर्मी ने लगभग 37 हजार वोट हासिल कर ध्यान खींचा। वहीं, कांग्रेस प्रत्याशी अब्दुर रज्जाक मोल्ला को करीब साढ़े नौ हजार वोट मिले।
राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि तृणमूल कांग्रेस के कमजोर पड़ने से राज्य की विपक्षी राजनीति में नयी सम्भावनाएं बन सकती हैं।
फलता उपचुनाव की पृष्ठभूमि काफी विवादित रही। विधानसभा चुनाव के दौरान कई बूथों के ईवीएम में इत्र, स्याही और टेप लगाए जाने जैसी अनियमितताओं के आरोप लगे थे। इसके बाद निर्वाचन आयोग ने चुनाव रद्द कर पुनर्मतदान कराने का फैसला लिया था।
इसी दौरान जहांगीर खान और उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी अजयपाल शर्मा के बीच तनाव की चर्चाएं भी राजनीतिक गलियारों में सुर्खियों में रहीं।
राज्य में सत्ता परिवर्तन के बाद फलता में तृणमूल कांग्रेस की संगठनात्मक सक्रियता लगभग ठप पड़ गयी थी। स्थानीय लोगों के बीच लंबे समय से वोट नहीं डाल पाने और 'थ्रेट कल्चर' के आरोपों को भाजपा ने चुनावी मुद्दा बनाया।
मुख्यमंत्री शुभेन्दु अधिकारी ने कई जनसभाएं और रोड शो किये, जिनमें भारी भीड़ देखने को मिली। उन्होंने फलता के लिए विशेष विकास पैकेज की भी घोषणा की थी, जिसका असर मतदाताओं पर स्पष्ट दिखाई दिया।
चुनाव परिणाम के बाद शुभेन्दु अधिकारी ने सोशल मीडिया पर लम्बा संदेश जारी करते हुए कहा कि फलता की जनता ने लोकतंत्र को फिर से स्थापित किया है। मैं यहां के मतदाताओं को नमन करता हूं, जिन्होंने भाजपा प्रत्याशी को एक लाख से अधिक वोटों के अंतर से जिताया। विकास के माध्यम से हम इस विश्वास का ऋण चुकायेंगे।
उन्होंने तृणमूल कांग्रेस पर सरकारी तंत्र के दुरुपयोग, सिंडिकेट राज और डर की राजनीति चलाने का आरोप लगाया। बिना नाम लिये जहांगीर खान पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा...'एक तथाकथित सेनापति ने लोकतंत्र का गला घोंटने में कोई कसर नहीं छोड़ी।'
मुख्यमंत्री ने दावा किया कि 15 वर्षों बाद लोगों को स्वतंत्र रूप से मतदान करने का अवसर मिला और असली जनमत सामने आया। राजनीतिक हलकों में इस जीत को पश्चिम बंगाल की बदलती राजनीति का संकेत माना जा रहा है। भाजपा इसे बड़े जनादेश के रूप में पेश कर रही है, जबकि तृणमूल कांग्रेस के सामने संगठनात्मक पकड़ बनाए रखने की चुनौती बढ़ गयी है। गौरतलब है कि, जिस क्षेत्र में टीएमसी को यह करारी हार मिली है, वह डायमंड हार्बर लोकसभा सीट के अंतर्गत आता है, जहां से पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व लोकसभा में सांसद हैं।

**झारखंड प्रशासनिक सेवा के 81 अधिकारियों का तबादला...**
परीक्षा के विशेष कार्य पदाधिकारी की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं, देवघर के डीटीओ शैलेश कुमार प्रियदर्शी, ऊर्जा विभाग के उप सचिव बनाए गए हैं। कोडरमा के जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला को कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग में उपसचिव बनाया गया है। जमशेदपुर के डीटीओ धनंजय को अपर जिला दंडाधिकारी (विधि व्यवस्था) रांची की जिम्मेदारी दी गई है। रामगढ़ के अनुमंडल पदाधिकारी, अनुराग कुमार तिवारी पूर्वी सिंहभूम के अपर उपायुक्त बने हैं। गुमला के अनुमंडल पदाधिकारी राजीव नीरज उसी जिले में अपर समाहर्ता बनाए गए हैं। हजारीबाग के डीटीओ वैद्यनाथ कामती को कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग में उप सचिव बनाया गया है। इसके अलावा रांची नगर निगम के उप-नगर आयुक्त गौतम प्रसाद साहू को ग्रामीण विकास विभाग में उप-सचिव बनाया गया है। साहिबगंज के डीटीओ मिथिलेश कुमार चौधरी रिनपास के उपनिदेशक बने हैं।

**इबोला संकट से निपटने के लिए भारत ने अफ्रीका को भेजी चिकित्सा सहायता की पहली खेप...**
महसूस की जा रही है। ऐसे समय में भारत की यह पहल वैश्विक एकजुटता और साझेदारी का महत्वपूर्ण उदाहरण मानी जा रही है।
विशेषज्ञों का मानना है कि इबोला जैसी संक्रामक बीमारी से निपटने के लिए त्वरित चिकित्सा सहायता, सुरक्षा उपकरण और अंतरराष्ट्रीय सहयोग अत्यंत आवश्यक हैं। भारत पहले भी विभिन्न देशों को स्वास्थ्य आपात स्थितियों के दौरान दवाइयां, वैक्सीन और चिकित्सा उपकरण उपलब्ध कराता रहा है। भारत सरकार ने संकेत दिये हैं कि आवश्यकता पड़ने पर आनेवाले दिनों में अतिरिक्त सहायता सामग्री भी भेजी जा सकती है, ताकि प्रभावित देशों को राहत और स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने में मदद मिल सके।

**केन्द्र सरकार लीगल मेट्रोलॉजी नियमों में करेगी संशोधन...**
लिए आवश्यक तकनीकी विशेषज्ञता और आधारभूत संरचना उपलब्ध होती है। निजी प्रयोगशालाओं और उद्योगों की भागीदारी से देश की सत्यापन क्षमता बढ़ेगी और सेवाओं तक पहुंच आसान होगी। संशोधित नियमों के तहत राज्य सरकारों को भी अपने यहां अतिरिक्त श्रेणी के माप एवं तौल उपकरणों को जीएटीसी व्यवस्था के तहत अधिसूचित करने का अधिकार दिया गया है। इसके अलावा संयुक्त सचिव और उससे ऊपर के अधिकारियों को नियमों के तहत अनुमोदन सम्बन्धी मामलों में अधिकार दिये गये हैं, ताकि प्रक्रियाओं में तेजी लायी जा सके। सरकार ने पेट्रोल और डीजल डिस्पेंसर के सत्यापन शुल्क को 05 हजार रुपये प्रति नोजल तय किया है, जबकि सीएनजी, एलपीजी, एलएनजी और हाइड्रोजन डिस्पेंसरो के लिए यह शुल्क 10 हजार रुपये प्रति नोजल निर्धारित किया गया है। मंत्रालय के अनुसार, इन सुधारों से राज्य लीगल मेट्रोलॉजी विभाग निरीक्षण, प्रवर्तन और उपभोक्ता शिकायत निवारण पर अधिक ध्यान केन्द्रित कर सकेंगे। यह पहल तकनीक आधारित प्रशासन, व्यापारिक पारदर्शिता और आत्मनिर्भर भारत अभियान को मजबूती देने के साथ-साथ भारत की मेट्रोलॉजी प्रणाली को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप विकसित करने की दिशा में महत्त्वपूर्ण कदम है।

## एक झलक

कैलिफोर्निया में केमिकल टैंक लीक

### 40 हजार लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा

**कैलिफोर्निया :** अमेरिका के कैलिफोर्निया में केमिकल टैंक लीक हो गया। एयरोस्पेस फैक्ट्री में रखा केमिकल टैंक शुक्रवार को ओवरहीट हो गया था। इसके बाद आसपास के करीब 40 हजार लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया है। कई स्कूल बंद कर दिए गए और राहत शिविर खोले गए हैं। कैलिफोर्निया के ऑरेंज काउंटी स्थित गार्डन ग्रोव शहर की है। यहां जीकेएन एयरोस्पेस नाम की कंपनी में मिथाइल मेथाक्रिलेट नाम का रसायन रखने वाला प्रेशराइज्ड टैंक गर्म हो गया और उससे जहरीली गैस लीक हो गई। ऑरेंज काउंटी फायर अथॉरिटी के अधिकारियों के मुताबिक टैंक फट सकता है या उसमें दरार आ सकती है, जिससे जहरीला केमिकल जमीन पर फैल सकता है।

### 09 मंजिली इमारत गिरी, कई मजदूर दबे

**मनीला :** फिलीपींस में रविवार सुबह उत्तर में स्थित एंजेलिस सिटी में बन रही 09 मंजिली इमारत अचानक गिर गई। यह हादसा उस समय हुआ जब इलाके में तेज तूफान और बारिश हो रही थी। हादसे के बाद बचाव व राहत कार्य चलाए गए। मीडिया रिपोर्ट में पुलिस के हवाले से बताया गया है कि हादसे के समय इमारत में काम कर रहे 22 मजदूर किसी तरह बाहर निकलने में सफल रहे, लेकिन कई अन्य मजदूर मलबे में दबे होने की आशंका है। रिपोर्ट के मुताबिक 100 से ज्यादा पुलिसकर्मी और सरकारी कर्मचारी राहत और बचाव कार्य में जुटे हैं। बचाव दल मलबे में फंसे लोगों को निकालने की कोशिश कर रहा है। पुलिस अधिकारी जेस मेंडेज ने बताया कि अभी यह साफ नहीं है कि कितने मजदूर लापता हैं।

### रुस का कीव पर जोरदार हमला, एक की मौत

**कीव :** रूस ने कीव और आसपास के इलाकों पर मिसाइल और ड्रोन हमला किया। अधिकारियों के मुताबिक इस हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई, 24 लोग घायल हुए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक रूस ने यूक्रेन की तरफ 50 से ज्यादा मिसाइलें और 700 से ज्यादा ड्रोन दागे। इनमें ज्यादातर का निशाना कीव शहर था। इसे पिछले एक साल के सबसे बड़े हमलों में से एक बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि रात करीब 1 बजे से लेकर सुबह 5 बजे तक लगातार जोरदार धमाकों की आवाजें सुनाई देती रहीं।

### क्वेटा में रेलवे ट्रैक पर धमाका, 23 की मौत

**क्वेटा :** पाकिस्तान के क्वेटा शहर में एक बड़ा और भीषण बम धमाका हुआ है, जिसमें भारी संख्या में जान-माल के नुकसान की खबर है। शुरुआती स्थानीय रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह जोरदार धमाका क्वेटा में फ्रंटियर कोर के हेडक्वार्टर के गेट के पास स्थित रेलवे ट्रैक पर हुआ। विस्फोट उस समय हुआ जब कैंट की तरफ से आ रही एक ट्रेन वहां से गुजर रही थी। धमाका इतना शक्तिशाली था कि ट्रेन की एक बोगी के परखच्चे उड़ गए, कई डिब्बे पटरी से उतर गए और रेलवे ट्रैक के आसपास के इलाके में भीषण आग लग गई।

# कर्नाटक दौरे पर भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन, संगठन मजबूती और चुनावी रणनीति पर मंथन

एजेंसी

**बेंगलुरु :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार कर्नाटक पहुंचे नितिन नवीन का राज्य भाजपा नेताओं और कार्यकताओं ने भव्य स्वागत किया। शनिवार देर रात बेंगलुरु पहुंचने पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बी.वाई. विजयेंद्र ने उनका स्वागत किया। एयरपोर्ट से लेकर पार्टी कार्यालय तक कार्यकताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

रविवार सुबह नितिन नवीन ने पूर्व मुख्यमंत्री बी.एस. येदियुरप्पा के आमंत्रण पर उनके आवास पहुंचकर नाश्ता बैठक में हिस्सा लिया। करीब एक घंटे तक चली इस मुलाकात में राज्य में भाजपा संगठन को और मजबूत बनाने, आगामी राजनीतिक कार्यक्रमों तथा चुनावी तैयारियों को लेकर अनौपचारिक चर्चा हुई। पार्टी सूत्रों के अनुसार, बैठक में बूथ स्तर तक संगठन की सक्रियता बढ़ाने और कार्यकताओं के बीच समन्वय मजबूत करने पर भी विचार-विमर्श किया गया।

इससे पहले आज नितिन नवीन ने बेंगलुरु के प्रसिद्ध काडु मल्लेश्वर मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की और राज्य की समृद्धि एवं भाजपा की संगठनात्मक सफलता की कामना की। मंदिर में दर्शन के दौरान स्थानीय नेताओं और श्रद्धालुओं ने उनका स्वागत किया।



इसके बाद भाजपा प्रदेश कार्यालय में नितिन नवीन की अध्यक्षता में कई अहम बैठकें आयोजित की गईं। इन बैठकों में पार्टी के वर्तमान और पूर्व विधायक, सांसद, विधान परिषद सदस्य और विभिन्न पदाधिकारी शामिल हुए। अलग-अलग सत्रों में नेताओं से संगठन की स्थिति, जनसंपर्क अभियान और आगामी राजनीतिक चुनौतियों पर फीडबैक लिया गया।

शाम को होने वाली भाजपा राज्य कोर कमेटी की बैठक को राजनीतिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। बैठक में राज्य की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों, संगठन विस्तार, आगामी चुनावों की रणनीति, युवा और महिला मोर्चा की सक्रियता तथा कार्यकताओं के समन्वय जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा होने की संभावना है। माना जा रहा है कि पार्टी नेतृत्व आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए संगठनात्मक ढांचे को और धार देने की तैयारी में जुटा है।

अपने कर्नाटक दौरे को लेकर नितिन नवीन ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर भी संदेश साझा किया। उन्होंने कहा कि बी.एस. येदियुरप्पा ने कर्नाटक में भाजपा के विस्तार और संगठन को मजबूत बनाने में अमूल्य योगदान दिया है। उन्होंने सार्वजनिक जीवन में येदियुरप्पा की 50 वर्षों की लंबी सेवा, जनकल्याण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और राजनीतिक अनुभव की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। भाजपा नेताओं का भी मानना है कि नितिन नवीन का यह दौरा राज्य संगठन में नई ऊर्जा भरने के साथ-साथ आगामी चुनावी तैयारियों को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# इंदौर में गहराया जल संकट, पानी के लिए सड़कों पर उतरे लोग

एजेंसी

**इंदौर :** मध्य प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी के बीच देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में पानी का संकट लगातार गंभीर होता जा रहा है। शहर के कई वार्डों की कॉलोनियां और मोहल्ले इन दिनों भीषण जल किल्लत से जूझ रहे हैं। हालात इतने खराब हैं कि टैंकर पहुंचते ही पानी भरने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ रही है। नगर निगम ट्रैक्टर-टैंकरों के जरिए पानी सप्लाई कर रहा है, लेकिन बढ़ती मांग के सामने यह व्यवस्था नाकाफी साबित हो रही है। इस बाबत महापौर का कहना है कि वे इस गंभीर स्थिति की जानकारी है और कंट्रोल रूम से हर घर जल पहुंचाने को प्रतिबद्ध हैं।

इस बीच जल संकट से परेशान लोगों ने रविवार को शहर के अलग-अलग हिस्सों में सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेताओं और स्थानीय निवासियों ने पालदा और सुखलिया में चक्काजाम कर प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। पालदा चौराहे पर कांग्रेस पार्षद कुणाल सोलंकी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में वार्ड-75 और वार्ड-64 के रहवासियों ने चक्काजाम किया। प्रदर्शनकारियों ने नियमित जलापूर्ति, पर्याप्त टैंकर व्यवस्था और नर्मदा लाइन से पानी सप्लाई की मांग उठाई। लोगों का आरोप था कि कई इलाकों में चार-चार दिनों से पानी नहीं आया है। मजबूरी में लोगों को महंगे दामों पर पानी खरीदना पड़ रहा है या दूर-दूर से पानी लाना पड़ रहा है।



### सुखलिया में भी फूटा लोगों का गुस्सा

**दीनदयाल** उपाध्याय चौराहा स्थित सुखलिया जोन-5 कार्यालय पर भी कांग्रेस नेताओं और स्थानीय रहवासियों ने प्रदर्शन किया। पार्षद राजू भदौरिया के नेतृत्व में हुए विरोध प्रदर्शन में वार्ड-27 के बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि क्षेत्र में पिछले 12 वर्षों से कांग्रेस नेता विनोद बब्बू यादव द्वारा निशुल्क पानी वितरण किया जा रहा था, लेकिन पिछले दो दिनों से पानी सप्लाई बंद कर दी गई है। इससे क्षेत्र में जल संकट और गहरा गया है। गुस्साए रहवासियों और कांग्रेस कार्यकताओं ने महापौर और नगर निगम प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान लोगों ने 'रघुपति राघव राजा राम' गाकर अनोखे अंदाज में विरोध जताया।

प्रदर्शन के दौरान कुणाल सोलंकी ने कहा कि जब तक जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचेंगे और समस्या का समाधान नहीं करेंगे, तब तक वे पानी नहीं पीएंगे। पार्षद ने जल संकट को लेकर विधायक मधु वर्मा पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोग लंबे समय से पानी की समस्या से जूझ रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार जनप्रतिनिधि इस ओर ध्यान नहीं दे रहे। उन्होंने आरोप लगाया कि कई कॉलोनियों में अब तक नर्मदा लाइन नहीं पहुंची है और नगर निगम से पर्याप्त टैंकर भी उपलब्ध नहीं कराए जा रहे, जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

**'कागजों में बांटा जा रहा पानी'**

**कांग्रेस** नेता दौलत पटेल ने आरोप लगाया कि नगर निगम केवल कागजों में पानी सप्लाई के दावे कर रहा है, जबकि जमीनी हकीकत इससे अलग है। उन्होंने कहा कि शहर के कई इलाकों में लोग बूंद-बूंद पानी के लिए परेशान हैं।

# छत्तीसगढ़ के कांकेर में नक्सली डम्प से भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक बरामद

एजेंसी

**कांकेर :** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के सीमावर्ती जंगलों में सुरक्षाबलों ने सर्चिंग अभियान के दौरान नक्सलियों के छिपाए गए हथिथारों, उपकरणों और विस्फोटक के खालिाफ बड़ी कार्रवाई की है।

यह कार्रवाई आत्मसमर्पित नक्सलियों से मिली खुफिया सूचना के आधार पर की गई। इस दौरान सुरक्षा बलों ने भारी मात्रा में हथियार, बीजीएल लांचर, विस्फोटक सामग्री, डेटोनेटर, गन पाउडर, नक्सली वर्दियां और नक्सली उपयोग की वस्तुएं बरामद कीं। यह संयुक्त अभियान जिला पुलिस, डीआरजी, बीएसएफ और बीडीएस टीम ने चलाया।

कांकेर एसपी निखिल कुमार राखेचा ने बताया कि आज रविवार को थाना कोयलीबेड़ा क्षेत्र में पहला डंप सीमावर्ती क्षेत्र के पल्लाहूर और जपमरका के जंगलों में मिला। इसमें एक कंट्रीमेड बीजीएल लांचर, 25 बीजीएल सेल, चार इम्प्रोवाइज्ड फायर कार्टिज और एक एके-47 व एक एसएलआर के खाली कार्टिज शामिल थे। पांच किलोग्राम गन पाउडर, 10 बड़े सुतली बम, तीन नक्सली वर्दी, एक सोलर चार्जर, 50 फीट वायर और मेडिकल किट भी बरामद हुई।



थाना छोटेबेठिया क्षेत्र में दूसरी कार्रवाई में सीमावर्ती क्षेत्र के मरकाबेड़ा, आदनार और एलूर के जंगल से तीन 12 बोर राइफल, एक बीजीएल लांचर, छह बीजीएल सेल और 100 ग्राम बारूद बरामद किया। एक पोच, 800 इलेक्ट्रिक डेटोनेटर और 200 नॉन-इलेक्ट्रिक डेटोनेटर बरामद किया गया है।

कांकेर एसपी ने बताया कि यह सफलता को सुरक्षा बलों के लिए बड़ी उपलब्धि है, क्योंकि बरामद विस्फोटक सामग्री और हथियारों का उपयोग बड़ी नक्सली घटनाओं में किया जा सकता था।

### सेक्सटॉर्शन रैकेट का मास्टरमाइंड दून से गिरफ्तार

**देहरादून :** उत्तराखंड पुलिस और गोवा पुलिस ने सेक्सटॉर्शन रैकेट के फरार सरगना सलमान खान को नेहरू कॉलोनी क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। आरोपित पिछले तीन वर्षों से फरार चल रहा था और गोवा में दर्ज करोड़ों रुपये की उगाही के मामले में वांछित था। एसटीएफ के अनुसार आरोपित सलमान खान, निवासी माजरा पटेलनगर, देहरादून, गोवा के मापुसा थाना क्षेत्र में दर्ज एक संगठित अपराध मामले में शामिल था। आरोप है कि उसने अपने गैंग के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर एक सेक्सटॉर्शन गिरोह बनाया था, जो अमीर कारोबारियों को निशाना बनाकर उन्हें ब्लैकमेल करता था।

### पद्मभूषण से आज सम्मानित होंगे भगत सिंह कोश्यारी



एजेंसी

**देहरादून :** पूर्व राज्यपाल और पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी 25 मई को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की ओर से नई दिल्ली में पद्मभूषण से सम्मानित किया जाएगा। केंद्र सरकार की ओर से जारी जानकारी के अनुसार, उत्तराखंड में 'भगत दा' के नाम से लोकप्रिय कोश्यारी को शिक्षा, समाज सेवा, राजनीति और राष्ट्र निर्माण में उनके दीर्घ योगदान के लिए यह सम्मान प्रदान किया जा रहा है। भगत सिंह कोश्यारी का जन्म 17 जून 1942 को बागेश्वर जिले के पलानधुरा गांव में हुआ था। भगत सिंह कोश्यारी ने ग्रामीण पृष्ठभूमि से निकलकर शिक्षा और सार्वजनिक जीवन में महत्वपूर्ण पहचान बनाई। उन्होंने आगरा विश्वविद्यालय से संबद्ध अल्मोड़ा कॉलेज से अंग्रेजी साहित्य में स्नातकोत्तर की शिक्षा प्राप्त की और शुरूआती दौर में उत्तर प्रदेश के एटा जनपद में व्याख्याता के रूप में कार्य किया। बाद में उन्होंने स्वयं को शिक्षा और समाज सेवा के लिए समर्पित कर दिया। वर्ष 1966 में उन्होंने सीमांत जनपद पिथौरागढ़ में 'सरस्वती शिशु मंदिर' की स्थापना की, जिससे दूरस्थ क्षेत्रों में शिक्षा के अवसरों को मजबूती मिली। इसके साथ ही विवेकानंद इंटर कॉलेज की स्थापना में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## मुख्य चुनाव आयुक्त ने यमुनोत्री पहुंच कर किये यमुना मां के दर्शन

# देश की खुशहाली की कामना की

एजेंसी

**उत्तरकाशी :** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने अपने उत्तरकाशी भ्रमण के दूसरे दिन रविवार को गंगोत्री धाम पहुंचकर मां यमुना के दर्शन किए और विशेष पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर उन्होंने देशवासियों की सुख-समृद्धि, शांति, उन्नति और खुशहाली की कामना की। मुख्य चुनाव आयुक्त प्रातःकाल खरसाली हेलीपैड पहुंचे, जहां प्रशासनिक अधिकारियों और स्थानीय लोगों ने उनका स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना कर राष्ट्र की लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती और नागरिकों के कल्याण के लिए प्रार्थना की। पूजा-अर्चना के उपरांत



उन्होंने धाम परिसर का निरीक्षण किया और चारधाम यात्रा के तहत श्रद्धालुओं को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने यात्रा को सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित बनाए रखने के लिए प्रशासन की ओर से किए जा रहे प्रयासों की सराहना भी की। इस दौरान मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तराखंड डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम, अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. विजय कुमार जोगदंडे, जिलाधिकारी प्रशांत आर्य, पुलिस अधीक्षक कमलेश उपाध्याय सहित अन्य अधिकारी, तीर्थ पुरोहित और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

### 32.15 करोड़ की मत्स्य परियोजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास आज

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय मत्स्य पालन एवं पशुपालन मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह 25 मई को मिजोरम में 32.15 करोड़ रुपये की महत्वपूर्ण मत्स्य पालन परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे। इन परियोजनाओं का उद्देश्य पूर्वोत्तर क्षेत्र में आधुनिक, टिकाऊ और आत्मनिर्भर मत्स्य पालन व्यवस्था को बढ़ावा देना है। मत्स्य पालन, पशुपालन एवं दुग्ध उत्पादन मंत्रालय के अनुसार आइजोल में 'क्षेत्रीय समीक्षा बैठक : पूर्वोत्तर क्षेत्र-2026' कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के दौरान मंत्री राजीव रंजन सिंह मंत्री 'प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना' (पीएमएमएसवाई) और मत्स्य एवं जलीय कृषि अवसंरचना विकास कोष (एफआईडीएफ) के तहत विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

# कार्तिक ने 15 साल में बनायी अलग पहचान

**मुम्बई :** ग्वालियर जैसे छोटे शहर से निकलकर हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में अपनी मजबूत पहचान बनाने वाले अभिनेता कार्तिक आर्यन आज बॉलीवुड के सबसे भरोसेमंद और बैंकेबल सितारों में गिने जाते हैं। पिछले 15 वर्षों में उन्होंने संघर्ष, मेहनत और लगातार हिट फिल्मों के दम पर खुद को इंडस्ट्री के शीर्ष कलाकारों में शामिल किया है। साल 2011 में रिलीज हुई फिल्म 'प्यार का पंचनामा' से कार्तिक ने अपने अभिनय करियर की शुरूआत की थी। फिल्म में उनके लंबे मोनोलॉग और सहज अभिनय ने युवाओं के बीच उन्हें बेहद लोकप्रिय बना दिया। इसी फिल्म के बाद उन्हें 'मोनोलॉग गाइ' के नाम से पहचान मिलने लगी। कार्तिक के करियर में बड़ा मोड़ साल 2018 में आया, जब उनकी फिल्म 'सोनू के टीटू की स्वीटी' बॉक्स ऑफिस पर बड़ी



सफलता साबित हुई। इस फिल्म ने उन्हें एक सफल लीडिंग स्टार के रूप में स्थापित कर दिया। इसके बाद 'लुका छुपी', 'पति पत्नी और वो' और 'लव आज कल' जैसी फिल्मों ने उनकी लोकप्रियता को और मजबूत किया। कोरोना महामारी के बाद जब हिंदी फिल्म इंडस्ट्री मुश्किल दौर से गुजर रही थी, तब कार्तिक आर्यन ने 'भूल भुलैया 2' के जरिए सिनेमाघरों में दर्शकों की वापसी करवाई। फिल्म में उनके 'रूह बाबा' किरदार ने जबरदस्त लोकप्रियता हासिल की और फिल्म सुपरहिट साबित हुई। इसके बाद 'फ्रेडी' और 'सत्यप्रेम की कथा' जैसी फिल्मों में उन्होंने अपने अभिनय का अलग और गंभीर पक्ष भी दिखाया। साल 2024 में आई 'चंदू चैंपियन' उनके करियर की सबसे अहम फिल्मों में मानी जा रही है।

# ईश्वर को पाने का एकमात्र लक्ष्य रखिये : स्वामी गोकुलानन्द



कृष्ण बिहारी मिश्र

**आत्मा** के क्रमिक विकास के नये आयाम को समझाते हुए स्वामी गोकुलानन्द गिरि ने आज रांची के योगदा सत्संग आश्रम में आयोजित रविवारीय सत्संग में योगदा भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि आत्मा सर्वप्रथम जड़मय, उसके बाद प्राणमय, फिर मनमय, तत्पश्चात ज्ञानमय कोष से होते हुए आनन्दमय कोष में स्वयं को विलीन कर देती है। यहीं उसका उद्देश्य भी है और यहीं इसका गंतव्य है। क्योंकि मानव शरीर के उद्देश्य का लक्ष्य सिर्फ और सिर्फ ईश्वर को प्राप्त करना है।

उन्होंने कहा कि जब हम ईश्वर को छोड़कर, अन्य चीजों को प्राप्त करने के लिए दिमाग लगाना शुरू कर देते हैं तो फिर दुख ही हाथ लगता है। लेकिन जैसे ही हम ईश्वर की प्राप्ति के लिए स्वयं को झोंकते हैं तो फिर आनन्द के सिवा दुसरा कुछ प्राप्त ही नहीं होता। परंतु यह भी तभी होगा जब हम गुरुजी के बताये टीचिंग लेशन को आत्मसात करना सीखें।

उन्होंने बताया कि इस ब्रह्मांड में केवल मनुष्य ही हैं, जो जी चाहे वो कर सकता है। उसके पास फ्री च्वाइस है। हमें कोई भी कुछ करने से नहीं रोक सकता। पर इस कर सकने की कला को हम कैसे उपयोग में लाते हैं, इसी पर हमारे आत्मा का क्रमिक विकास निर्भर करता है। अगर हम आध्यात्मिक प्रविधियों को अपनाते हुए अनुशासित जीवन जीये, तो रोगमुक्त जीवन जीते हुए हमें ईश्वर को पाने के लिए वन मिलियन ईयर लगेंगे।

उन्होंने कहा कि ईश्वर प्राप्त भी तभी होंगे। जब हमारे अंदर उन्हें पाने की इच्छा जगेगी और यह तभी होता है, जब हम मानव शरीर से उपर उठने की सोच पाते हैं। उन्होंने कहा कि माया अर्थात अपरा और ईश्वर यानी परा इन दोनों के बीच मनुष्य बंधा है। आत्मा को चाहिए कि वो खुद को माया से मुक्त करें। लेकिन माया से पार पाना इतना आसान भी नहीं।

स्वामी गोकुलानन्द ने कहा कि



हमारे जीवन में ईश्वर कई बार मार्ग दिखाते हैं। जिसे महसूस वहीं कर सकता है, जिस पर ईश्वरीय कृपा हो। नहीं तो हमारी हालत उस कटोरे की तरह होगी, जिसे हम उलटकर उसमें पानी रखने की इच्छा रखते हैं। जबकि कटोरे में पानी तभी आयेगी जब हम कटोरे को सीधी तरह रखें।

उन्होंने कहा कि ज्यादातर लोगों को दूसरी की गलतियां दिख जाती है। लेकिन उन्हें वहीं सारी गलतियां जो उनमें विद्यमान हैं। वो नहीं दिख पाती। अगर वो बुराइयां दूसरी की जगह उन्हें ही दिखने लग जाये तो फिर वे उन बुराइयों को दूर करने की कोशिश करेंगे। जिससे उनके आत्मा का क्रमिक विकास होना शुरू हो जायेगा।

उन्होंने कहा कि हमारे ऋषि-महर्षियों ने इसी कारण से हमारे जीवन को चार आश्रमों में बांटा था। जिसके कारण जीवन की गाड़ी बहुत ही सुंदर ढंग से चलती थी। लेकिन जैसे ही हमने अपने ऋषि परम्पराओं को छोड़ा, हमारी क्या गति हैं, वो किसी से छुपी नहीं। पहले चार आश्रम थे झ ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ व संन्यास। ये चारों आश्रम हमारी आत्माओं को पुष्ट करते थे। दृढ़ इच्छा शक्ति का भाव भरते थे और उनसे हम अपने आगे की जीवन को, अपनी आत्माओं का विकास कर बैठते थे। ये सारे आश्रम हमें आध्यात्मिकता की ओर ले जाने को प्रेरित करती है।

उन्होंने कहा कि इन्हीं सभी कारणों से जगद्गुरु शंकराचार्य बार-बार कहा करते थे - पुनरपि जननं पुनरपि मरणं, पुनरपि जननी जठरे शयनम्। इह संसारे बहुदुस्तारे, कृपयापारे पाहि मुरारे। भज गोविन्दम्, भज गोविन्दम्, गोविन्दम् भज मूढ़ मते।। अर्थात बार-बार जन्म लेना, बार-बार मरना और पुनः माता के गर्भ में शयन करना झ यह संसार चक्र बड़ा ही दुष्कर है। हे श्रीकृष्ण हमें इस संसार सागर से रक्षा करें।

स्वामी गोकुलानन्द ने कहा कि शंकराचार्य बार-बार कहा करते थे कि जब तक मनुष्य माया में पड़ा है। माया में बंधा है। वह कर्मों के बंधन में बंधा रहता है। इसी के कारण वो जन्म और मृत्यु के चक्कर में पड़ा रहता है। इस संसार सागर में आता-जाता रहता है। वो कितनी बार आयेगा-जायेगा। उसे खुद पता नहीं। लाखों वर्ष लग सकते हैं। इससे बचने का एकमात्र उपाय है आत्मज्ञान को प्राप्त करना, उस ईश्वर की भक्ति में लग जाना।

स्वामी गोकुलानन्द ने कहा कि परमहंस योगानन्द की बताई आध्यात्मिक प्रविधियां और क्रिया योग आपको बड़ी ही सरलता से ईश्वर से एकाकार करने की ओर आपको ले जाती है। उन्होंने कहा कि जैसे ही सामान्य मनुष्य को यह ज्ञान हो जाता है कि उसकी आत्मा ही परब्रह्म है तो वह जन्म और मृत्य से स्वयं को सदा के लिए मुक्त करते हुए मोक्ष को प्राप्त कर लेता है।

**(लेखक बिहार-झारखण्ड के वरिष्ठ पत्रकार एवं विद्रोही24 के सम्पादक हैं।)**